3 राजधानी
आज और कल कर्फ्यू

6 अभिमत
चिकित्सा शिक्षा में सामाजिक न्याय

10 स्पोर्ट्स
टी-20 में आईसीसी ने कड़े नियम किए

11 विदेश
फ्रांस ने यूरोपीय संघ की अध्यक्षता संभाली

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 63
नई दिल्ली, शनिवार, 8 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मुझे लगता है कि मैं अब अभिनय को समय दे सकती हूं
विविध-12

# जोर पकड़ रही तीसरी लहर, बढ़ी सख्ती

- सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को भारत आने पर सात दिन क्वॉरंटीन में रहना होगा : केंद्र
- एक दिन में आए 1,17,100 मामले, 302 लोगों की गई जान



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में तीसरी लहर तेजी से फैल रही है। शुक्रवार को कोरोना के 1,17,100 मामले आए हैं। एक दिन पहले की तुलना में ये 28 प्रतिशत अधिक हैं। तीसरी लहर से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने जहां देशभर में टीकाकरण अभियान तेज कर दिया है, वहीं पाबंदियां और अन्य एहतियाती उपाय भी कड़े कर दिए हैं। अब विदेश से आने वाले सभी यात्रियों को सात दिन क्वॉरंटीन में रहना अनिवार्य कर दिया गया है।

महाराष्ट्र और दिल्ली में तेजी से कोरोना लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। शुक्रवार को महाराष्ट्र में जहां 40,925 केस आए, वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 17,000 मरीज मिले। दोनों ही जगह मरीजों में तगड़ा उछाल है। देशभर में बीते 24 घंटों में 302 लोगों की जान भी चली गई। इस तरह अब तक देश में इस महामारी ने 4,83,178 लोगों की जान ले ली है। पिछली बार भारत ने दैनिक मामलों में एक लाख का आंकड़ा 6 जून, 2021 को पार किया था। इस बीच, भारत में सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के आगमन पर सात दिनों के लिए घर पर पृथकवास में रहना और आठवें दिन आरटी-पीसीआर जांच कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

कोरोना वायरस के ओमीक्रोन वैरिएंट के तेजी से फैलने के मद्देनजर संशोधित दिशानिर्देश जारी किए गए हैं, जो 11 जनवरी से प्रभावी होंगे। मौजूदा नियमों के मुताबिक, जिन्हें संशोधित दिशानिर्देशों में बरकरार रखा गया है, जोखिम वाले देशों के रूप में सूचीबद्ध किये गये देशों से आने वाले यात्रियों को आगमन के बाद कोविड जांच के लिए अपने नमूने देने होंगे और उन्हें हवाईअड्डे से बाहर निकलने या गंतव्य के लिए अगली (कनेक्टिंग)उड़ान में सवार होने के लिए जांच के नतीजों का इंतजार करना होगा। जांच में जिन लोगों में संक्रमण की पुष्टि होगी, उन्हें एक पृथकवास केंद्र में भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट नेगेटिव आने पर, उन्हें सात दिनों तक घर पर पृथकवास में रहना होगा और इसके बाद आठवें दिन अपनी ( शेष पेज 9 )

## इटली से अमृतसर पहुंचे और 173 यात्री संक्रमित पाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/अमृतसर

**रोम-अमृतसर** चार्टर उड़ान के कम से कम 173 यात्री शुक्रवार को कोविड संक्रमित पाए गए हैं। यह लगातार दूसरा दिन है कि इटली से अमृतसर आ रहे बड़ी संख्या में यात्री पहुंचने के बाद जांच में कोरोना वायरस से संक्रमित मिले हैं। बृहस्पतिवार को अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद 125 यात्री संक्रमित ( शेष पेज 9 )

## वीकएंड कर्फ्यू में ऑड-ईवन नियम से खुल सकेंगी दुकानें

- राजधानी में 24 घंटे में 17,000 केस, बीते छह दिन में हुईं 29 मौतें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में वीकएंड कर्फ्यू की पूर्व संध्या पर दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने शुक्रवार को बाजारों, कॉम्प्लेक्स और मॉल में गैर-जरूरी सामान की दुकानों को सुबह 10 बजे से रात 8 बजे के बीच ऑड-ईवन के आधार पर खुले रहने की अनुमति दे दी है। राजधानी में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 17,335 नए मामले सामने आए, जो आठ मई के बाद एक दिन में सबसे अधिक हैं।

इसके अलावा नौ रोगियों की मौत हुई। अब संक्रमण दर बढ़कर 17.73 प्रतिशत तक पहुंच गई। शुक्रवार से पहले एक दिन में संक्रमण के सबसे अधिक मामले आठ मई को सामने आए थे, जब 17,364 लोग संक्रमित मिले थे और संक्रमण दर 23.34 प्रतिशत रही थी। उस दिन 332 रोगियों की मौत हुई थी। बिगड़ते हालात के मद्देनजर सरकार ने राजधानी में दो दिन शनिवार और रविवार को दो दिनी कर्फ्यू लागू किया है। हालांकि डीडीएमए के आदेश में कहा गया है कि प्रति दिन क्षेत्र में केवल एक अधिकृत साप्ताहिक बाजार (सामान्य समय पर अनुमत विक्रेताओं की 50 प्रतिशत सीमा तक) की अनुमति होगी।

ऑड-ईवन का उल्लंघन न हो, इसके लिए भी सभी दुकानों को संख्याबद्ध करने के निर्देश भी दिए गए हैं। पिछले कुछ दिनों से केस लगातार बढ़ रहे हैं। बृहस्पिवार को संक्रमण के 15,709, बुधवार को 10,665 और मंगलवार को 5,481 मामले सामने आए थे। नए साल की शुरुआत से सात दिन में 29 लोगों की जान जा चुकी है। दिल्ली में कोविड-19 के कारण अब तक 25,136 लोगों की मौत हो चुकी है।

# अर्थव्यवस्था में तेज गति से बढ़ने वाला देश फिर बना भारत

- आर्थिक वृद्धि दर 2021-22 में 9.2 प्रतिशत रहेगी

**भाषा।** नई दिल्ली



**देश** की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2021-22 में 9.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। कोरोनावायरस संकट के बीच जारी इस आधिकारिक अनुमान के साथ भारत ने दुनिया की तीव्र आर्थिक वृद्धि वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था का दर्जा फिर हासिल कर लिया है। इससे यह संकेत मिलता है कि अर्थव्यवस्था तमाम चुनौतियों के बावजूद पटरी पर है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के शुक्रवार को जारी राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत रहेगी।

हालांकि यह अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक के 9.5 प्रतिशत वृद्धि की संभावना से थोड़ा कम है। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में जीडीपी में 7.3 प्रतिशत की गिरावट रही थी। हालांकि चालू वित्त वर्ष में अभी एक तिमाही बची है और हाल में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के साथ कोविड-19 मामले बढ़े हैं। इसकी रोकथाम के लिए विभिन्न राज्यों ने पाबंदियां लगाई है। इससे अर्थव्यवस्था के खासकर मानवीय संपर्क से जुड़े क्षेत्रों के लिए जोखिम बढ़ गया है।मुख्य रूप से कृषि, खनन और विनिर्माण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से वित्त वर्ष 2021.22 में 9.2 प्रतिशत वृद्धि के साथ अर्थव्यवस्था वास्तविक आंकड़े के आधार पर कोविड-पूर्व स्तर के पार हो जाएगी।

एनएसओ ने एक बयान में कहा, स्थिर मूल्य पर वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) 2021-22 में 147.54 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। जबकि 2020-21 के लिए गत 31 मई को जारी अस्थाई अनुमान में यह 135.13 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह 2021-22 में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि 9.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जबकि एक साल पहले 2020-21 में इसमें 7.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। जीडीपी वृद्धि दर का यह अनुमान अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष और एस एंड पी के 9.5 प्रतिशत के अनुमान से कम है। मूडीज इन्वेस्टर सर्विस ने हाल में वृद्धि दर 9.3 प्रतिशत जबकि फिच रेटिंग्स ने 8.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

विश्व बैंक ने सबसे कम 8.3 प्रतिशत रहने जबकि आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) ने वृद्धि दर 9.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान चीन के लिए जताए गए 8 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। एनएसओ का अनुमान है कि 2021-22 में निरपेक्ष रूप से जीडीपी कोविड-पूर्व स्तर 2019-20 के 145.69 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर जाएगी। बयान के अनुसार आधार मूल्य पर वास्तविक सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए) 2021-22 में ( शेष पेज 9 )

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक

# पंजाब सरकार ने केंद्र को सौंपी रिपोर्ट

- गृह मंत्रालय की जांच समिति ने फिरोजपुर में अधिकारियों से ली जानकारी फ्लाईओवर का दौरा
- बठिंडा के एसएसपी व पांच अन्य अफसरों को कारण बताओ नोटिस, 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़/फिरोजपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे के दौरान सुरक्षा में चूक की जांच कर रही गृह मंत्रालय की टीम ने शुक्रवार को फिरोजपुर का दौरा किया और वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। यह टीम उस फ्लाईओवर पर भी पहुंची जहां पीएम मोदी 20 मिनट तक फंसे रहे थे। दूसरी ओर, राज्य सरकार ने केंद्र को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें कहा गया कि घटना के सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस सिलसिले में बठिंडा के एसएसपी और पांच अन्य अफसरों को नोटिस भी जारी किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति ने प्रधानमंत्री के पांच जनवरी के दौरे के दौरान हुए घटनाक्रम की पूरी जानकारी मांगी है। पंजाब सरकार ने कहा है कि मोदी की यात्रा के दौरान सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई। हालांकि राज्य सरकार ने भी मामले की जांच के लिए अलग से दो सदस्यीय टीम बनाई है। समिति से रिपोर्ट तीन दिनों में देने को कहा गया है। बीते बुधवार को मोदी के काफिले को बाधित करने वाले करीब 150 अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पंजाब पुलिस ने फिरोजपुर में शुक्रवार को प्राथमिकी भी दर्ज की है। तीन सदस्यीय केंद्रीय दल ने कोहरे के बीच शुक्रवार सुबह फिरोजपुर के पास प्याराना फ्लाईओवर का दौरा किया और पंजाब पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। समिति का नेतृत्व सचिव (सुरक्षा), कैबिनेट सचिवालय सुधीर कुमार सक्सेना कर रहे हैं और इसके दो अन्य सदस्यों में गुप्तचर ब्यूरो ( शेष पेज 9 )

## रिकॉर्ड सुरक्षित रखें, जांच स्थगितः सुप्रीम कोर्ट



**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को पंजाब सरकार, उसकी पुलिस तथा केन्द्रीय एजेंसियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया पंजाब दौरे से जुड़े सुरक्षा इंतजामों से संबंधित रिकॉर्ड तत्काल हासिल करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने पंजाब और केन्द्र सरकार की ओर से पेश अधिवक्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे पर हुई चूक की जांच के लिए गठित समितियों से कहें कि वे सोमवार तक कोई कार्रवाई ना करे।

इस मामले में सोमवार को आगे सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत लॉयर्स वॉइस की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक की गहन जांच और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति ना हो, यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। पीठ ने पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका का संज्ञान लिया। याचिका में कहा गया है कि पंजाब ( शेष पेज 9 )

# उप्र में चुनाव के लिए भेजी गईं सीपीएमएफ की 150 कंपनियां

- चुनाव आयोग ने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए दिए अतिरिक्त केंद्रीय अर्धसैनिक बल

**प्रीतम श्रीवास्तव।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने व कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को स्थानीय पुलिस की सहायता के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बल (सीपीएमएफ) की 150 कंपनियां प्रदान की हैं। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने कहा कि उपरोक्त बल को केंद्र सरकार द्वारा पहले चरण में स्वीकृत किया गया, ताकि राज्य में कानून व्यवस्था के प्रबंधन के लिए तत्काल पर्याप्त तैनाती की जा सके।

उन्होंने दावा किया कि सीपीएमएफ की उपरोक्त 150 कंपनियों में से 50 कंपनियां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की, 30 कंपनियां सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की, 20 कंपनियां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की हैं। उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय बल स्थानीय पुलिस की हर तरह की कानून व्यवस्था में सहायता करने के अलावा फ्लैग मार्च आदि निकालने में मदद करेंगे। कुमार ने कहा कि सीपीएमएफ की अधिकतम चार कंपनियां प्रयागराज को प्रदान की जाएंगी जबकि सीपीएमएफ की तीन कंपनियां आगरा, अलीगढ़, प्रतापगढ़, बरेली, मुरादाबाद, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, मेरठ, सहारनपुर, गाजीपुर, जौनपुर, आजमगढ़, बलिया को क्रमशः लखनऊ, वाराणसी और कानपुर के साथ प्रदान की जाएंगी। इसी तरह सीपीएमएफ की दो कंपनियां गौतमबुद्धनगर, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, एटा, फतेहपुर, बदायूं, सहजनपुर, बिजनौर, रामपुर, देवरिया, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बहराइच, गोंडा, इटावा, कन्नौज, झांसी को प्रदान की जाएंगी। हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, अयोध्या, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अंबेडकरनगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत, मुजफ्फरनगर, चंदौली, मऊ, मिर्जापुर और सोनभद्र। शेष जिलों को एक-एक कंपनी प्रदान किया जाएगा।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार गृह विभाग ने शुक्रवार को कर्मचारियों को पदोन्नति की सुविधा जारी रखते हुए प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) के कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा पीएसी में कार्यरत 1588 कर्मियों को पदोन्नति दी गई है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश पीएसी ( शेष पेज 9 )

## हेयर ड्रेसर जावेद हबीब के खिलाफ मामला दर्ज एनसीडब्ल्यू का नोटिस

**भाषा।** मुजफ्फरनगर, नई दिल्ली

**जानेमाने** हेयर ड्रेसर जावेद हबीब एक महिला के बाल बनाते हुए उसके सिर के बालों पर कथित तौर पर थूकने को लेकर शुक्रवार को विवादों में घिर गए और उन्होंने अपने कृत्य के लिए माफी भी मांगी। वहीं उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर पुलिस ने उनके खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की और राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने एक सम्मन जारी किया। पुलिस ने कहा कि प्राथमिकी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में मंसुरपुर पुलिस थाने में एक प्राथमिकी बड़ौत नगर निवासी पूजा गुप्ता की एक शिकायत पर दर्ज की गई जिसके सिर पर हबीब ने कथित तौर पर थूका था। पुलिस ने कहा कि हबीब के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 355 और महामारी रोग कानून, 1897 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जयपुर की पूर्व मेयर और कांग्रेस नेता ज्योति खंडेलवाल ने भी हबीब पर महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए उनके ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,744 | ↑ 142 | |
| निफ्टी | 17,812 | ↑ 66 | |
| सोना | 46,415 | ↓ 301 | /10g |
| चांदी | 59,044 | ↓ 402 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के बडगाम में मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में सुरक्षा बलो और आतंकवादियों के बीच रात भर चली मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि बडगाम जिले के जोल्वा गांव में बृहस्पतिवार देर रात मुठभेड़ शुरू हुई थी। मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा, मारे गए सभी आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद से संबद्ध थे। तीन एके56 राइफल और अन्य सामान मुठभेड़ स्थल से बरामद हुए है। उन्होंने बताया कि एक आतंकवादी की पहचान वसीम के तौर पर हुई है, जो श्रीनगर का निवासी था,वहीं अन्य दो के बारे में पता लगाया जा रहा है। सुरक्षा बलों ने इस साल के पहले सप्ताह में ही 16 आतंकवादियों को मार गिराया है।

# न्यायालय ने नीट-पीजी 2021 के लिए काउंसिलिंग की अनुमति दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने 2021 की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) की रुकी हुई काउंसलिंग प्रक्रिया को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को 27 प्रतिशत तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए दस प्रतिशत आरक्षण की मौजूदा सीमा के आधार पर फिर से शुरू करने का रास्ता शुक्रवार को साफ कर दिया। इस आदेश से उन अनेक डॉक्टरों को राहत मिलेगी जो स्नातकोत्तर (पीजी) चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इंतजार कर रहे हैं।

न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने अंतरिम आदेश सुनाते हुए कहा, काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू करने की तत्काल आवश्यकता है। पीठ ने लगातार दो दिन तक आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के निर्धारण के लिए आठ लाख रुपए सालाना आय मानदंड की स्वीकार्यता के विषय पर सुनवाई की थी। पीठ ने कहा कि फैसले की विस्तृत व्याख्या जल्द ही बाद में की जाएगी। पीठ ने कहा, नीट-पीजी 2021 और नीट-यूजी 2021 के आधार पर काउंसलिंग 29 जुलाई 2021 को जारी नोटिस में दर्ज आरक्षण को प्रभावी बनाते हुए की जाएगी।

जिसमें अखिल भारतीय कोटा सीटों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को 27 प्रतिशत तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए दस प्रतिशत आरक्षण शामिल है। शीर्ष अदालत ने कुछ डॉक्टरों की याचिकाओं पर यह अंतरिम आदेश दिया। डॉक्टरों ने केंद्र और मेडिकल काउंसलिंग कमेटी के 29 जुलाई, 2021 के नोटिस को चुनौती दी थी।

# पानी बचाने में उत्तर प्रदेश अव्वल, राजस्थान नंबर दो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**जल** संरक्षण के क्षेत्र में प्रयासों के लिये तीसरे राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2020 में उत्तर प्रदेश को पहला स्थान मिला है, जबकि राजस्थान ने दूसरा स्थान हासिल किया है। जल शक्ति मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को तीसरे राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2020 की घोषणा कीए जिसमें सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में उत्तर प्रदेश को प्रथम पुरस्कार मिला। इसमें कहा गया है कि राजस्थान को द्वितीय और तमिलनाडु को तृतीय पुरस्कार मिला है। इस अवसर पर शेखावत ने कहा कि जल जीवन का मूल है। भारत में पानी की वर्तमान जरूरत प्रति वर्ष लगभग 1,100 बिलियन क्यूबिक मीटर अनुमानित है, जिसके वर्ष 2050 तक 1,447 बिलियन क्यूबिक मीटर तक बढ़ जाने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि एक संसाधन के रूप में पानी भारत के लिए महत्वपूर्ण है, जो दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि भारत में दुनिया की पूरी आबादी का 18 प्रतिशत से अधिक लोग रहते हैं, लेकिन इसके पास दुनिया के नवीकरणीय जल संसाधनों का केवल 4 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि सतही जल और भूजल जल चक्र का अभिन्न अंग हैं, देश में जल संसाधन प्रबंधन के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाने के लिए हितधारकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पुरस्कार स्थापित किया गया।

# 2016 उप्र पुलिस भर्तीः सुप्रीम कोर्ट ने बोर्ड का फैसला बरकरार रखा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने उम्मीदवारों के चयन पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती प्रोन्नति बोर्ड के फैसले को शुक्रवार को बरकरार रखते हुए कहा कि भर्ती नियम कानून की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। न्यायमूर्ति यू यू ललित और न्यायमूर्ति विनीत सरण की पीठ ने कहा कि प्रक्रिया के किसी भी मोड़ पर दुर्भावना या प्रामाणिकता के अभाव का कोई आरोप नहीं दिखता है। पीठ ने कहा, निष्कर्ष के तौर पर, प्रारंभिक चरण में सामान्ईकरण की प्रक्रिया को अपनाने के लिए बोर्ड द्वारा किया गया अभ्यास, यानी भर्ती नियमों के नियम 15 (बी) के स्तर पर कानून की आवश्यकताओं के अनुरूप था। उसने कहा, बोर्ड द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्ति उसके अधिकार क्षेत्र में थी और जैसा कि उच्च न्यायालय ने कहा था, प्रक्रिया के किसी भी मोड़ पर दुर्भावना या प्रामाणिकता की अनुपस्थिति का कोई आरोप नहीं था। शीर्ष अदालत ने कहा कि लोक सेवा आयोगों सहित विशेषज्ञ निकायों द्वारा लिए गए फैसलों में तब तक हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि सत्ता के मनमाने और दुर्भावना से प्रयोग की घटनाएं सामने नहीं आती हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस उपनिरीक्षक के 2,400 पदों, प्लाटून कमांडर (पीएसी2) के 210 पदों और अग्निशमन अधिकारी (ग्रेड- 2) के 97 पदों को भरने के लिए उप्र सरकार द्वारा एक अधिसूचना प्रकाशित की गई थी। महिला उम्मीदवारों के लिए उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) के 600 पदों के संबंध में इसी तरह की अधिसूचना उसी तिथि को प्रकाशित की गई थी।

# ग्रेटर नोएडा ईस्ट-वेस्ट के बीच दौड़ीं बसें

## एमएलसी श्रीचंद शर्मा व जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह मौजूदगी में हरी झंडी दिखाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा ईस्ट और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों को नए साल की बड़ी सौगात मिल गई।

ग्रेनो प्राधिकरण और रोडवेज के संयुक्त प्रयास से गांवों और सेक्टरों को जोड़ते हुए स्थानीय 10 बस सेवा शुरू कर दी गई है। एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह और दादरी विधायक तेजपाल नागर ने प्राधिकरण के एसीईओ अमनदीप डुली की मौजूदगी में इन बसों को हरी झंडी दिखाई।

ग्रेटर नोएडा के गांवों सेक्टरों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों को जोड़ते हुए 5 रूटों पर बसें चलाई गई हैं। अब ग्रेटर नोएडा ईस्ट और वेस्ट के निवासियों को शहर में किसी भी जगह आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। ग्रेटर नोएडा ईस्ट और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक जगह से दूसरी



जगह जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन की कमी थी। मेट्रो की सुविधा एक निश्चित रूट पर ही है।

ग्रेटर नोएडा के निवासी प्राधिकरण से स्थानीय बस सेवा शुरू करने की मांग कर रहे थे।

प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने रोडवेज के एमडी के साथ बीते माह बैठक कर ग्रेटर नोएडा ईस्ट और वेस्ट में बसें चलाने को कहा था। बसों के संचालन में खर्च की भरपाई करने को भी प्राधिकरण तैयार हो गया। बसों के संचालन खर्च और टिकट से होने वाली आमदनी के बीच करीब 30 लाख रुपये प्रति माह का अंतर आ रहा था, जिसकी भरपाई करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तैयार हो गया। बृहस्पतिवार को कासना डिपो से पांचों रूटों पर बसें शुरू कर दी गई। इनमें वातानुकूलित और सामान्य दोनों तरह की बसें शामिल हैं। एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के इस कदम की सराहना की। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि बीते पांच वर्षों में प्रदेश भर में कनेक्टीविटी और सार्वजनिक परिवहन की सुविधा देने में तेजी से काम हुए हैं।

जनप्रतिनिधियों ने लोकल बस सेवा शुरू कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सराहना की। वहीं, सीईओ नरेंद्र भूषण ने बहुत कम समय में स्थानीय बस सेवा शुरू कराने के लिए प्राधिकरण और रोजवेज अधिकारियों की सराहा है।

अगर जरूरत पड़ी तो ग्रेटर नोएडा के और भी रूटों पर बसें चलाई जाएंगी। रोडवेज की ये बसें डिपो में खड़ी हुईं थीं। इनके चलने से रोडवेज को भी राजस्व मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा डीजीएम केआर वर्मा और सलिल यादव वरिष्ठ प्रबंधक कपिलदेव सिंह मनोज धारीवाल राजीव कुमार प्रबंधक वैभव नागर और जितेंद्र यादव के अलावा रोडवेज के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### इन पांच रूट पर दौड़ेगी रोडवेज बसें

पहला रूटः ननवा का रायपुर से कासना बस डिपो तक वाया सिरसा ग्रेनो प्राधिकरण का दफ्तर तिलपता चौक सूरजपुर एलजी चौक और परी चौक।

दूसरा रूटः ननवा का राजपुर से किसान चौक वाया सिरसा ग्रेनो का दफ्तर तिलपता चौक किसान चौक सूरजपुर एलजी चौक और परी चौक।

तीसरा रूटः कासना बस डिपो से एलजी चौक पी थ्री रोटरी और नॉलेज पार्क 2। इस रूट पर 7 गांव 22 आवासीय सेक्टर चार संस्थागत सेक्टर पड़ेंगे।

चौथा रूटः घरबरा से कासना बस डिपो वाया गौतमबुद्ध विवि कासना और एलजी चौक। नौ गांव, 31 आवासीय सेक्टर, 5 संस्थागत सेक्टर पड़ेंगे।

पांचवां रूटः डीएससी रोड पर नोएडा एंट्री प्वाइंट से कासना बस डिपो तक वाया एलजी चौक ग्रेनो दफ्तर और डीएमआईसी की इंटीग्रेटेड टाउनशिप।

### निठारी कांडः एक मामले में साक्ष्यों के अभाव में सुरेंद्र कोली बरी

गाजियाबाद। विश्व स्तर पर बहुचर्चित नोएडा के निठारी कांड में एक छह वर्षीय के अपहरण और हत्या के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने सुरेंद्र कोली को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।

इससे पहले 12 मामलों में सीबीआई कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा सुना जा चुकी है। यह मामला सीबीआई के विशेष न्यायाधीश राकेश वशिष्ठ की अदालत में विचाराधीन था। सुरेंद्र कोली को राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। चूंकि श्रृंखलाबद्ध हत्याकाण्ड में कोली के खिलाफ सीबीआई ने कुल 17 मामले दर्ज किए गए थे। पिछले साल जनवरी में कोली के सहयोगी मोनिंदर सिंह पंढेर को एक मामले में बरी कर दिया था। सुरेंद्र कोली को 12 मामलों में फांसी की सजा सुनाई जा चुकी है। जबकि पंढेर को तीन मामलों में बरी किया जा चुका है। एक छह वर्षीय बच्चे की अपहरण के बाद हत्या करने के मामले में सीबीआई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया।

## संक्षिप्त समाचार



इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का उद्घाटन करतीं मेयर आशा शर्मा।

### कम्पनी बाग में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का उद्घाटन

गाजियाबाद। महानगर की जनता को नगर निगम ने शुक्रवार को एक और तोहफा दे दिया। शहर के बीचोबीच कंपनी बाग में मेयर आशा शर्मा व नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का उद्घाटन कर दिया। इस दौरान उन्होंने कंपनी बाग निरीक्षण का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी व्यवस्था, पार्क सौंदर्यकरण, ओपन जिम तथा प्लेग्राउंड का जायजा लिया गया। उद्घाटन के बाद मेयर ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों की व्यवस्था हेतु लाइब्रेरी का जायजा, पार्क के सौंदर्यीकरण, कंपनी बाग में स्थित ओपन जिम तथा प्ले ग्राउंड का भी निरीक्षण किया गयाह मेयर व नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने लाइब्रेरी में विद्यार्थियों से बात की। विद्यार्थियों ने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद किया। साथ ही अपनी कुछ मांग भी रखी। जिसका तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। तथा संपूर्ण लाइब्रेरी परिसर को वाईफाई फ्री जोन करने के लिए कहा गया ताकि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पूर्ण रूप से कर सकें। नगर आयुक्त ने लाइब्रेरी में किताबों के रखरखाव हेतु उचित व्यवस्था करने के लिए भी आदेश किया गया तथा विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### कंपनी मालिक ने चैंबर में गोली मारकर की खुदकुशी

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर 63 क्षेत्र में गॉडस्पीड एक्सप्रेस कम्पनी के मालिक राज सिंह ने शुक्रवार को अपने चैंबर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सुपर टेक इकोविलेज-1 बिसरख में उनका ऑफिस था। बताया जा रहा है कि देसी पिस्टल से खुद को गोली मारी। वे बदायूं के खिटोरी ग्राम के रहने वाले थे। घटना की जानकारी होते ही कंपनी में हड़कंप मच गया। कंपनी के कर्मचारी प्रवीण शर्मा ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस के साथ आला अधिकारी और फॉरेंसिक टीम भी पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कंपनी मालिक ने किन कारणों से आत्महत्या की इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। डीसीपी सेंट्रल जोन हरीश चंदर ने बताया कि मौके पर थाना सेक्टर 63 पुलिस व फोरेंसिक टीम ने निरीक्षण किया. शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया। मामले की जांच की जा रही है।

### बसपा ने पंजाबी समाज को सम्मान दियाः बंसल

गाजियाबाद। बहुजन समाज पार्टी के संभावित प्रत्याशी सुरेश बंसल ने कहा है कि बसपा ने पंजाबी समाज को हमेशा सम्मान दिया है। आगे भी देगी। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बहन जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी और इस सरकार में भी पंजाबी समाज को न केवल पूरा सम्मान दिया जाएगा, बल्कि सत्ता में भागीदारी भी दिलाई जाएगी। बंसल ने कहा कि बसपा ही ऐसा राजनीतिक दल है जो न केवल पंजाबी सभी समाजो को पूरा सम्मान देती है। जहां तक गाजियाबाद के सवाल है तो यहां पर बसपा ने पंजाबी समाज के गुरविंदर सिंह को विधान सभा का अपने टिकट पर चुनाव लड़वाया।

### भाजपा युवा मोर्चा ने निकाली मशाल यात्रा

नोएडा। भारतीय जनता युवा मोर्चा जनपद गौतम बुद्ध नगर ने पीएम की सुरक्षा पर चूक के मामले में कड़े शब्दों में निंदा करता हुए जिला अध्यक्ष राज नागर के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय से मशाल मार्च निकालकर विरोध दर्ज किया। मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री संगठन राजस्थान सुरेंद्र सिंह नागर, प्रदेश उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी सत्यपाल सिंह सैनी जिला अध्यक्ष विजय भाटी, जेवर विधायक धीरेंद्र ठाकुर, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, यशपाल भाटी, अतुल मथुरापुर, गौरव पटेल, पंकज कसाना, महेंद्र कर्दम आदि सैकड़ों युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अब 2 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से देना होगा चार्ज

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर के किसानों को बड़ी सौगात मिली है। किसानों को अब 2 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से चार्ज देना होगा। यह फैसला विद्युत विभाग ने लिया है।

इस फैसले के बाद अब गौतमबुद्ध नगर के किसानों की जेब पर पडने वाला भार काफी कम हो जाएगा। यह जनपद के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। विद्युत निगम के मुख्य अभियंता बीएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अब गौतमबुद्ध नगर का किसान जितना बिजली खर्च करेगा, उतनी ही यूनिट के पैसे देगा। अभी तक फिक्स चार्ज था, जिस को हटा दिया गया है। मीटर यूनिट से दिल्ली चार्ज होने पर किसानों को काफी बचत होगी।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 18 विकास कार्यों के निकाले टेंडर

● कुल खर्च 40 करोड़ रुपये का आएगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 18 विकास कार्यों को कराने के लिए करीब 40 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किए हैं। इसमें पार्क और सडकों का निर्माण भी शामिल है। सेक्टर के पार्कों ग्रीन बेल्ट और सड़कों की री.सर्फेसिंग से जुड़े कार्य भी इन टेंडरों में शामिल हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा ने बताया कि सेक्टर दो के पॉकेट ए, बी, सी, डीए ई और एफ के पार्कों, ग्रीन बेल्ट और इनसे जुड़े सिविल



कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों पर 4.21 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

उन्होंने बताया कि इसी तरह सेक्टर तीन के डी पॉकेट की सड़कों की री-सर्फेसिंग के काम होने हैं। इन 2.71 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन कार्यों के लिए 20 जनवरी तक आवेदन किए जा सकते हैं। 24 जनवरी को प्री क्वालीफिकेशन बिड खुलेगी। महाप्रबंधक ने बताया कि सेक्टर ज्यू, म्यू, ओमीक्रॉन, पी थ्री, पी फोर, स्वर्णनगरी पाई वन और ओमेगा वन में जिम उपकरणों के लिए प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे। इसके अलावा जुनपतए बादलपुर और घोड़ी बछेड़ा गांव के आबादी भूखंडों का विकास, शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक लगाने, कासना से सिरसा और कासना से घरबरा तक की रोड का मेनटेनेंस समेत कुल 18 विकास कार्य होने हैं जिन पर लगभग 40 करोड़ रुपए खर्च होंगे। एके अरोड़ा ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी कर इन कार्यों को शीघ्र कराने की कोशिश की जाएगी।

### सांसद ने किया परियोजनाओं का लोकार्पण

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर में 6 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आते लेकिन उनका आगमन कार्यक्रम निरस्त होने के बाद स्थानीय सांसद डॉ महेश शर्मा राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर और विधायक पंकज सिंह ने नोएडा में 276 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। नोएडा के सेक्टर.91 स्थित पंचशील बालक इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में 233 करोड़ की 29 योजनाओं का लोकार्पण किया गया और 43 करोड़ की सात परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया हैं। पिछले 4 वर्षों के दौरान नोएडा अथॉरिटी ने जितना विकास किया है, इतना विकास उत्तर प्रदेश के किसी भी दूसरे प्राधिकरण ने नहीं किया।

### हनीमून मनाकर लौट रहे जोड़े को अट्टा मार्किट में लंच करना पड़ा भारी

नोएडा। मनाली से हनीमून मनाकर लौटे एक डॉक्टर दंपति की कार का शीशा तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने उस में रखा लैपटॉप, कीमती कैमरा, नगदी और लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर लिया। पीड़ित परिवार मध्यप्रदेश के सतना जनपद का रहने वाला है। पुलिस के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि मध्य प्रदेश के रहने वाले डॉक्टर कृष्ण कुशवाहा ने थाना सेक्टर-20 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर-18 स्थित बीकानेर स्वीट्स के बाहर अपनी ब्रिजा कार खड़ी करके अपनी पत्नी के साथ खाना खा रहे थे। अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार का शीशा तोड़कर कार में रखा कीमती लैपटॉप, कैमरा, लेडीज पर्सए 60 हजार रुपए नगद, सोने की रिंग, सोने के ब्रेसलेट, मंगलसूत्र आदि चोरी कर लिया।


**गुमशुदा/अपहृत लड़की की तलाश**



राधा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की जिसका नाम राधा पुत्री स्वर्गीय अजय माथुर निवासी मकान नं. 1065, बी—ब्लॉक, मुर्गा मार्केट, शाहबाद डेयरी, दिल्ली **उम्र** : 21 साल, **कद** : 5', **चेहरा** : गोल, **रंग** : काला, **शरीर** : पतला, जिसने काले रंग का सूट—सलवार और पांव में चप्पल पहने हुए है, दिनांक 12.11.2021 से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में डीडी सं. 25—ए दिनांक 14.11.2021 थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:—

ई—मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाइट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639,
दूरभाष: 24368638/24368641

थानाध्यक्ष :
थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली।
दूरभाष सं. 011-27821047, 27822207

DP/1443/ON/21


### कूड़े के ढेर पर पीओएस मशीन से काटेंगे चालान

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में कूड़े का ढेर लगाने वालों पर अब ऑन द स्पॉट जुर्माना लगेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एचडीएफसी बैंक के साथ मिलकर पीओएस मशीन तैयार करवाया है। इसका ट्रायल शुरू हो गया है। जुर्माने का डाटा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपडेट होगा।

ग्रेटर नोएडा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 लागू है। इसके अनुसार सभी बल्क वेस्ट जनरेटरों को कूड़े का प्रबंधन खुद से करना होता है। प्राधिकरण सिर्फ इनर्ट वेस्ट को उठाता है। उसके लिए तय शुल्क भी लेता है।

## कपड़ा कारखाने में आग लगने से 6 श्रमिक झुलसे

● दो लोगों की हालत गंभीर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर के सेक्टर पांच स्थित एक कपड़ा कारखाने में शुक्रवार सुबह आग लग गई। इस घटना में छह श्रमिक झुलस गए जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि यह घटना थाना फेस- वन क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर पांच स्थित एक कपड़ा कारखाने में हुई। उन्होंने बताया कि इस कारखाने में शुक्रवार सुबह कपड़ा सुखाने में प्रयोग होने वाले रसायन में अचानक आग लग गई। सिंह ने बताया कि इस आग के चलते कारखाने में काम करनेवाले सुंदर सिंह, प्रीतम सिंह, महिपाल सिंह,



जीवन, विक्रम तथा भावना गंभीर रूप से झुलस गए। उन्होंने कहा कि इन श्रमिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से दो की हालत नाजुक है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और यह भी पता किया जा रहा है कि कारखाने में आग रोकने से संबंधित उपाय हैं या नहीं। सिंह ने कहा कि अगर इस मामले में श्रमिकों की तरफ से कोई शिकायत की जाती है तो पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई करेगी।

### ग्रेनो वेस्ट में कोरोना के 18 मरीज मिले एओए ने गाइडलाइन्स बनाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौर सिटी के 11जी एवेन्यू में कोरोना संक्रमण के 18 मरीज मिले हैं। जिसके बाद सोसाइटी के एओए ने कुछ पाबंदी लगा दी है। अब सोसाइटी में बिना मास्क के घूमना पूर्ण रूप से प्रतिबंध कर दिया गया है। गौर सिटी में काफी एवेन्यू है, जिसमें कोरोना के मामले मिल रहे हैं।

11जी एवेन्यू के निवासी आरएस उप्पल ने बताया कि गुरुवार को उनके सोसाइटी में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान के दौरान कुल 20 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। आरएस उप्पल ने बताया कि इन 20 लोगों में से 2 लोग दूसरी सोसाइटी के निवासी हैं। हमारे 11जी एवेन्यू में कोरोना संक्रमण के 18 मरीज मिले हैं।

उन्होंने बताया कि सोसायटी में निवासियों को सावधानी बरतने की अपील की गई है। बिना मास्क के कोई भी व्यक्ति सोसाइटी में एंट्री नहीं कर सकता और नहीं बाहर जा सकता है। इसके अलावा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की भी अपील की गई है। जहां पर कोरोना संक्रमण के मामले मिले हैं, उस फ्लोर अस्थाई रूप से प्रतिबंध कर दिया गया है्।

### नकली नमक बेचने के आरोप में पांच लोग हिरासत में लिए गए

नोएडा। थाना फेस-1 क्षेत्र के हरौला गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक बड़ी कंपनी के नाम से नकली नमक बेचने के आरोप में पांच लोगों को हिरासत में लिया है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रणविजय सिंह ने बताया कि टाटा नमक कंपनी के अधिकारी रंजीत सिंह ने बीती रात थाना सेक्टर 20 पुलिस को सूचना दी थी कि कुछ लोग उनकी कंपनी के नाम से नकली नमक बेच रहे हैं। सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने हरौला गांव में विभिन्न जगहों पर छापे मारे, जिस दौरान बालकिशन, गजराज, नितिन, उमेश तथा महेश कुमार गुप्ता नाम के व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

स्वाट टीम व नारकोटिक्स की टीम ने ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो यूट्यूब की मदद से नकली भारतीय मुद्रा बनाकर उसे ऑनडिमांड सप्लाई करता था। सरगना समेत कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## किसानों ने डाला डेरा, दूसरे दिन धरना जारी

● अबकी बार किसी के बहकाने में नहीं आएंगे : सुखबीर पहलवान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का प्रदर्शन एक बार फिर शुरू हो गया है। किसानों के इस दूसरे धरना प्रदर्शन को दूसरा दिन है। किसानों का आरोप है कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने उनके साथ धोखा किया है, वादा करने के बावजूद भी प्राधिकरण ने बोर्ड बैठक का आयोजन नहीं किया। जिसकी वजह से उनकी मांगों पर कोई भी समाधान नहीं हो सका।

किसान नेता सुखबीर पहलवान ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन को आज दूसरा दिन है। अब यह प्रदर्शन तब तक चलता रहेगा, जब तक बोर्ड बैठक और उसमें समस्याओं



का समाधान ना हो जाए। उनका कहना है कि किसानों का अभी तक प्राधिकरण के अधिकारियों ने शोषण किया है, लेकिन अब किसान किसी के बहकावे में नहीं आएगा।

किसानों की मांगों को पूरा नहीं होने तक अनिश्चितकालीन धरना चलता रहेगा। किसान नेता सुखबीर पहलवान ने बताया कि नोएडा के किसानों का 122 दिनों तक प्राधिकरण पर प्रदर्शन चला था, जिसके बाद बीते 30 दिसंबर 2021 की रात को नोएडा के किसानों और प्राधिकरण के अधिकारियों की जो बीच वार्तालाप हुई। इस बैठक में प्राधिकरण के अधिकारियों ने सहमति पत्र देते हुए कहा था कि वह किसानों की समस्याओं को बोर्ड बैठक में रखेंगे। 5 जनवरी को नोएडा प्राधिकरण ने बोर्ड बैठक करने के लिए किसानों को आश्वासन दिया था, लेकिन बोर्ड बैठक नहीं हुई।


**IDBI BANK**
BANK AISA DOST JAISA

**व्यवसाय सुविधाकर्ता / व्यवसाय कॉरेसपॉन्डेंट्स की आवश्यकता**

आईडीबीआई बैंक लिमिटेड करनाल क्षेत्र/चंडीगढ़ अंचल की निम्नवर्णित शाखाओं में बैंक व्यवसाय सुविधाकर्ता/व्यवसाय कॉरेसपॉन्डेंट्स के रूप में कार्य करने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

(1) पानीपत (2) रोहतक (3) यमुनानगर (4) बहादुरगढ़ (5) करनाल (6) हिसार (7) भिवानी (8) कुरूक्षेत्र (9) सोनीपत (10) कैथल (11) झज्जर (12) श्यामगढ़ (13) सतरोड (14) ज़िंद (15) रेवाड़ी (16) हांसी (17) धातोरी (18) राई (19) नारनौल (20) पीडल (21) बितवाना (22) लोहगढ़ (23) पेहवा (24) लाडवा (25) समालखा (26) चरखी दादरी (27) नथुपुर (28) तोशाम (29) गुराना (30) निशांग

पात्रताः सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी, सेवानिवृत्त अध्यापक, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी तथा भूतपूर्व सैनिक, व्यक्तिगत किराना/मेडिकल/उचित मूल्य दुकानों के मालिक, व्यक्तिगत पब्लिक कॉल ऑफिस (पीसीओ) ऑपरेटर, भारत सरकार/बीमा कम्पनियों की लघु बचत योजनाओं के एजेंट, व्यक्ति, जो पैट्रोल पम्प चलाते हैं, बैंक से जुड़े हुए स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के प्राधिकृत कार्यकर्ता, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) चलाने वाले व्यक्ति एवं अन्य व्यक्तिगण: बैंक की संतुष्टि और उपयुक्त उचित ड्यू डेलिजेंस के अधीन।

आयुः 21-50 वर्ष

शैक्षणिक योग्यताः (i) न्यूनतम कक्षा दसवीं पास (ii) आईआईबीएफ से बेसिक सर्टिफिकेशन

कार्य का क्षेत्रः –

(1) व्यवसाय सुविधाकर्ता (बीएफ) हेतुः –

• संभावित ग्राहकों की पहचान करना • ऋण आवेदन/खाता खोलने के फार्म इक्ट्ठा करना व प्रारम्भिक प्रसंस्करण, वांछित दस्तावेज पूरा करना, प्राथमिक सूचना/डाटा के सत्यापन सहित व बैंक को प्रस्तुतीकरण • वसूली हेतु फॉलोअप और मंजूरी के बाद की निगरानी में सहायता करना • स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)/संयुक्त दायित्व समूह (जेएलजीएस) का प्रोत्साहन व पोषण करना • बैंक की ओर से कोई अन्य सेवा, उपर्युक्त प्राधिकरण द्वारा पूर्ववत प्राधिकृत।

(2) व्यवसाय कॉरेसपॉन्डेंस (बीसी) हेतुः –

बीएफ हेतु सूचीबद्ध गतिविधियों के अतिरिक्त में, बीसी के लिए गतिविधियों के क्षेत्र में निम्नलिखित शामिल होंगी: –

(i) छोटे मूल्यों की जमाओं को एकत्र करना और ग्राहकों को उनकी मांग पर, उनके खातों से नकदी की सुपुर्दगी (ii) छोटे मूल्यों के ऋणों का संवितरण (iii) मूल राशि की वसूली/ब्याज की वसूली (iv) लघु बीमा/म्यूचुअल फंड उत्पाद/पेंशन उत्पाद/तीसरी पार्टी के उत्पाद की बिक्री (v) छोटे मूल्यों के विप्रेषण/नकद/अन्य भुगतान साधनों की प्राप्ति व सुपुर्दगी (vi) बैंक की ओर से अन्य कोई सेवा, उपयुक्त अधिकारी द्वारा पूर्ववत प्राधिकृत।

आवेदन प्रपत्र आईडीबीआई बैंक की शाखाओं पर उपलब्ध हैं। पात्र उम्मीदवार पूर्णतया भरे प्रपत्र आईडीबीआई की अधिसूचित शाखाओं में प्रस्तुत करें।

स्थानः करनाल
दिनांकः 08.01.2022

हस्ता./-
क्षेत्रीय प्रमुख



**सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी061995
पंजीकृत कार्यालय : एनएस-92, खसरा सं. 33/21, राणाजी एन्क्लेव, नजफगढ़, निकट अर्जुन पार्क बस स्टैंड, नई दिल्ली-110043; ई-मेल आईडी : superiorfinlease@gmail.com;
वेबसाइट : http:www.superiorfinlease.com फोन सं. : +91-9953798335

**सूचना**

(सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड के शेयरधारकों के ध्यानार्थ)

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 और दिनांक 29 दिसम्बर, 2021 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में कम्पनी के सदस्यों के अनुमोदन के अनुसरण में, कम्पनी ने शनिवार, 15 जनवरी, 2022 की तिथि, कम्पनी के उन शेयरधारकों की ग्राह्यता निर्धारण के लिए "रेकार्ड तिथि" नियत की है, जो कम्पनी के इक्विटी शेयर पूर्ण निर्णीत विभाजन अनुपात में धारण करने के हकदार होंगे अर्थात रू. 10/- प्रत्येक के अंकित मूल्य का एक (1) इक्विटी शेयर रू. 1/- प्रत्येक के अंकित मूल्य के दस (10) इक्विटी शेयरों में उप-विभाजित/विभाजित होगा।

इक्विटी शेयरों का उप-विभाजन होने पर, भौतिक रूप में धारित इक्विटी शेयरों के मामले में, रू. 10/- प्रत्येक के अंकित मूल्य के पुराने शेयर प्रमाणपत्र, रेकार्ड तिथि को, निरस्त हो जाएंगे तथा सदस्यों से अनुरोध है कि अपने शेयर डीमैटीरियलाइज करवा लें ताकि रेकार्ड तिथि को अपने विद्यमान इक्विटी शेयर्स अर्थात उपविभाजन से पूर्व धारित इक्विटी शेयर्स के अनुपात में इक्विटी शेयर्स सीधे अपने डीमैट खाते में प्राप्त कर सकें। यदि इक्विटी शेयर्स डीमैटीरियलाइज्ड रूप में धारित हैं, तो शेयरधारक के विद्यमान इक्विटी शेयर्स के बदले में उप-विभाजित इक्विटी शेयर्स सीधे उनके डीमैट खाते में क्रेडिट कर दिए जाएंगे।

उपरिवर्णित सूचना कम्पनी की वेबसाइट http:www.superiorfinlease.com पर तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट http://www.bseindia.com /तथा मेट्रोपोलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट http:// www.msei.in/ पर भी उपलब्ध होंगे जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

कृते सुपीरियर फिनलीज लिमिटेड
हस्ता./-
दिशा रानी
(कम्पनी सचिव)

दिनांक : 07 जनवरी, 2022
स्थान : नई दिल्ली



**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Laxman is the owner of Land Area measuring 8 marle (242 Sq. yds.), in Khewat/ Khata No. 119/149, M.U. No. 19, Killa No. 10(8-0), 11(8-0), 20(8-0), 21/1(1-1), situated in the waka Mauja, Village Baagpur Khrud, Tehsil & Distt. Palwalvide Transfer deed in Blood relation dated 20.04.2021 (Doc No. 717) executed by Mrs. Guddi.Mr. Laxman has misplaced, Original Transfer Deed dated 26.09.2019 executed by Mr. Laxman in favour of Mrs. Guddi in respect of the said property (Regd. Doc No. 9392). Anyone who find the above said document shall handover the same to the Manager of Fullerton India Credit Company Limited having its office at 3rd Floor, B 45/47, Nr PVR Plaza, Rajiv Chowk Metro Station Gate No 2, Connaught Place, New Delhi 110001. Mr. Laxman is availing loan on this property from Fullerton India Credit Company Limited by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to **Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).**



**Public Notice**

This is to inform general public that Mrs. Sunita GPA Holder Has acquired Built up Ground Floor, First Floor with roof right, Property bearing No. 11, area measuring 100 sq. yds., Khasra no. 19/15 & 19/16, situated in the area of Village Hastsal, F-Block, Colony Vikas Nagar, Uttam Nagar, New Delhi-110059Vide Regd., GPA, ATS & Will dated 11.102006, executed by Mr. Ramesh Singh, GPA registered as Doc No. 23875 with SRO- II Janakpuri and Now,Mrs. Sunita is intending to sell the above said property/Floorsto Sh. Pradeep vide Two Separate Sale Deeds. Further Sh. Pradeep is mortgaging the above said property/ floors with Fullerton India Home Finance Co. Ltd.& in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD- ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).


## विकाय कार्यों का शिलान्यास

गाजियाबाद। मेयर आशा शर्मा ने एक ही दिन में 80 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

ये विकास कार्य सिटी जोन,विजय नगर ज़ोन,एवं कविनगर जोन के निर्माण विभाग,जलकल विभाग एवं उद्यान विभाग द्वारा कराए जाएंगे। शिलान्यास शहीद पथ नवयुग मार्किट,कविनगर जोनल कार्यालय, एवं विजय नगर जोनल कार्यालय पर महापौर आशा शर्मा एवं पार्षदों ने एक साथ नारियल फोड़ कर किया गया। जिसमे 15 वें वित्त, बोर्ड फंड,पार्षद कोटा,महापौर कोटा,एवं अन्य कोटे के कार्य सम्मलित रहे। महापौर ने कहा कि हर वार्ड में बिना किसी पक्षपात के कार्य कराए है। चुनाव से पहले लगभग 1000 कार्यो के टेंडर लगवाए गए थे। जिन कार्यो के शिलान्यास करना बहुत जरूरी था।

एक एक करते तो बहुत समय लगता एवं कार्य सम्मानित आचारसंहिता के कारण शुरू भी नही हो पाते। इस दौरान पार्षद राजीव शर्मा, देवेन्द्र ,लवली कौर, मनोज चौधरी आदि उपस्थित थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# आज और कल कर्फ्यू, 55 घंटे बंद रहेगी आवाजाही

## आवश्यक सेवाओं में कार्यरत लोगों को जारी होंगे पास

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्लीवासी शनिवार और रविवार को अगले दो दिनों तक अपने घरों में रहेंगे, क्योंकि 55 घंटे का सप्ताहांत कर्फ्यू शुक्रवार रात 10 बजे से शुरू हो गया है। वहीं अधिकारियों ने कहा कि कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए दिल्ली में कर्फ्यू लागू करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। सप्ताहांत कर्फ्यू के दौरान आवश्यक सेवाओं में शामिल व्यक्तियों और छूट प्राप्त श्रेणियों के तहत आने वाले व्यक्तियों को छोड़कर, लोगों की आवाजाही 55 घंटे तक प्रतिबंधित रहेगी।

कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण संक्रमितों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए, दिल्ली सरकार ने मंगलवार को सप्ताहांत कर्फ्यू की घोषणा की थी। सप्ताहांत कर्फ्यू के दौरान केवल आवश्यक सेवाओं में शामिल व्यक्तियों और आपातकालीन स्थिति का सामना करने वालों को ही अपने घरों से बाहर निकलने की अनुमति होगी। बाहर निकलने वालों को सरकार द्वारा जारी ई-पास या वैध पहचानपत्र प्रस्तुत करना होगा।

पश्चिमी जिले के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा कि हमने सप्ताहांत कर्फ्यू को लागू करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है। बाजारों, सड़कों, कॉलोनियों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

यदि जरूरत पड़ी तो हम इसे लागू करने वाले दस्तों की संख्या भी बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को महत्वपूर्ण काम के लिए बाहर जाना है और यदि वह किसी भी छूट वाली श्रेणी में नहीं आता है, तो उसे दिल्ली सरकार द्वारा जारी ई-पास लेना होगा। लोग सप्ताहांत कर्फ्यू और रात के कर्फ्यू के लिए ई-पास के वास्ते दिल्ली सरकार की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं में शामिल अधिकारियों, विभिन्न देशों के राजनयिक कार्यालयों में तैनात व्यक्तियों के साथ-साथ संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों को वैध पहचानपत्र प्रस्तुत करने पर कर्फ्यू के दौरान आने-जाने की अनुमति होगी।

न्यायाधीश अदालत के कर्मचारियों और वकीलों को भी वैध पहचान पत्र, सेवा पहचानपत्र, फोटो प्रवेश पास और अदालत प्रशासन द्वारा जारी अनुमति पत्र पेश करने पर यात्रा की अनुमति होगी। जिन अन्य व्यक्तियों को छूट दी गई है उनमें निजी चिकित्सा कर्मी जैसे डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों और अस्पतालों, डायग्नोस्टिक केंद्र, जांच प्रयोगशालाएं, क्लीनिक, फार्मेसी, दवा कंपनियों और चिकित्सा ऑक्सीजन आपूर्तिकर्ताओं से जुड़े व्यक्ति शामिल हैं। ऐसे लोगों को यह छूट वैध पहचानपत्र पेश करने पर दी जाएगी। हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशन और अंतरराज्यीय बस टर्मिनल से आने या जाने वाले व्यक्तियों को वैध टिकट प्रस्तुत करने पर यात्रा करने की अनुमति होगी। दक्षिण-पूर्वी जिले के एक अधिकारी ने कहा कि प्रवर्तन दल रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, मेट्रो स्टेशनों और बाजारों के नियमित चक्कर लगाएंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भीड़ न हो और लोग अनावश्यक रूप से न घूमें।

अधिकारी ने कहा कि कर्फ्यू के दौरान यदि कोई गैर-आवश्यक श्रेणी की दुकान या प्रतिष्ठान खुले पाये जाते हैं, तो गेटों पर नोटिस चिपकाकर दुकानों को सील कर दिया जाएगा। मैं जनता से अपील करता हूं कि वे कर्फ्यू के दौरान बाहर न जाएं और प्रशासन को वायरस के प्रसार पर अंकुश लगाने में मदद करें।

दिल्ली पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) चिन्मय बिस्वाल के अनुसार, सप्ताहांत कर्फ्यू को लागू करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। विभिन्न जगहों पर बैरिकेड लगाए जाएंगे और बीट अधिकारी अपने-अपने बीट में गश्त करेंगे।

बिस्वाल ने कहा कि गैर-छूट वाली श्रेणियों के व्यक्तियों को कर्फ्यू का उल्लंघन करते पाए जाने पर मुकदमा चलाया जाएगा।

यदि किसी को अस्पताल जाने आदि जैसी किसी भी तरह की आपात स्थिति है, तो उसे जाने की अनुमति दी जाएगी। हम नागरिकों से अनुरोध करते हैं कि वे कर्फ्यू के दौरान बिना किसी कारण के अपने घरों से बाहर न निकलें और कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करें।


किशोरी को टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी। फोटोः रंजन डिमरी

### इनको खोलने की अनुमति

सप्ताहांत कर्फ्यू के दौरान सिर्फ किराना, चिकित्सकीय उपकरण, दवा जैसी जरूरी चीजें बेचने वाली दुकानों को ही खोलने की इजाजत होगी। रेस्तरां बंद रहेंगे लेकिन घर पर आपूर्ति की इजाजत होगी। ई-कॉमर्स क्षेत्र में केवल आवश्यक वस्तुओं की घर पर आपूर्ति की अनुमति होगी।

### पार्क व उद्यान बंद रहेंगे

कर्फ्यू के दौरान सार्वजनिक पार्क और उद्यान बंद रहेंगे। शादी समारोह और अंतिम संस्कार में सिर्फ 20 लोगों को ही शामिल होने की इजाजत होगी।

## प्रोटोकॉल उल्लंघनः 227 केस दर्ज, 683 चालान किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रात्रि कर्फ्यू के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने को लेकर 227 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं और 683 चालान काटे गए हैं। दिल्ली पुलिस ने बताया कि रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक लगाए गए कर्फ्यू के दौरान भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (सरकारी आदेश की अवहेलना) के तहत 227 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं वहीं 683 चालान काटे गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 15,097 मामले आए जबकि



संक्रमण से छह लोगों की मौत हुई है। शहर में संक्रमण की दर 15.34 प्रतिशत दर्ज की गई है। दिल्ली में सप्ताहांत का कर्फ्यू शुक्रवार से प्रभावी होगा।

## सिर्फ ऑड-इवन से खुलेंगे बाजार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गैर आवश्यक वस्तुएं बेचने वाली दुकानों के खुलने में सम-विषम नियम का उल्लंघन होने के मद्देनजर दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने शुक्रवार को सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाली सभी दुकानों को संख्याबद्ध करने को कहा है।

डीडीएमए ने जिलाधिकारियों और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को भी कहा है कि कोविड-19 प्रोटोकॉल के बाद किसी नगर निकाय क्षेत्र में सिर्फ एक साप्ताहिक बाजार के खुलने को सुनिश्चित किया जाए। प्राधिकरण ने 28 दिसंबर को अपने आदेश में निर्देश दिया था कि गैर आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं से संबद्ध दुकानें एवं प्रतिष्ठान, मॉल तथा साप्ताहिक बाजारों को उनकी संख्या के आधार पर सम-विषम नियम के मुताबिक एक-एक दिन के अंतराल के बाद खोले जाने की अनुमति दी जाएगी। डीडीएमए ने कहा कि यह पाया गया है कि उक्त निर्देशों का उपयुक्त रूप से अनुपालन नहीं किया



जा रहा है तथा यह देखा गया कि दुकानें समय-विषम नियम का अनुपालन किए बगैर खोली जा रही हैं। इसलिए, सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने अधिकारक्षेत्र में पड़ने वाली सभी दुकानों को 24 घंटों के अंदर संख्याबद्ध करने का निर्देश दिया गया है।

# नए साल में तेजी से फैला संक्रमण, 7 दिन में 29 मौतें

### ● कोविड मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोरोना की तीसरी लहर की दस्तक के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के साथ ही नए साल में 29 लोगों की मौत हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया कि जनवरी के पहले सात दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के चलते 29 लोगों की मौत हुई है।

इनमें से आठ लोगों की मौत पांच जनवरी को हुई। गुरूवार को जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली में कोविड-19 के कारण अब तक 25,127 लोगों की मौत हो चुकी है। गत 31 दिसंबर को मृतकों की संख्या 25,107 थी। दिल्ली में संक्रमण के 15,097 मामले गुरूवार को सामने आए थे। संक्रमण दर 15.34 फीसदी रही थी और छह रोगियों की मौत हुई थी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में 1, 2 और 3 जनवरी को एक-एक रोगी की मौत हुई। चार जनवरी को तीन, 5 जनवरी को आठ और 6 जनवरी को छह रोगियों ने दम तोड़ा। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने गुरूवार को पत्रकारों से कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में अभी तक 'ओमीक्रोन' से संक्रमित किसी मरीज की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा था कि दिल्ली में मामलों की



संख्या दिन हर दिन बढ़ रही है, लेकिन राजधानी में अभी लॉकडाउन लागू किए जाने जैसी स्थिति नहीं है। दिल्ली में गुरूवार को कोविड-19 के 15,097 मामले सामने आए थे, जो आठ मई 2021 के बाद सबसे अधिक हैं। पिछले साल आठ मई को संक्रमण के 17,364 मामले सामने आए थे, संक्रमण दर 23.34 प्रतिशत थी, जबकि 332 रोगियों की मौत हुई थी।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि जहां तक कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि का सवाल है, यह फिलहाल जंगल में लगी आग की तरह है। वरिष्ठ सलाहकार डॉ. सुरनजीत चटर्जी ने कहा कि कम से कम दो महीने तक ऐसा रहने की आशंका है, और पिछले कुछ दिनों में हमारे अस्पताल में मरीजों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

चूंकि मामलों की संख्या में भारी वृद्धि देखी गयी है, इसलिए अधिक संख्या में मौतें भी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिन में उन्होंने करीब 35 कोविड मरीज देखे हैं। चटर्जी ने कहा दोनों खुराक ले चुके लोग, संक्रमण से उबर चुके लोग अस्पताल में आ रहे हैं।

## एम्स ओपीडी में सीमित पंजीकरण



***नई दिल्ली।*** *अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने ट्रामा सेंटर को एक समर्पित कोविड सुविधा केंद्र में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू करने के साथ ही नियमित गैर आपात भर्ती, सभी नियमित उपचार प्रक्रिया एवं गैर जरूरी सर्जरी पर तत्काल प्रभाव से अस्थायी रोक लगा दी है। एम्स अस्पताल एवं सभी केंद्रों में ओपीडी सेवाएं केवल पूर्वानुमति से (पहले से समय ले चुके पुराने एवं नये मरीजों की खातिर), सीमित पंजीकरण के साथ जारी रहेंगी। सभी स्पेशियलिटी क्लीनिक फिलहाल बंद रहेंगे। केवल पहले से उपचार करा रहे मरीजों के लिए अलग अलग पालियों में पंजीकरण होगा। मरीजों की सभी नियमित भर्ती और सभी नियमित उपचार प्रक्रिया/ गैर जरूरी सर्जरी अगले आदेश तक अस्थायी रूप से रोक दी जाएंगी। मरीजों के लिए सुविधाओं को युक्तिसंगत बनाना, उनका विस्तार तथा जरूरी क्लीनिकल प्रबंधन शामिल है।*

# 14 आईपीएस अधिकारियों के तबादले के आदेश

### मिली नई जिम्मेदारी

### ● धीरज कुमार पदोन्नति के बाद संयुक्त आयुक्त क्राइम ब्रांच का काम संभालेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के 14 आईपीएस अधिकारियों का तबादला हो गया है। अधिकारी को अब नई जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। तबादले का आदेश उपराज्यपाल अनिल बैजल की तरफ से दिया गया। संजय बेनीवाल को स्पेशल सीपी प्रोविजनिंग एंड फाइनेंस डिवीजन के साथ ही परसेप्शन मैनेजमेंट एंड मीडिया सेल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

डेपुटेशन से लौटी गरिमा भटनागर को स्पेशल सीपी इंटेलिजेंस जबकि अंडमान से लौटे। मधुप तिवारी को स्पेशल सीपी प्रोटेक्टिव सिक्योरिटी डिवीजन लगाया गया है। क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त आयुक्त धीरज कुमार पदोन्नति के बाद संयुक्त आयुक्त क्राइम ब्रांच का काम संभालेंगे। वहीं दिल्ली पुलिस एकेडमी के ज्वाइंट डायरेक्टर ऋषि पाल अब ज्वाइंट सीपी ट्रेनिंग और डायरेक्टर दिल्ली पुलिस अकादमी होंगे। ट्रैफिक के एडिशनल सीपी अमरेंद्र कुमार सिंह को जॉइंट सीपी नई दिल्ली रेंज, नॉर्दन रेंज के एडिशनल सीपी वीनू बंसल को जॉइंट सीपी नॉर्दन रेंज और आर्थिक अपराध शाखा के एडिशनल सीपी आरके सिंह को ज्वाइंट सीपी लीगल डिवीजन लगाया गया है। अरुणाचल से लौटे एडिशनल सीपी मधुर वर्मा को सिक्योरिटी में लगाया गया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी चिन्मय बिस्वाल को पदोन्नति के बाद एडिशनल सीपी क्राइम की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही वह दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता का कार्यभार भी संभालेंगे। डीसीपी अजय कृष्ण शर्मा को पदोन्नति के बाद एडिशनल सीपी ट्रैफिक लगाया गया है।

## भ्रष्टाचार मामले में याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मांस निर्यातक मोइन कुरैशी और सीबीआई के पूर्व निदेशक एपी सिंह से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में एक व्यापारी की याचिका पर शुक्रवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

इस याचिका में व्यापारी ने अपने खिलाफ जारी लुक आउट सर्कुलर को रद्द करने की अपील की थी। न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता ने व्यवसायी सतीश बाबू सना और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दलीलें सुनीं और कहा कि इस पर अदालत बाद में आदेश पारित करेगी।सना ने याचिका में कहा है कि वह मामले में पूछताछ के लिए हर बार सीबीआई के समक्ष पेश हुए।

## दिल्ली-एनसीआर में स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने के दिए निर्देश

### ● केंद्रीय गृह सचिव ने की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने दिल्ली और एनसीआर के जिलों से स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा मजबूत करने और ऑक्सीजन आपूर्ति के उपकरण पूरी तरह तैयार रखने को कहा है।

कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा के लिए बृहस्पतिवार को बुलायी बैठक में भल्ला ने दिल्ली-एनसीआर के उन सभी जिलों में जांच बढ़ाने पर भी जोर दिया, जहां जांच की संख्या कम है।

गृह सचिव ने कहा कि सभी जिलों में स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा फौरन मजबूत किया जाए ताकि किसी भी बढ़ी आवश्यकता से निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ऑक्सीजन आपूर्ति उपकरण पूरी तरह से क्रियाशील रहे और आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडार रखा जाए।

बैठक में नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल, दिल्ली के मुख्य सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव आदि शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूनानी तिब्बी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पुनर्गठन की गई है। तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर मुस्ताक अहमद ने कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति के साथ केंद्र व राज्य सरकारों के भेदभाव पूर्ण रवैया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के तौर पर डॉक्टर अब्दुल जब्बार सिद्दीकी को शामिल किया गया है जबकि उपाध्यक्ष के तौर पर डॉक्टर एस.एम हुसैन, डॉक्टर मोहम्मद अताउल्लाह शरीफ, प्रोफेसर सैयद फजलुल्लाह कादरी, प्रोफेसर गुलाम कुतुब चिश्ती, डॉ गजाला जावेद को नियुक्त किया गया है। महासचिव के तौर पर डॉ. सैयद अहमद खान और ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री के तौर पर डॉ. डी.आर सिंह एवं सचिव के तौर पर प्रोफेसर अख्तर हुसैन चौधरी, डॉ. सबाहतुल्ला अमरोहवी, डॉ. एसएम याकूब, डॉ. शहनाज परवीन, डॉ. खालिद मोहम्मद सैफुल्लाह और कोषाध्यक्ष के तौर पर डॉ. शमशाद अहमद खान को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर कई प्रदेश अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई है जिसमें डॉ. अतीक अहमद खान को तेलंगाना, डॉ. शब्बीर अहमद अंसारी असम, डॉ. नवाज उल हक राजस्थान, डॉ. एहसान एजाज उत्तर प्रदेश, डॉ. शकील अहमद उमरदराज खान महाराष्ट्र, डॉ. संजय धींगरा दिल्ली, डॉ. केटी अजमल केरला आदि शामिल है।

### डीईआरसी को मिला एसकेओसीएच सिल्वर अवार्ड

**नई दिल्ली।** दिल्ली बिजली नियामक आयोग (डीईआरसी) को बिजली और ऊर्जा की श्रेणी में प्रतिष्ठित एसकेओसीएच सिल्वर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। बयान में बताया गया कि डीईआरसी को यह सम्मान एसकेओसीएच समूह ने सतत पर्यावरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए वहनीय कीमत पर 24 घंटे और सातों दिन बिजली की गुणवत्ता, पहुंच और उपलब्धता सुनिश्चित करने में योगदान के लिए दिया गया है और यह सम्मान बृहस्पतिवार को समूह के सम्मेलन में प्रदान किया गया। डीईआरसी के संयुक्त निदेशक हिमांशु चावला और उपनिदेशक प्रशस्ति डे ने आयोग की ओर सम्मान ग्रहण किया। बयान के मुताबिक एसकेओसीएच समूह थिंक-टैंक है जो सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। एसकेओसीएच अवॉर्ड की स्थापना वर्ष 2003 में उन लोगों, परियोजनाओं और संस्थानों को सम्मानित करने के लिए किया जो भारत को बेहतर देश बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं।

## दो मंजिला मकान की छत गिरने से दबे दो मजदूरों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बेगमपुर इलाके में दो मंजिला मकान के एक कमरे की छत गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान केदार (55) और सोनू (30) के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) के पास सुबह घटना की जानकारी देने के लिए फोन आया था। पुलिस उपायुक्त (रोहिणी) प्रणव तायल ने बताया कि पुलिस जब मौके पर पहुंची तो, बेगम विहार के बी-ब्लॉक गली संख्या-10 में एक मकान की पहली मंजिल पर बने एक कमरे की छत गिरी हुई थी और मलबे में चार लोग दब गए थे। उन सभी को अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने केदार और सोनू को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घायलों की पहचान प्रमोद (42) और अनिल (55) के तौर पर हुई है। ये दोनों सोनू के भाई हैं।

## परियोजनाओं को रेरा में लाने के लिए कानून में संशोधन हो

### ● घर खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाए सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार को राष्ट्रीय राजधानी में घर खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए अधिक से अधिक परियोजनाओं और बिचौलियों को रेरा के दायरे में लाना चाहिए। इसके लिए सरकार को अपने रियल एस्टेट (नियमन और



विकास) कानून में बदलाव करने की आवश्यकता है।

यह सुझाव संपत्ति सलाहकार कंपनी इंडिया सोथबीज इंटरनेशनल रियल्टी ने शुक्रवार को दिया।

सलाहकार कंपनी ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रीय राजधानी में एक स्वस्थ अचल संपत्ति बाजार में कहा कि दिल्ली में केवल 32 परियोजनाओं का ही दिल्ली रेरा के पास पंजीकरण हुआ है। रेरा कानून मार्च 2016 में संसद में पारित किया गया था।

रेरा की कुछ धाराएं एक मई, 2016 तथा शेष एक मई, 2017 से अधिसूचित की गईं थी। यह केंद्रीय कानून लगभग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया गया है।

इस कानून के अनुसार प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल 500 वर्ग मीटर से अधिक या अपार्टमेंट की संख्या सभी चरणों को मिलाकर आठ से अधिक नहीं होने पर अचल संपत्ति परियोजना का पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं होती है। कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि रेरा कानून में संशोधन की तत्काल जरूरत है।

कानून में 200 वर्ग मीटर या चार मंजिला ईमारत वाली परियोजना को शामिल किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार इस संशोधन से दिल्ली की लगभग 90 प्रतिशत आवासीय परियोजना रेरा कानून में दायरे में आ जाएगी। रेरा पंजीकरण को श्रेणी ए कॉलोनियों में सभी आवासीय निर्माण के लिए अनिवार्य करने का भी सुझाव दिया है।

# कामगारों में छाया फिर आजीविका छिनने का खौफ

## यात्रा पर पाबंदी की आशंका से घर वापस लौटना चाहते हैं प्रवासी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में कोविड मामले बढ़ने पर प्रवासी कामगारों में फिर से लॉकडाउन और जीविका छिनने का डर सताने लगा है। हालांकि सरकार ने ऐलान किया है कि दिल्ली में निर्माण कार्य जारी रहेगा और यह लॉकडाउन नहीं बल्कि साप्ताहिक कर्फ्यू है।

इस कदम के बाद भी मजदूरों में बैचेनी बनी हुई है कि दिल्ली सरकार आगे कड़े कदम उठा सकती है। करावल नगर में रह रहीं प्रवासी श्रमिक मीना देवी कहती हैं कि उनका परिवार वायरस के संपर्क में आने से नहीं डरता। गरीब कभी इससे संक्रमित नहीं होता। सबसे अधिक चिंता यह है कि यदि एक और लॉकडाउन लगा तो



आर्थिक संकट के कारण हम अपना अस्तित्व नहीं बचा पाएंगे।

दिल्ली के अलावा इसके पड़ोसी राज्य हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी पाबंदियां लगाई गई हैं। हालांकि अभी किसी तरह का लॉकडाउन नहीं लगाया गया है और प्रवासी कामगारों से जुड़े कारोबार और अन्य गतिविधियों का संचालन कोविड प्रोटोकॉल के अनुरूप किया जा रहा है। लाजपत नगर में घरेलू सहायक के रूप में कार्यरत 60 साल की पोकयाल कहती है कि पहली और दूसरी लहर में हम वित्तीय रूप से कंगाल हो चुके हैं, ऐसे में एक और पूर्ण लॉकडाउन की केवल बात भर से रीढ़ की हड्डी तक कांप जाती है।

पोकयाल आगे कहती हैं, मेरे पति जीवनयापन के लिए कार धोने का काम करते हैं, हमने एक किलोग्राम चीनी और एक किलोग्राम चावल के रूप में दिल्ली सरकार से कुछ मदद पाई है। पूर्वी कैलाश में घरेलू सहायिका के रूप में कार्यरत लक्ष्मी देवी कहती हैं कि पिछली बार उनके मालिक ने वेतन नहीं काटा था, इसलिए मैंने अपने हालात संभाल लिए, लेकिन कॉलोनी में साथ रह रहीं अन्य घरेलू सहायिकाओं को भोजन से लेकर अन्य जरूरी चीजों के लिए बहुत अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ा।

### ऑटो चालकों की रोजी पर पड़ेगा असर

बिहार के मोतीहारी से आकर दिल्ली में ऑटो चालक का काम कर रहे अशोक कुमार कहते हैं कि एक अनिश्चितता और डर का माहौल है, क्योंकि पाबंदी लगने का मतलब होगा कि कम लोग बाहर निकलेंगे जिसका ऑटो चालकों पर पर सीधा असर पड़ेगा। वह यह भी महसूस करता है कि यदि केस का बढ़ना जारी रहता है, तो सरकार लॉकडाउन लगा सकती है। पिछली बार मुझे पत्नी और बच्चों के साथ ऑटो से ही मोतिहारी जाना पड़ा था। प्रगति मैदान सुरंग परियोजना में काम कर रहे रामनाथ जाटव कहते हैं। यात्रा पर पाबंदी लगने से पहले घर वापस जाना चाहता हूं।

## दिल्ली में निर्माण कार्य जारी रहेंगे मजदूर घबराएं नहीं: सत्येंद्र जैन

### ● अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 6 गुना तक कम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में निर्माण कार्य जारी रहेंगे, यहां काम करने वाले मजदूरों को घबराने की जरूरत नहीं है। दिल्ली में साप्ताहिक कर्फ्यू लगा है लॉकडाउन नहीं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने श्रमिकों को आश्वस्त करते हुए यह बात शुक्रवार को कही।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने प्रेसवार्ता में कोरोना वायरस को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली में कल कोविड के कुल 15,097 नए मामले सामने आये है। पॉजिटिविटी दर 15.34 फीसदी रही है। कोरोना का ओमिक्रोन वेरिएंट बहुत तेज़ी से फ़ैल रहा है। दिल्ली में एक्टिव केस की सख्या 31,498 हो गई है। ऑमिक्रॉन वेरिएंट से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। विशेषज्ञों ने भी स्पष्ट किया है की कोरोना का ओमिक्रोन वेरिएंट माइल्ड और कम घातक है।

उन्होंने निर्माण मजदूरों को आश्वस्त करते हुए बताया कि दिल्ली में साप्ताहिक कर्फ्यू लगा है, लॉक डाउन नहीं। इसलिए मजदूरों एवं प्रवासी कामगारों को चिंता करने की जरूरत नहीं है दिल्ली में केवल साप्ताहिक प्रतिबंध लागू है। कोरोना की रोकथाम के लिए मास्क लगाना और सोशल डिस्टन्सिंग का पालन करना ही बचाव के सबसे बेहतरीन उपाए है। गंभीर लक्षण होने पर ही अस्पतालों का रुख



करें। होम आइसोलेशन में इलाज संभव है। होम आइसोलेशन की अवधि घटा कर 7 दिन कर दी है। 7 दिन के होम आइसोलेशन ख़त्म होने के अगर 3 दिन तक बुखार नहीं आता तो टेस्ट करने की कोई आवश्यकता नहीं है, आप अपने काम पर वापस लौट सकते हैं।

अस्पतालों में कुल 1091 मरीज भर्ती हैं, जिसमें से 869 दिल्ली के मरीज है। कोरोना की पहली लहर से तुलना करें तो इस बार अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 6 गुना तक कम हुई है। स्वास्थ विभाग की ओर से गंभीर से गंभीर परस्थिति से निपटने के लिए सभी संसाधनों, चिकित्सा केन्द्रों और अस्पतालों को तैयार रखा गया है।

# विधायकों को गंभीरता से लें अधिकारी : सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## विस की विशेषाधिकार प्राप्त समिति के चेयरमैन सुधीर सिंगला ने दी नसीहत

## अधिकारियों द्वारा विधायकों की बातों को अनसुना करना ठीक नहीं



विधायक सुधीर सिंगला।

**विधानसभा** की विशेषाधिकार प्राप्त समिति के चेयरमैन, गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा है कि अधिकारी विधायकों को गंभीरता से लें। विधायकों के फोन रिसीव करें, ताकि जनता के कार्यों को बिना देरी के पूरा किया जा सके। यह बात उन्होंने यहां अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कही।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सरकार को अक्सर शिकायतें मिलती रही हैं कि अधिकारियों द्वारा विधायकों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। बहुत से अधिकारी विधायकों के फोन रिसीव नहीं करते। इसलिए सरकार द्वारा विधानसभा की विशेषाधिकार प्राप्त समिति गठित की गई। इस 8 सदस्यीय कमेटी में उनके अलावा अम्बाला से विधायक असीम गोयल, पटौदी से विधायक सत्यप्रकाश जरावता, बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा, असंध से शमशेर सिंह गोगी, जुलाना से विधायक अमरजीत ढांडा, मुलाना से विधायक वरुण चौधरी, घरौंडा से हरविंद्र कल्याण को शामिल किया गया है।

विधायक सुधीर सिंगला ने विधायकों से कहा है कि अगर किसी भी विधायक को अधिकारी गंभीरता से नहीं लेते हैं तो वे कमेटी के समक्ष अपनी शिकायत रख सकते हैं। उनकी शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों को जवाब-तलब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायकों का सम्मान जरूरी है। प्रोटोकॉल का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। विधायक सुधीर सिंगला के मुताबिक विधायकों की अनदेखी तथा मान-समान न रखने के लिए बनी विशेषाधिकार समिति के पास कांग्रेस के एक विधायक की शिकायत पहुंची थी। जिसमें कहा गया था कि एक जिला एवं खाद्य आपूर्ति नियंत्रक उनके फोन नहीं उठा रहे।

समिति ने इस पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की। विधायक सुधीर सिंगला ने आगे कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर क्षेत्र के विकास को सिरे चढ़ाते हैं। जनता को जनप्रतिनिधियों से बहुत उम्मीदें होती हैं। जनता द्वारा जनप्रतिधियों के संज्ञान में लायी गई समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाया जाता है। अधिकारियों को चाहिए कि जनप्रतिनिधि के रूप में विधायकों द्वारा दिए जा रहे निर्देशों पर बिना देरी के काम करें।

# सोहना के खेतों में छाया पीला सोना, बिखरी छटा



**सोहना।** यहां खेतों में सरसों की फसल लहराते हुए छटा बिखेर रही है। पीले सोने से खेत हरे-भरे नजर आ रहे हैं। जिससे इस बार क्षेत्र में सरसों की बंपर पैदावार होने का अनुमान है। जिससे किसानों के चेहरों पर खासी रौनक देखने को मिल रही है।

गांव बालूदा निवासी भगवान सिंह यादव, गांव खाईका के पूर्व सरपंच नरेश कुमार, गांव सिरसका के कर्मपाल बोकन, गांव गढ़ीमुरली के राव रिसाल सिंह, पूर्ण यादव, गांव रायसीना के राजेन्द्र सिंह, कृष्णपाल, प्रेमपाल, गांव लाखुवास के अशोक गुर्जर, ललित करहाना, अभिषेक, अनूप मावी, गांव दमदमा ढाणी के कृष्ण खटाना, सुशीलनगर के धर्मपाल सैनी, कृष्ण सैनी, उमेश सैनी, नंबरदार जितेन्द्र सैनी सोहनाढाणी, मुकेश सैनी आदि का कहना है कि हाल ही में हुई बारिश ने खेतों में सोना बरसाने का काम किया है। इस बार अनुमान से कही ज्यादा अच्छी फसल होने की उम्मीद है। शहर के आसपास लगते गांवों में रहने वाले किसानों की आजीविका खेतीबाड़ी पर निर्भर है और यहां सबसे ज्यादा सरसों, गेहूं, बाजरा, धान आदि की खेती की जाती है। फिलहाल किसानों ने सरसों की फसल की बुवाई ज्यादा की है। किसानों का कहना है कि इस बार उन्हे उम्मीद है कि प्रभु की नजरे इनायते होने से एक एकड़ में कम से कम 35 से 40 मन सरसों पैदावार होगी।

# संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लगेगी बूस्टर डोज

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार के निर्देशों की पालना में फ्रंट लाइन वर्कर्स के लिए लगाई जाने वाली बूस्टर डोज के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 8 स्थानों पर 10 जनवरी से 15 जनवरी तक विशेष कैम्प लगाए जाएंगे। इनमें निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बूस्टर डोज लगाने की व्यवस्था होगी। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने बताया कि निगम अधिकारी एवं कर्मचारी इन कैम्पों में डोज के लिए निर्धारित समयसीमा के हिसाब से बूस्टर डोज लगवाएं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के सेक्टर-34 ऑफिस, ओल्ड ऑफिस, सेक्टर-39 ऑफिस, सेक्टर-42 ऑफिस, सामुदायिक केंद्र बादशाहपुर, सेक्टर-4, सुखराली व सेक्टर-27 में कैम्प लगाए जाएंगे।

### आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं को दिए जाएंगे नगद पुरस्कार

**गुरुग्राम।** सरकारी एवं निजी आईटीआई से प्रशिक्षित युवाओं में स्वरोजगार की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रत्येक जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगद पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। गुरुग्राम आईटीआई के प्राचार्य जयदीप कादियान ने बताया कि प्रदेश सरकार ने सरकारी व निजी आईटीआई से प्रशिक्षित युवाओं में स्वरोजगार की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगद पुरुस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत अपना सफ्ल उद्यम स्थापित करने व चलाने वाले प्रथम उम्मीदवार को 10,000 रुपये, द्वितीय उम्मीदवार को 7500 रुपये व तृतीय उम्मीदवार को 5,000 रुपये के नगद पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### 15 जनवरी तक बढ़ाई गई ई-श्रमिक पंजीकरण की तिथि

**गुरुग्राम।** जिला में ई-श्रमिक कार्ड बनाने के लिए 31 दिसम्बर तक चलाए गए ई-श्रम पंजीकरण अभियान के प्रति कामगारों के उत्साह को देखते हुए इसकी अंतिम तिथि को आगामी 15 जनवरी तक बढ़ाया गया है। जिला में असंगठित क्षेत्र के जो श्रमिक पंजीकरण अभियान में रजिस्ट्रेशन करवाने से चूक गए थे। वे उपरोक्त तिथि तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने बताया कि अभियान के तहत असंगठित कामगारों का राष्ट्रीय स्तर पर डेटा एकत्र करने के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इसके लिए सभी असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाले नागरिकों के ई-श्रमिक कार्ड बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजना के तहत मनरेगा, मिड-डे मील, आशा, आंगनवाड़ी वर्कर, रेहड़ी-फड़ी वाले, दूध बेचने वाले, मछुवारे, प्रवासी मजदूर, दुकानदारों व अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिक अपना कार्ड बनवा सकते है। यह कार्ड ऐसे सभी क्षेत्रों में काम करने वाले नागरिकों के बन सकते हैं, जिनका कहीं ईपीएफ व पीएफ आदि न कटता हो तथा वे आयकर दाता न हो। ऐसे पात्र श्रमिक अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर 15 जनवरी तक अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें।

### लोहड़ी-मकर संक्रांति की तैयारियों में जुटे लोग

**सोहना।** सोहना के बाजारों में गुड़, तिल, मूंगफली, गज्जक, रेवड़ी से सजी दुकानें लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व नजदीक आने का एहसास करा रही है। जगह-जगह रेहड़ियों पर भी लोग गली-मोहल्लों में रेवड़ी, मूंगफली, गज्जक बेचने आ रहे हैं। इस बार बाजार में तिल के लड्डू, चूड़ा और कई प्रकार का गुड़ खासतौर पर मंगाया गया है। हलवाईयों की दुकानों पर भी तिल और मूंगफली से बनी मिठाइयों की भरमार है। ठंड के बावजूद बाजार में मूंगफली, गज्जक, रेवड़ी, गुड़, तिल और गर्म कपड़े खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगी है। बाजार में खरीदारी करने आए युवा समाजसेवी मुकेश राजपाल, विनीत रतड़ा, मोहित जांगड़ा, श्री सनातन धर्मसभा के प्रधान डाक्टर नरेश पाहूजा, चंद्रभान रतड़ा, मोहित खटटर, दिव्यांशु राजपाल, दीपू राजपाल, बलजीत यादव धुनेला, नंबरदार जितेन्द्र सैनी, मोहित सैनी बैसिया, राजेश रतड़ा, गिरधारी राजपाल, मनोज ग्रोवर, वंश ग्रोवर आदि लोगों का कहना है कि वह अपने गली-मोहल्लों में इकट्ठे होकर 13 जनवरी को लोहड़ी जलाएंगे और अगले दिन 14 जनवरी को मकरसंक्रांति का त्यौहार सामूहिक रूप से मनाएंगे।

### सोहना खंड में कोरोना के 10 नए मामले



सोहना के नागरिक अस्पताल में कोरोना टेस्ट के लिए लगी लाइन।

**सोहना।** कोरोना सक्रमित के नए मामले आने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग कंटेनमेंट जोन बनाने की तैयारी में जुट गया। पुलिस और पंचायत विभाग स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयारी में जुट गए हैं। क्षेत्र में 10 कोरोना संक्रमितों की पुष्टि हुई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भोंडसी के क्षेत्र में कोरोना संक्रमित के नए मामले आने लगे हैं। एक मामला नागरिक अस्पताल सोहना सीमा क्षेत्र में आया है। अभी तक तीन मामले नगर निगम गुरुग्राम के अधीन आने वाली मारुति कुंज भोंडसी में आए हैं। पांच मामले सोहना में स्थित जीएलएस सोसायटी में और एक मामला नगर परिषद के वार्ड-3 के गांव लोहटकी में आया है। सोहना नगर परिषद के वार्ड-3 में स्थित जीएलएस सोसायटी में रहने वाले 80 फीसदी लोगों का दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद जाना रहता है। इसके बाद तीन मामले मारुति कुंज भोंडसी में और एक मामला लोहटकी गांव में आया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घंघौला और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भोंडसी के एसएमओ डॉक्टर विकास स्वामी ने बताया कि संक्रमित क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया जाएगा। ताकि संक्रमण को समित दायरे में ही रोका जा सके। उन्होंने कहा कि जहां भी संक्रमित मामला आए। वहां पर कंटेनमेंट जान बनाया जाएगा।

# चुनौती-2022 : बरसाती पानी की निकासी होगी बड़ी चुनौती

एन. रोहिल्ला। सोहना

## नगर परिषद क्षेत्र में हर साल बरसात के दौरान होता है भारी जलभराव

**नगर** परिषद के लिए वर्ष 2022 काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। सबसे पहली चुनौती शहर में बरसाती पानी की निकासी के समाधान करने की होगी। परिषद द्वारा वर्ष 2021 में शहर से बरसाती पानी निकासी पर वर्ष भर योजनाएं बनाती रहीं। लेकिन योजनाएं पूर्ण न होने के कारण समस्या वर्ष-2022 में आ गई है।

बरसात के मौसम में शहरवासियों के लिए पानी आफत बनकर बरसता है। नगर परिषद द्वारा बरसाती मौसम शुरू होने से पहले हर वर्ष बरसाती पानी जमा न हो। इस पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन शहर में जमा होने वाला बरसात का पानी शहरवासियों के लिए मुश्किलें पैदा कर जाता है। वर्ष 2021 में भी परिषद द्वारा बरसाती पानी निकासी के लिए सलाहकार की नियुक्ति करके लेवल लिया जाने की योजना तैयार की थी। इसके अलावा अरावली पहाड़ी से आने वाले बरसाती पानी को शहर में आने से पहले ही चेकडैम बनाकर रोकने पर भी अलग से खाका तैयार किया था। ताकि बारिश का पानी शहर के आम रास्तों से लेकर गलियां व चौक चौराहे पर जमा न हो सके। लेकिन अरावली पहाड़ी की तलहटी में वन विभाग की सेक्शन 4/5 लगी होने के कारण परिषद द्वारा चेकडैम बनाने की योजना फेल हो गई। आखिर चेकडैम बनाने की जिम्मेदारी प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस योजना को सफल बनाने के लिए दो करोड़ रुपये की राशि मंजूर करते हुए वन विभाग को दे दी।

**पानी की निकासी पर योजना** : वर्ष 2022 में नगर परिषद द्वारा शहर में जमा होने वाला नालियों से लेकर नालों में गंदा पानी की निकासी के लिए योजना तैयार की थी। लेकिन छह माह का समय बीत जाने के बाद ये योजना अभी तक धरातल पर अमल में नजर नहीं आ रही है।

**कहां-कहां जमा होता है बारिश का पानी:** शहर में अरावली पहाड़ी के अलावा घरों से आने वाला बारिश का पानी शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक, अस्पताल मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, अग्रसेन चौक, मंगलनगर, सांप की नंगली मोड, बालूदा मार्ग आदि स्थान शामिल है।

**दुकान और मकानों में भर जाता है पानी** :बरसात के दिनों में गंदे नालों से लेकर बारिश का पानी शहर के बाजारों में बनी सैकड़ों दुकानों में भर जाता है। जिससे हर वर्ष दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान होता है।

# टैक्स के मामले में हर व्यक्ति की मदद हमारी प्राथमिकता : प्रताप सिंह

## आयकर प्रधान आयुक्त ने किया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



शिविर में स्वास्थ्य जांच कराते आयकर प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह।

**गुरुग्राम** में आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह ने कहा कि टैक्स के विषय में पब्लिक का कोई भी व्यक्ति हमारे पास आए, उसकी मदद करना हमारी प्राथमिकता है। वे शुक्रवार को यहां आयकर विभाग में लगाए गये निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारम्भ करने के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

आयकर प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह ने कहा कि हम टैक्स कलेक्शन तो करते ही हैं, लेकिन यह आजादी का अमृत महोत्सव हमारे लिए समाज से बेहतर जुड़ाव का अवसर प्रदान करता है। इसी कड़ी में हम समाज के लोगों व स्कूल के विद्यार्थियों को शामिल करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि टैक्स पेयर हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। हम उनकी कद्र करते हैं और उनकी मदद को तत्पर रहते हैं। आजादी का अमृत महोत्सव जहा एक ओर हमारे देश की अब तक की उपलब्धि का आंकलन करने का अवसर है, वहीं अब हमें भविष्य की योजना भी बनानी है। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए 70 प्रतिशत योगदान अभ्यास का और 30 प्रतिशत योगदान डाइट अर्थात खान-पान का होता है। उन्होंने कहा कि अभ्यास में योग बेहतर है, इसलिए हम सभी को योग अपनाते हुए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

उन्होंने महामारी के दौरान कोविड प्रोटोकोल का पालन करने की भी अपील की। आयकर कार्यालय के कर्मचारी व अधिकारी और उनके परिजनों सहित 550 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया और अपने स्वास्थ्य का चेकअप करवाया। आयकर विभाग के प्रवर आयुक्त एके धीर ने सभी का स्वागत किया और कहा कि हमें दवाओं से दूर रहने के लिए मेडिटेशन, एक्सरसाइज तथा सही डाइट (एमईडी) का फार्मुला अपनाना चाहिए। श्री धीर ने कहा कि महामारी के समय में आयकर विभाग के अमले के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है।

# पिछले 6 दिनों में बिना मास्क वाले 4236 लोगों से वसूले 21 लाख 18 हजार रुपये

## कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिला प्रशासन ने शुरू किया मास्क चेकिंग अभियान

**गुरुग्राम।** जिला में कोरोना वायरस के नए वेरियंट ऑमिक्रोन के तेजी के साथ बढ़ते प्रसार के दृष्टिगत व प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशानुसार लोगों को वायरस के प्रति जागरूक करने तथा नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करवाना आवश्यक है।

पुलिस विभाग के प्रवक्ता सुभाष बोकन के मुताबिक नियमों की पालना के मद्देनजर पुलिस विभाग द्वारा एक जनवरी से सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक जनवरी से 6 जनवरी के बीच सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क नियमों का उल्लंघन करने वाले 4236 व्यक्तियों से फेस मास्क के चालान के तौर पर 21 लाख 18 हजार रुपये वसूले गए हैं। उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने कहा कि जिला में कोरोना के मामलों में पिछले कुछ महीनों के दौरान आई कमी के चलते लोग कोरोना वायरस के प्रति लापरवाह नजर आ रहे हैं, लेकिन अब ऑमिक्रोन की दस्तक के उपरांत एक बार फिर से सभी लोगों को सतर्क व सावधान रहने की जरूरत है।

डॉ. गर्ग ने कहा कि ऑमिक्रोन कोविड-19 या कोरोना वायरस का एक नया रूप है। वर्तमान में देश के बड़े शहरों में इसका प्रसार तेजी के साथ हो रहा है। यह नया वैरिएंट गुरुग्राम जिला में भी अपनी दस्तक दे चुका है। ऐसे में हम सभी को एक जिम्मेदार नागरिक की तरह कोविड अनुरूप व्यवहार का पालना सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी जिलावासी मास्क, सामाजिक दूरी तथा सैनिटाइजर का प्रयोग अवश्य करें।

# खुद बचें, अपनों को बचाएं, कोरोना वैक्सीन, जरूर लगवाएं : डॉ. यश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



उपायुक्त डा. यश गर्ग।

**उपायुक्त** डॉ. यश गर्ग ने जिलावासियों का आह्वान किया कि वे कोरोना से बचाव के लिए कोरोनारोधी वैक्सीन की दोनों डोज अवश्य लगवाएं। उन्होंने बताया कि लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शेड्यूल जारी किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अभियान के तहत जिला के अंतिम व्यक्ति को कोरोना रोधी वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला में विभिन्न सीएचसी, पीएचसी व स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोरोना वैक्सीन की पहली तथा दूसरी डोज लगाई जा रही है। उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने कहा कि 3 जनवरी से जिला में 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों का भी टीकाकरण किया जा रहा है। किशोरों के अभिभावक अपने बच्चों का जल्द से जल्द टीकाकरण करवाएं। उन्होंने बताया कि किशोरो को को-वैक्सीन की डोज लगाई जा रही है। लोग वैक्सीनेशन के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों माध्यम से पंजीकरण करवा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जिला में दिन-प्रतिदिन कोरोना संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है ऐसे में जरूरी है कि जिन लोगों ने अभी तक कोरोनारोधी वैक्सीन नहीं लगवाई है वे जल्द से जल्द लगवाना सुनिश्चित करें। सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे लोगों की एंट्री बंद कर दी गई है, जिन्होंने अभी तक कोरोनारोधी वैक्सीन की दोनों डोज नहीं ली हैं।

डीसी ने बताया कि लोगों को बिना किसी डर व संकोच के कोरोनारोधी टीका लगवाना चाहिए। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अभियान को सफल बनाने में आमजन को पूरा सहयोग अवश्य देना चाहिए। तभी हम टीकाकरण के साथ ही कोरोना वायरस पर जीत प्राप्त करने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति अपने घर के पास बनाए गए टीकाकरण केंद्रों में वैक्सीन लगवा सकते हैं, यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है।

# कोरोना निगेटिव आने के बावजूद बार-बार जांच कराने पर होगी कार्रवाई

**सोहना।** सोहना जोन के एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग का कहना है कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए बार-बार कोविड जांच कराना लोगों को भारी पड़ेगा, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग ऐसे लोगों की पहचान कर उन पर कार्रवाई अमल में लाएगा। उन्होंने बताया कि बार-बार कोविड-19 की बेवजह जांच कराना संसाधनों की बर्बादी करने के साथ ही निर्धारित नियमों का उल्लंघन भी है क्योंकि एक बार जांच रिपोर्ट में कोरोना संक्रमित पाए जाने पर संक्रमित व्यक्ति का दस दिनों तक आइसोलेशन में रहना जरूरी है। उसके बाद ही उस मरीज की दोबारा जांच हो सकती है। लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आइसोलेट मरीजों को बार-बार जांच कराने की जरूरत नहीं है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के संज्ञान में आ रहा है कि कई मरीज आइसोलेशन अवधि पूरी होने से पहले ही दोबारा जांच कराने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# आईडीएफसी म्यूचुअल फंड निवेशकों को इनोवेटिव बैलेंस्ड एडवांटेज फंड अभियान के साथ निवेश से भावनाएं दूर रखने के लिए प्रोत्साहित करेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**बाजार** की अस्थिरता निवेशकों को भावनाओं से प्रेरित और तर्कहीन निर्णय लेने के लिए प्रेरित कर सकती है। एक अनुशासित एसेट एलोकेशन रणनीति निवेश पूर्वाग्रह को कम करने में मदद कर सकती है जिससे लंबी अवधि में निवेश पर बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। यह सरल लेकिन महत्वपूर्ण संदेश आईडीएफसी म्युचुअल फंड के नवीनतम निवेशक जागरुकता अभियान का मूल है जिसे आज लॉन्च किया। इस थीम पर आधारित हैशटैग इनवेस्टमेंटमेंनोइमोशन (microsite: https://cutt.ly/vUJAlI1), भी जारी किया है। यह अभियान इस व्यवहार संबंधी दुविधा को प्रबंधित करने के संभावित समाधान के रूप में बैलेंस्ड एडवांटेज फंड श्रेणी पर प्रकाश डालता है। एबैलेंस्ड एडवांटेज फंड एक हाइब्रिड फंड है जो डेट और इक्विटी दोनों बाजारों में निवेश करता है, एक गतिशील एसेट एलोकेशन रणनीति को अपनाता है जो बाजार की स्थितियों के आधार पर पोर्टफोलियो को सक्रिय रूप से रीबैलेंस कर सकता है।

Ad 1 - Shiromani - https://youtu.be/upRciRnPrLA

Ad 2 - Chef - https://youtu.be/v_mAzwolTjw

गैर-भावनात्मक निवेश की आवश्यकता के बारे में बात करते हुए, आईडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एएमसी) के सीईओ, विशाल कपूर ने कहा कि भावनात्मक होना केवल मानव है, चाहे वह क्रोध, आनंद, भय या लालच हो। हालांकि, इनसे बचने से बेहतर निवेश परिणामों में मदद मिल सकती है। कई निवेशकों के लिए, मौका चूकने का डर या सुपरनॉर्मल रिटर्न का लालच समझदारी से निवेश निर्णय लेने पर हावी हो सकता है। एक बैलेंस्ड एडवांटेज फंड, बाजार की स्थितियों के आधार पर इक्विटी और डेट के लिए अपने डायनेमिक एलोकेशन के माध्यम से, लंबी अवधि में स्थिरता और बेहतर रिस्क-एडजेस्टड रिटर्न प्रदान कर सकता है। यह बदले में निवेशकों को लंबे समय तक निवेशित रहने में मदद कर सकता है, और अनुशासित, लंबी अवधि के निवेश की विकास क्षमता से लाभान्वित हो सकता है।

अभियान के बारे में विस्तार से बात करते हुए गौरब पारिजा, हेड-सेल्स एंड मार्केटिंग, आईडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एएमसी) ने कहा कि निवेशक अपनी एसेट्स को बढ़ाना चाहते हैं, जबकि बाजार सही होने पर नकारात्मक पक्ष को सीमित करने का लक्ष्य रखते हैं। हालांकि, चुनौती भावनाओं को निवेश से दूर रखने की है। यह कहा से आसान है क्योंकि हम में से कई अभी भी निवेश की दुनिया में शुरुआती कदम उठा रहे हैं।

# गुरुग्राम जिला में क्षेत्रवार लगाए गए 7 इंसिडेंट कमांडर

## कोरोना अनुकूल व्यवहार के पालन पर हो रहा फोकस

**गुरुग्राम।** जिला प्रशासन का दावा है कि कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के फैलाव की रोकथाम और बचाव के लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग व सतर्क है। प्रभावी रूप से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहें, इसके लिए निजी व सरकारी अस्पतालों के हर पहलू पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है।

जिला में कोरोना संक्रमण की रोकथाम संबंधी तैयारियों को लेकर क्षेत्रवार 7 इंसीडेंट कमांडर भी लगाए गए हैं। प्रशासन द्वारा गठित टीमें निरंतर फील्ड में उतर कर आमजन को कोविड उचित व्यवहार के बारे में जागरूक कर रही हैं और अवहेलना करने वालों के चालान भी कर रही हैं। डीसी डॉ. यश गर्ग ने कहा कि सरकार के आदेशानुसार प्रशासन फाइव फोल्ड स्ट्रैटजी टैस्ट-ट्रेस-ट्रैक-वैक्सीनेशन-कोविड-19 उचित व्यवहार की पालना सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशों का अनुपालन प्रभावी रूप से कराया जा रहा है।

### इंसीडेंट कमांडर संभालेंगे मोर्चा

**कोरोना** के बढ़ते मामलों के चलते हरियाणा में जिला प्रोग्राम को अति संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया गया है। ऐसे में जिला में कोरोना संक्रमण की रोकथाम संबंधी तैयारियों के लिए क्षेत्रवार 7 इंसीडेंट कमांडर लगाए गए हैं। गुरुग्राम उपमंडल के समस्त ग्रामीण क्षेत्र व उपमंडल गुरुग्राम क्षेत्र का ओवरऑल इंचार्ज गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चौधरी को बनाया गया है। इसी प्रकार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त-1 सुमित कुमार को नगर निगम क्षेत्र के जोन-1 का इंसीडेंट कमांडर नियुक्त किया गया है। नगर निगम क्षेत्र के जोन 2 में संयुक्त आयुक्त-2 संजीव सिंगला को इंसिडेंट कमांडर नियुक्त किया है।

# गाना ने अपने उपयोगकर्ताओं के लिए एक और अनूठी उत्पाद सुविधा का अनावरण किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

gaana

**भारत** के सबसे पसंदीदा संगीत स्ट्रीमिंग ऐप, गाना ने अपने उपयोगकर्ताओं को एक बेहतर और सहज संगीत सुनने का अनुभव प्रदान करने के लिए एक और अनूठी उत्पाद सुविधा का अनावरण किया है। शोध से पता चला है कि उपभोक्ता ऐसा गाना सुनने का अनुभव चाहते थे जो आसान होने के साथ ही तेज भी हो। इसके अलावा, संगीत और मूड या अलग-अलग अवसरों के आधार पर एक ही व्यक्ति के लिए शैली वरीयताएं भी बदल जाती हैं।

क्या आप कार्य में व्यस्त हैं? पार्टी कर रहे हैं लेकिन गाने खत्म हो रहे हैं? क्या आप लॉन्ग ड्राइव पर हैं? ऑटो-क्यू आपको हर मामले में कवर कर लेगा! उपभोक्ताओं को नया पेश किया गया फीचर एक गाने को हिट करने और सहज स्ट्रीमिंग में शामिल होने में सक्षम बनाता है, जबकि गाना अपने आप इसी तरह के गाने बजाता है, बिल्कुल एक माइंड रीडर की तरह! यह चमत्कारिक रूप से मैन्युअल खोज के समय को कम करता है तथा श्रोता के ब्लॉक को हल करता है (जहां कोई अगले गाने के बारे में सोचने के लिए संघर्ष करता है)। ऑटो-क्यू नए संगीत की खोज को और भी आसान बनाता है, क्योंकि श्रोताओं को ऐसे उपयुक्त गाने मिलते हैं जिनके बारे में वे स्वयं नहीं जानते होंगे।

गाना-ऑटोक्यू एक अद्वितीय मशीन लर्निंग एल्गोरिथम द्वारा संचालित है जो एक साथ गाने की संभावना (पिछले व्यवहार) के साथ-साथ संगीत, टेम्पोध्बीपीएम आदि की समानता को निर्धारित करता है ताकि उन संभावित गानों को चुना जा सके जिन्हें उपयोगकर्ता मैन्युअल रूप सुनना पसंद करेगा। एल्गोरिथ्म व्यक्तिगत गीत सुझावों के साथ आने के लिए हजारों संकेतों और डेटा बिंदुओं का विश्लेषण करता है क्योंकि हमने कई लोगों को अगले गीत को चुनने के लिए संघर्ष करते देखा है! हमारे श्रोता ऑटो-क्यू के माध्यम से सामान्य से 30: अधिक संगीत का आनंद ले रहे हैं – जो हमें यह बताता है कि यह प्रणाली काम कर रही है।

गाना ने ऑटो-क्यू के साथ सहजता से संगीत सुनने का आनंद लेने के लिए और संचार के लिए एक ब्रांड फिल्म जारी की है। इस हल्के-फुल्के विज्ञापन में दो लड़कियों को एक छोटी ड्राइव के लिए जाते हुए दिखाया गया है जो कभी न खत्म होने वाली लंबी ड्राइव में बदल जाती है, क्योंकि गाना ऑटो-क्यू आश्चर्यजनक रूप से उपयुक्त गाने बजाती रहती है जो उन्हें पसंद हैं। (यहां फिल्म डालें) लॉन्च पर बोलते हुए, गाना के सीईओ संदीप लोढ़ा ने कहा, पिछले डेढ़ साल में, ऑडियो स्ट्रीमिंग ने लोगों के जीवन में एक प्रमुख भूमिका निभाई है और इसका इस्तेमाल बढ़ रहा है।

# चिकित्सकों के पॉजिटिव आने से मरीजों को होगी दिक्कत

## कोरोना के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए मेडिकल वार्ड किया अस्थाई अस्पताल से शिफ्ट

## मांग के बाद भी नहीं मिले चिकित्सक और स्टाफ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



कोविड-19 अस्थाई अस्पताल, जिसमें तीन मरीज है भर्ती।

**कोरोना** के बढ़ते मामलों कारण बीके सिविल अस्पताल में बने अस्थाई भवन में कोविड-19 अस्पताल शुरू कर दिया गया है। लेकिन जब अस्पताल के चिकित्सक, स्टाफ और कर्मचारी पॉजिटिव आ रहे हैं, तो मरीजों का इलाज कौन करेगा ? क्योंकि अस्थाई अस्पताल के लिए पीएमओ द्वारा इसे शुरू करने से पहले ही चिकित्सक और स्टाफ के लिए पत्र लिखा था, लेकिन चिकित्सक और स्टाफ के न आने से मरीजों को काफी दिक्कतें हो सकती हैं। अस्थाई अस्पताल में बीती रात तीन लोगों को भर्ती किया गया है। यह भर्ती तीनों ही मरीज पुलिस हिरासत में है।

### 96 बिस्तरों का अस्पताल

**96 बिस्तरों** के अस्थाई अस्पताल में पहले मेडिकल वार्ड ट्रायल के तौर पर शुरू किया गया था। बीती देर रात तीन मरीज आ जाने से मेडिकल वार्ड को शिफ्ट कर कोविड-19 वार्ड में तब्दील कर दिया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि यहां भर्ती तीनों मरीज कोरोना पॉजिटिव है और पुलिस हिरासत में है।

### अस्पताल में स्टाफ की मांग

**कोरोना** संक्रमण से निपटने के लिए 96 बेड का अस्थाई अस्पताल में ऑक्सिजन प्लांट व वेंटिलेटर की व्यवस्था की गई है। कोरोना मरीजों के बढ़ने की सम्भावना के कारण बीके अस्पताल की पीएमओ की तरफ से 10 जनरल मेडिसिन डॉक्टर, चेस्ट व टीबी रोग विशेषज्ञ, एनेस्थेटिस्ट व शिशु रोग विशेषज्ञ, 20 जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर, 40 नर्सिंग स्टाफ, चार-चार फार्मेसी ऑफिसर, ईसीजी तकनीकी व रेडियोग्राफर, 16-16 ईएमडी व तकनीकी अधिकारी, दो फिजियोथेरेपिस्ट, छह-छह डीईओ व गैस प्लांट आपरेटर, एक-एक डायटीशियन व इलेक्ट्रिसियन, प्लंबर, साइट सुपरवाइजर, पांच सुरक्षाकर्मी और 36-36 डीजीए व हाउसकीपिंग की मांग की गई थी।

### नहीं है स्टाफ

**सूत्रों** के मुताबिक बीके अस्पताल में करीब 17 कर्मी पॉजिटिव हो चुके हैं। जिसमें तीन चिकित्सकों के अलावा स्टाफ और डाटा एंट्री ऑपरेटर समेत अन्य कर्मी मौजूद है। जिस कारण बीके सिविल अस्पताल में भी स्टाफ की कमी बनी हुई है। डॉ. विनय गुप्ता के सीएमओ बन जाने के बाद अब यहां कोई एमडी मेडिसिन नहीं है। यहां पर पांच वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों की आवश्यकता है, जिनमें से दो ही कार्यरत हैं। वहीं, 55 चिकित्सा अधिकारियों की आवश्यकता है, लेकिन 46 ही काम पर हैं। जिसमें से पॉजिटिव होने के कारण यहां चिकित्सकों की संख्या कम हो गई है।

# तीसरी लहर से बचने के लिए आयुष चिकित्सा पद्धितियां कारगर

**फरीदाबाद।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि कोरोना की तीसरी लहर से बचने के लिए आयुष चिकित्सा पद्धितियां कारगर हैं। प्रदेश में बढ़ते हुए कोविड संक्रमित मरीजों की संख्या को देखते आयुष विभाग, फरीदाबाद द्वारा जिले में विभिन्न राजकीय आयुर्वेदिक औषधालयों के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाये जा रहे हैं। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अजीत सिंह ने बताया कि इन शिविरों में आमजन को रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ाने तरीके व गुडूची घनवटी, अश्वगंधाचूर्ण, अणुतेल तथा अन्य औषधियां रोग के आधार पर आयुष चिकित्सा अधिकारियों द्वारा उपलब्ध करवाई जारही हैं। माह दिंसबर में विभाग द्वारा 10 शिविरों का आयोजन किया गया, जिस में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

# संक्षिप्त समाचार

## मॉडर्न डीपीएस में बच्चों को लगवाई वैक्सीन


ग्रेटर फरीदाबाद स्थित माडर्न डीपीएस स्कूल में आयोजित कोरोना वैक्सीनेशन कैंप में बच्चों को टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी।

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित मॉडर्न डीपीएस स्कूल में आज से बच्चों को कोरोना वैक्सीनेशन शुरु किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसीपल यूएस वर्मा ने जहां बच्चों व अभिभावकों को हौंसला बढ़ाया वहीं उन्हें वैक्सीनेशन को लेकर अन्य लोगों को भी जागरुक करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर स्कूल की चेयरमैन सविता गिरधर, वाइस प्रिंसीपल मधु मलिक, डायरेक्टर विकास राय चौधरी भी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रिंसीपल यूएस वर्मा ने बताया कि मॉडर्न डीपीएस स्कूल में लगभग एक हजार बच्चों को वैक्सीन लगनी है जिसकी शुरुआत शुक्रवार से की गई है। उन्होंने कहा कि इसमें स्वास्थ्य विभाग का पूरा सहयोग हमें मिल रहा है। बच्चों का स्कूल में ही वैक्सीनेशन को लेकर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इसके बाद वैक्सीन लगवाने के उपरांत बच्चों को आधा घंटा ऑब्जर्वेशन में रखा जा रहा है। वैक्सीनेशन के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ध्यान रखा जा रहा हे। उन्होंने कहा कि वे सभी अभिभावकों से अपील करते हैं कि वे अपने बच्चों को वैक्सीन जरूर लगवाएं ताकि हम सब मिलकर कोरोना को हरा सकें। उन्होंने कहा कि कक्षाओं में भी बच्चों को कोरोना से बचाव के लिए क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए और किस तरह गाइडलाइन्स का पालन करना है, उसके बारे में भी जानकारी दी गई है। वहीं वैक्सीन लगवाने के बाद स्कूली बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्कूल में वैक्सीन लगवाने के बाद हमें बहुत कोरोना से सुरक्षा महसूस हो रही है तथा किसी प्रकार का मन में डर नहीं है। स्कूल में बेहद अच्छा इंतजाम वैक्सीनेशन को लेकर किया गया है। बच्चों ने भी अपील की कि ज्यादा से ज्यादा वैक्सीनेशन में भाग लें क्योंकि यह न केवल हमें स्वस्थ रखेगा बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए भी बेहद जरूरी है कि कोरोना देश से खत्म हो। वहीं बच्चों के साथ आए अभिभावक भी स्कूल में वैक्सीनेशन की व्यवस्था से संतुष्ट नजर आए।

## प्रवासी भारतीयों का भारत की उन्नति में अहम योगदान



**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में वर्चुअल रूप में प्रवासी भारतीय दिवस मनाया। भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 9 जनवरी को मनाया जाता है। इसी दिन महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश वापस आये थे। इस दिवस को मनाने की शुरुवात वर्ष 2003 से हुई थी। प्रवासी भारतीय दिवस मनाने की संकल्पना स्वर्गीय लक्ष्मीमल सिंघवी के दिमाग की उपज थी। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि इस दिवस को मनाने के बहुत से उद्देश्य है प्रथम यह की अप्रवासी भारतीयों की भारत के प्रति सोच एवम उनकी भावनाओं की अभिव्यक्ति के साथ ही उनकी अपने देशवासियों के साथ सकारात्मक बातचीत के लिए एक मंच उपलब्ध कराना, भारतवासियों को अप्रवासी बंधुओं की उपलब्धियों के बारे में बताना और अप्रवासियों को देशवासियों की उनसे अपेक्षाओं से अवगत कराना। विदेशों में भारतीय को प्रारंभ में बहुत कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है इसलिए भारतीय श्रम जीवियों को विदेश में किस तरह की कठिनाइयों का सामना करना होता है, के बारे में विचार-विमर्श करना भी इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य है। प्रवासी भारतीयों के योगदान को स्मरण करते हुए उन के प्रति आभार और कृतज्ञता ज्ञापित करना भी प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। कोरोना के कारण बहुत अधिक वाणिज्यिक गतिविधियां और अन्य कार्य बाधित हुए है परंतु आत्मनिर्भर भारत में योगदान की थीम पर गत वर्ष प्रवासी भारतीय दिवस मनाया गया। विद्यालय में ऑनलाइन कार्यक्रम में कॉर्डिनेटर प्राध्यापिका डॉक्टर जसनीत कौर एवं छात्रा अंजुम और निशा का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने डॉक्टर जसनीत कौर, अंजुम और निशा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपने सभी प्रवासी भारतीयों के योगदान के लिए आभारी है और अपेक्षा करते है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार देश की सेवा में बढ़ चढ़ कर अपनी भूमिका का निर्वहन करते रहेंगे।

## दिल्ली स्कॉलर्स के छात्रों ने लगवाई पहली डोज



**फरीदाबाद।** दिल्ली स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल ग्रेटर फरीदाबाद ने शुक्रवार को अपने स्कूल परिसर में 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लिए कोविड 19 टीकाकरण शिविर का निःशुल्क आयोजन किया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक छात्रों को टीकाकरण (कोवैक्सिन) की पहली डोज लगाई गई। शिविर न केवल स्कूल के छात्रों के प्रति, बल्कि पड़ोस के विभिन्न स्कूलों और समाज के बच्चों के प्रति चिंता और जिम्मेदारी के प्रदर्शन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। खेड़ी कला अस्पताल के मेडिकल स्टाफ और दिल्ली स्कॉलर्स इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों की मदद से टीकाकरण अभियान के दौरान कुल 200 बच्चों को टीका लगाया गया। ओमिक्रॉन के बढ़ने और स्कूली शिक्षा के ऑफलाइन मोड पर लगातार अनिश्चितता के साथ, डीएसआईएस, ग्रेटर फरीदाबाद द्वारा आयोजित शिविर ने सीबीएसई द्वारा 'अनिवार्य टीकाकरण' के नोटिस के अनुरूप होने का एक उदाहरण स्थापित किया है। दिल्ली स्कॉलर्स ने बच्चों और उनकी सुरक्षा के प्रति अपनी गम्भीरता को एक बार फिर साबित कर दिया है।

# डबल मर्डर समेत हत्या की तीन वारदातों में नौ आरोपी गिरफ्तार


लॉ स्टूडेंट की हत्या में गिरफ्तार तीन आरोपी।


दो मजदूरों की हत्या में गिरफ्तार दो आरोपी।

## लूटपाट के लिए नशेड़ियों ने की थी दो मजदूरों की बेरहमी से हत्या

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पिछले** करीब एक सप्ताह के दौरान शहर में ताबड़तोड़ हत्या की वारदातें हो रही थी। जिन पर संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अपराध शाखाओं को जल्द से जल्द इन मामलों को सुलझाने के आदेश दिये थे। अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद इनमें से तीन मामलों को सुलझा कर नौ आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इनमें से दो हत्या की वारदात नेश की लत का शिकार लोगों द्वारा अंजाम दिया गया है। जबकि लॉ स्टूडेंट की हत्या क्रिकेट खेलने के दौरान पनपी रंजिश के कारण हुई थी।

### लॉ स्टूडेंट की हत्या

**गांव** सागरपुर में लॉ स्टूडेंट राहुल की हत्या के मामले में हरिओम उर्फ रितेश, प्रताप और आशीष को गिरफ्तार किया गया है। मृतक राहुल के पिता धर्मराज ने शिकायत में बताया था कि वह एक जनवरी शाम को राहुल आरोपी हरिओम से मिलने गया था। राहुल के साथ उसका दोस्त रिंकू और अन्य दो-तीन दोस्त भी उसके साथ गए थे। शाम छह बजे राहुल से मारपीट की सूचना मिलने पर वह अपने भतीजों के साथ मौके पर गए तो देखा कि आरोपी राहुल पर चाकू से वार कर रहे थे। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने दो जनवरी को प्रताप और आशीष को गिरफ्तार कर पांच दिन के रिमांड पर लिया था। बीती शाम हरिओम को भी गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्य आरोपी हरिओम 300 रुपये की शर्त पर खेला गया क्रिकेट मैच राहुल से हार गया था। इसी वजह से उसने हत्या की योजना बनाई थी।

### प्रेस कॉलोनी के खंडहर में हत्या

**प्रेस** कॉलोनी के खंडहर में हुए हत्या में रोहित, सुमित, मनोज उर्फ मनु और एक नाबालिग शामिल है। पूछताछ में सामने आया कि सभी चारों आरोपी मृतक अमन के दोस्त थे। 31 दिसंबर को चारों आरोपी अमन के साथ इंजेक्शन लगाकर नशा कर रहे थे। अमन ने नशे की ज्यादा डोज ले ली थी। जिससे उनकी आपस में लड़ाई हो गई। आरोपियों ने अमन को पीछे से धक्का दे दिया। नीचे गिरते समय उसका सिर पत्थरों पर जा टकराया। आरोपियों उसे घसीटकर पास ही के खंडहर में छोड़ दिया और उसके पैसे और मोबाइल अपने साथ लेकर मौके से फरार हो गए।

### दोहरा हत्याकांड

**दोहरे** हत्याकांड में गिरफ्तार पंकज तथा रोहित है नगला एनक्लेव पार्ट 2 के निवासी हैं। आरोपी नशा करने के आदी हैं। आरोपियों ने एक जनवरी की रात नंगला एनक्लेव पार्ट 2 में एक निर्माणाधीन मकान में सो रहे तीन मजदूरों को हथौड़े और चाकू से चोट मारकर बुरी तरह घायल कर दिया था। जिसमें से दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और तीसरा अस्पताल में भर्ती है। अपराध शाखा डीएलएफ ने दोनों आरोपियों को छह जनवरी को डबुआ सब्जी मंडी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की उम्र लगभग 20 वर्ष है। नशे की लत के चलते आरोपियों को पैसों की आवश्यकता थी। इसी कारण उस रात उन्होंने निर्माणाधीन मकान में सो रहे मजदूरों को लूटने की योजना बनाई।

# अधिकारी, पुलिस, विधायक, चिकित्सक समेत 580 पॉजिटिव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में शुक्रवार को कोरोना के सर्वाधिक 580 नए मामले सामने आए। इसमें सरकारी और निजी अस्पतालों के कई चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा विधायक के पॉजिटिव आने के बाद उनके पुत्र की रिपोर्ट पॉजिटिव आई हैं। इसके अलावा एक प्रशासनिक अधिकारी और कई पुलिस कर्मियों की रिपोर्ट भी पॉजिटिव पाई गई। उनके सम्पर्क में आए लोगों को जांच कराने के लिए कहा गया। जिससे जिला अस्पताल की प्रयोगशाला में भारी भीड़ लग गई।

**यहां से पॉजिटिव** : 580 पॉजिटिव में सुभाष कालोनी, पर्वतीया कॉलोनी, सेक्टर-58 और सेक्टर-89 से 1-1 मरीज है। सेक्टर-77, 30, 85 से 2-2 मरीज है। सेक्टर-78, 84, 22, 23, 91 से 3-3 मरीज है। एनएच-दो, सेक्टर-55, जवाहर कॉलोनी, एनएच-5 से 4-4 मरीज है। शिव दुर्गा बिहार, सेक्टर-31, 11, डबुआ कॉलोनी से 5-5 मरीज है। वहीं एसजीएम नगर, सेक्टर-31, 76, ग्रीन वैली से 6-6 मरीज है। सेक्टर- 29 से 7 मरीज है। सेक्टर-28 से सर्वाधित 48 मरीज है। सेक्टर-37 से 13, सेक्टर-82 से 19, सेक्टर-88 से 15, सेक्टर-86 से 14, सेक्टर-21 से सर्वाधित 45 मरीज हैं। चार्मवुड विलेज और सैनिक कॉलोनी से 11-11 मरीज हैं। एनएच-तीन से 9 मरीज हैं। सेक्टर-16 से 37 मरीज हैं। सेक्टर-17 से 24, सेक्टर-19 से 12 और आईपी कॉलोनी से 8 मरीज हैं। सेक्टर-15 से 47, सेक्टर-14 से 42, सेक्टर-9 से 23, सेक्टर- 43 से 15 और ग्रीन फिल्ड कॉलोनी से 15 मरीज हैं। इसके अलावा अन्य एरियों से 67 मरीज शामिल है।

**एक्टिव केस 1648**: जिले में 580 नए मामले सामने आने से एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 1648 पर पहुंच गया है। जिसमें 57 मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया है। 1591 मरीज होम आईसोलेशन में हैं।

### ओमिक्रॉन के चार नए मामले ओर आए सामने

**फरीदाबाद।** जिले में ओमिक्रॉन के चार नए मामले सामने आए है। जिससे जिले में ओमिक्रॉन पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा 34 पर पहुंच गया है। सामने आए चारों मामले विदेशों से लौटे व्यक्ति हैं। जिले में कोरोना के साथ ही ओमिक्रॉन के मामले भी लगातार बढ़ रहे है। सूत्रों के मुताबिक ओमिक्रॉन पॉजिटिव मरीजों की संख्या 34 पर पहुंच चुकी है। कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डॉ रामभगत ने ओमिक्रॉन के चार नए मामलों की पुष्टि शुक्रवार को कर दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर-28 से दो लोग है। जोकि दुबई से लौटे हैं। वहीं सेक्टर-9 से एक मामला सामने आया है। वह यूएसए से लौटा है। सेक्टर-31 से सामने आया पॉजिटिव आस्ट्रेलिया से लौटा है। चारों ने वैक्सीन की दोनों डोज लगवाई हुई थी। उन्होंने बताया कि चारों को किसी तरह की कोई बीमारी नहीं है। जिस कारण उन्हें होम आईसोलेशन में रखा गया है। चारों ही स्वास्थ्य है, उनकी कोरोना की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। जिस पर चारों के जीनोम सीक्वेंसिंग के सैम्पल जांच किए गए थे। जिसमें चार की ही रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

# कोविड-19 प्रोटोकोल के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह मनाया जाएगा। कोविड-19 के लगातार बढ़ते मामले देखते हुए गणतंत्र दिवस समारोह एक सादे समारोह में आयोजित करने पर विचार किया जा सकता है। इसके लिए अगले कुछ दिनों तक स्थिति पर नजर रखने के उपरांत निर्णय लिया जाएगा।

उपायुक्त जितेंद्र यादव शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित वर्चुवल मीटिंग में दिशा-निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि हमें समारोह को लेकर पिछले वर्षों की तरह सभी तैयारियां पूर्ण रखनी हैं। अगर मामले बढ़ते हैं और स्थिति में सुधार नहीं होता तो सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में सादा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अगर स्थिति में सुधार होता है और स्थितियां ठीक बनती हैं तो सेक्टर-12 हैलीपेड ग्राउंड में कोविड-19 प्रोटोकोल के दायरे में कार्यक्रम आयोजित होगा।


सेक्टर लघु सचिवालय में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आनलाइन अधिकारियों की बैठक संबोधित करते जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव।

# 25571 लोगों ने लगवाई वैक्सीन

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए वैक्सीनेशन को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में अब 15 से 60 प्लस आयुवर्ग के लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। जिसमें 15 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 9609 को और निजी में 124 बच्चों को लगाई। वहीं 18 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 4738 को और निजी में 39 लोगों को लगी। वहीं सैकेंड डोज सरकारी में 7752 को और निजी में 78 को लोगों को लगी। वहीं 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 878 को और निजी में 4 लोगों ने लगवाई।

# खेल परिसर में बैठक का किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर-12** स्थित खेल परिसर में खेल अधिकारी व कोच के साथ जिम, हेल्थ क्लब और फिटनेस संचालकों की शुक्रवार को बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिम का लाइसेंस लेने और स्टेरॉयड को लेकर विचार विमर्श हुआ। खेल अधिकारी व कोच ने जहां स्टेरॉयड के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया, वहीं जिम संचालक और ट्रेनरों ने भी सुझाव दिए। जिम संचालकों की कमेटी गठित की गई है।

अब फाइनल बैठक सोमवार को होगी। जिला खेल अधिकारी जगबीर सिंह ने जिम संचालक, ट्रेनर और हेल्थ क्लब संचालकों से कहा कि आप सभी को लाइसेंस लेना होगा। चूंकि बेहतर हेल्थ बनाने के लिए यहां आने वाले काफी युवा स्टेरॉयड का सेवन करते हैं, जिससे की उनकी जान को खतरा है। इन दवाओं के सेवन से युवाओं का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है और पिछले दिनों तो नोएडा में एक युवक की स्टेरायड के सेवन करने से मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि स्टेरॉयड के लगातार सेवन से शरीर के अंगों पर भी नकारात्मक असर होता है। शरीर में दूसरे तरह के इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में सभी को ग्रुप इंश्योरेंस की व्यवस्था करनी चाहिए।


### जिम संचालकों की कमेटी का गठन

ट्रेनर क्वालीफाइड हो। साथ ही हर मशीन पर उसके नाम की चिप लगी होनी चाहिए। जिम में सीसीटीवी होने चाहिए। वहीं जिम संचालकों ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के बाद हरियाणा के फरीदाबाद जिले में युवाओं को लेकर एक बेहतर कार्य की शुरुआत की गई है। इस योजना को हम सब मिलकर सिरे चढ़ाएंगे। लेकिन संचालकों का कहना है कि अगर किसी युवा की किसी वजह से जिम में मौत हो जाती है तो उसका जिम्मेदार सीधे तौर पर जिम संचालकों को न ठहराया जाए। हालांकि खेल अधिकारी जगबीर सिंह ने जिम संचालकों के सही सुझावों को मान लिया है।

# शहर में 22 हजार स्ट्रीट वेंडरों को स्थान देने की क्षमता

## टाउन वेंडिंग कमेटी की मीटिंग में शहर के 40 वार्डों के लिए टाउन वेंडिंग प्लान को मिली मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


निगम कान्फेंस हाल में बैठक को संबेधित करते निगमायुक्त यशपाल यादव।

**नगर** निगम आयुक्त यशपाल ने कहा कि शहर को सुंदर व व्यवस्थित करने की दिशा में शुक्रवार को नया कदम आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि शहर में इधर-उधर बिखरे हुए स्ट्रीट वेंडरों को एक निश्चित स्थान दिया जाएगा और इसके लिए कार्य योजना पूरी कर ली गई है। वह शुक्रवार को नगर निगम सभागार में आयोजित टाउन वेंडिंग कमेटी की मीटिंग में संबोधित कर रहे थे।

मीटिंग के दौरान उन्होंने बताया कि नए टाउन वेंडिंग प्लान के तहत सभी 40 वार्डों में 22 हजार 30 स्ट्रीट वेंडरों को स्थान देने के लिए योजना को अंतिम रूप दिया गया है। वहीं अब तक 9 हजार 62 स्ट्रीट वेंडरों के ही आवेदन प्राप्त हुए हैं और हम इन सभी को स्थान देंगे। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी अगर जरूरत पड़ती है तो स्ट्रीट वेंडरों को स्थान उपलब्ध करवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वेंडर को लॉ के अनुसार ही स्थान दिया जाएगा। मीटगिं में प्रत्येक वार्ड के लिए निर्धारित किए गए स्थानों पर क्रमवार ढंग से चर्चा की गई। मीटिंग में उन्होंने कहा कि जो साईट चिह्नित की गई हैं और उनके अलावा भविष्य में कोई साईट मिलती है तो उसके बारे में भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन साईटों के चयन में निर्धारित की गई एजेंसी, वार्ड कमेटियों और अधिकारियों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि जो साईट अप्रूव होगी वेंडरों को उसी के अनुसार बिठाया जाएगा। मीटिंग में मेयर सुमन बाला, डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त उदय सिंह मीणा, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एएमसी इंद्रजीत कुलडिया सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।


# अब जिला में 52 कंटेनमेंट जोन होंगे

**फरीदाबाद।** जिलाधीश जितेन्द्र यादव ने जिला में कंटेनमेंट जोन की सूची संशोधित की है, जिसके तहत नए क्षेत्र कंटेनमेंट जोन में शामिल किए हैं। इन कंटेनमेंट जोन में जिला प्रशासन, हरियाणा सरकार व केंद्र सरकार द्वारा जारी सभी हिदायतें लागू होंगी। शुक्रवार को नए बनाए गए जोन में मकान नंबर- 801 से 804 लेकव्यू, ए-12 से ए-20 सेक्टर 49, सैनिक कॉलोनी, 2650 से 2657 सेक्टर 49, सैनिक कॉलोनी, एफ-1650 से एफ-1660 सेक्टर 49, सैनिक कॉलोनी, 1700 से 1710 सेक्टर 49, सैनिक कॉलोनी, 2बी/34 से 2बी/40 एनआइटी 2, मकान नम्बर- पीए 114 पहला फ्लोर से पीए 116 दूसरा फ्लोर सेक्टर 77 समेत 52 स्थान शामिल किए हैं।

# टक्कर के कारण दो गाड़ियों में लगी आग

## फरिश्ता बनकर आई डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी के अंदर बेहोश हुए व्यक्ति को गाड़ी का शीशा तोड़कर निकाला सुरक्षित बाहर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


टक्कर से लगी आग में जलती कारें।

**सूरजकुंड** पाली रोड पर रात करीब 11 बजे हुई दो गाड़ियों की टक्कर के कारण दोनों गाड़ियों में भयंकर आग लग गई और दोनों गाड़ियां धू-धू कर जलने लगी। दोनों गाड़ियों में से स्विफ्ट गाड़ी का चालक बेहोश हो चुका था। चालक की जान बचाने में फरीदाबाद पुलिस का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस की 12 टीम फरिश्ता बनकर आई और चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

दोनों गाड़ियां सूरजकुंड पाली रोड पर एमवीएन नाके के पास टकराई थी जिसमें से एक गाड़ी हाईवे ट्रक थी तथा दूसरी स्विफ्ट डिजायर थी। स्विफ्ट डिजायर चालक मेवला से मांगर जा रहा था जिसने बहुत अधिक शराब पी रखी थी। शराब के नशे में उससे गाड़ी का कंट्रोल छूट गया और गाड़ी सामने से आ रही हाइवा ट्रक से टकरा गया। टक्कर होते ही दोनों गाड़ियों में आग लग गई।

घटनास्थल से चंद दूरी पर डायल 112 की टीम गश्त कर रही थी जिसमें इंचार्ज एएसआई कृष्ण, सिपाही रोहताश तथा विक्रांत शामिल थे जिन्होंने बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचकर देखा तो स्विफ्ट गाड़ी चालक बेहोश हो चुका था। ईआरसी टीम ने खिड़की खोलकर चालक को बाहर निकालना चाहा परंतु गाड़ी का दरवाजा लॉक हो चुका था। चालक की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने तुरंत गाड़ी की खिड़की का शीशा तोड़ दिया और लॉक खोलकर बेहोश चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

# अमेरिकी लोकतंत्र

## कैपिटाल पर हमला

**पिछले** साल 6 जनवरी को हजारों अमेरिकनों की भीड़ ने वाशिंगटन में अमेरिकी कैपिटाल पर जैसे हमला बोल दिया था। उस समय कांग्रेस का संयुक्त सत्र निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन की चुनावी विजय को औपचारिक रूप देने का प्रयास कर रहा था। दंगाइयों ने पुलिस अधिकारियों पर हमला बोला तथा संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और परिसर को पूरी तरह अपने घेरे में ले लिया। कांग्रेस पर 'विद्रोह' कहा जाने वाला हमला निर्वतमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उकसाऊ भाषणों के कारण हुआ था जिन्होंने अपनी पराजय अस्वीकार कर दी थी। ट्रंप ने समर्थकों से कहा था, 'आप वह स्थिति स्वीकार नहीं करते हैं जिसमें चोरी शामिल हो।' उन्होंने उनको कैपिटाल में बुलाया, पर उनमें शामिल नहीं हुए। हालांकि, ट्रंप महाभियोग से बच गए, पर यह सवाल आज भी पूछा जा रहा है कि क्या ट्रंप ने न्याय की सीमा पार की थी? हिंसक हमला ट्रंप के राष्ट्रपति शासनकाल में अनेक भड़काऊ भाषणों का नतीजा था। इसने मूल रूप से कांग्रेस को भी बदला और अमेरिकन लोकतंत्र की मजबूती पर सवाल खड़े किए। शायद लोकतंत्र उन असली बुराइयों का मुखौटा बन गया है जो अमेरिका में व्याप्त हैं। इनमें भयानक आर्थिक असमानता, नाजुक नस्ली संबंध, बंदूक प्रयोग की संस्कृति, सामाजिक समावेश के मुद्दे, आदि शामिल हैं। इसके अलावा निर्वाचित प्रशासन तथा विशाल औद्योगिक समुच्चय के बीच सत्ता के लिए संघर्ष भी महत्वपूर्ण है। ट्रंप ने रिपब्लिकन पार्टी को उग्र दक्षिणपंथी असोसियेशनों गठजोड़ की तरह विकसित किया था जिनके विचार समावेशी नीतियों के बारे में चरमपंथी थे।



डेमोक्रेट इस स्थिति के लिए तैयार नहीं थे कि वे जनता में कहां तक जा सकते थे, वहीं रिपब्लिकनों में परंपरागत नेता भी समान रूप से एक व्यक्ति द्वारा शिष्टाचार को पैरों के नीचे कुचलने से आहत थे। इसके बावजूद जब ट्रंप ने विवाद खड़ा किया तो इसका संबंध भाषण की लोकतांत्रिक स्वतंत्रता से था। सत्य बोलने के नाम पर पांचवें संशोधन के प्रयोग या आत्मरक्षा के अधिकार को बंदूक खरीदने से जोड़ने की प्रवृत्ति अमेरिकी लोकतंत्र में फल-फूल रही है। इसके बावजूद जब ट्रंप ने अपने खिलाफ पड़े मतों का विरोध करने का फैसला किया तथा 6 जनवरी की घटना हुई तो अमेरिकन उस पर प्रतिक्रिया के बारे में अनिश्चित थे। उस समय तक अन्य देशों के बारे में अखबारों में आने वाली खबरों या टीवी पर दिखने वाली घटनाओं के प्रति एक प्रकार की बेचैनी की स्थिति थी, लेकिन अब यह उनके बीच वाशिंगटन में हो रहा था। 6 जनवरी इस बात का प्रमाण है कि राजनीति में अराजकता पैदा करने से लोकतांत्रिक मूल्य पटरी से उतर सकते हैं, पर ये लोकतंत्र को पटरी से पूरी तरह उतारने के लिए नाकाफी हैं। जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि लोगों का लोकतंत्र में विश्वास घट रहा था, पर इस बीच उनके नेता इसे 'आदर्श' बता कर इसके सम्मान के लिए भी कह रहे थे। 'विद्रोह' ने सेना को त्वरित प्रतिक्रिया के लिए लगभग तैयार कर दिया था, पर जन प्रतिनिधियों ने इसे अस्वीकार कर दिया। आश्चर्यजनक रूप से एक रिपब्लिकन सिनेटर व एक अमेरिकी प्रतिनिधि ने बयान जारी कर जोर दिया कि कैपिटाल परिसर 'संघीय सिविलियन कानून लागू कराने वाली एजेंसी की जवाबदेही बना रहना चाहिए' तथा 'हम कैपिटाल हिल की सुरक्षा का सैन्यीकरण नहीं करना चाहते हैं।' इससे उन लोगों को जवाब मिल जाना चाहिए जो अब भी अमेरिकन जनता को इस मामले में दुविधाग्रस्त मानते हैं कि 'विद्रोह' लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने का प्रयास था अथवा यह खतरनाक पक्षपाती राजनीति का नतीजा था।

# चिकित्सा शिक्षा में सामाजिक न्याय

स्वास्थ्यरक्षा राष्ट्रीय महत्व का मामला तथा स्वस्थ भारत की कुंजी है। रेजीडेंट डाक्टर पूरी स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**देवेंद्र सिंह असवाल**
लेखक दिल्ली बार कौंसिल के सदस्य हैं)





**स्ना**तक-यूजी व परास्नातक-पीजी स्तर पर चिकित्सा शिक्षा में अन्य पिछड़े वर्गों-ओबीसी तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों-ईडब्लूएस के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का मामला सर्वोच्च न्यायालय में महत्वपूर्ण सुनवाई का विषय बना हुआ है। चिकित्सा छात्र तथा पूरा देश सांस रोक कर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा कर रहा है क्योंकि यह समान रूप से सामाजिक न्याय व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण मुद्दा है। रेजीडेंट डाक्टरों के एक समूह ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष आरक्षण देने वाली सरकारी अधिघोषणा को चुनौती दी थी। 29 जुलाई, 2021 को केन्द्र सरकार ने एक अधिघोषणा जारी कर स्नातक व परास्नातक चिकित्सा व दंत चिकित्सा पाठ्यक्रमों में अकादमिक वर्ष 2021-22 से आरक्षण का प्राविधान किया था। इसके अनुसार ओबीसी को 27 प्रतिशत तथा ईडब्लूएस को 10 प्रतिशत आरक्षण आल इंडिया कोटे-एआईक्यू में दिया गया है। एमबीबीएस में प्रवेश के लिए नीट-यूजी परीक्षा शिक्षा मंत्रालय की नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा कराई जाती है, जबकि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का नेशनल बोर्ड आफ एक्जामिनेशन-एनबीई देश में चिकित्सा व दंत चिकित्सा पाठ्यक्रमों में नीट-पीजी परीक्षा कराता है। नीट पीजी परीक्षा जनवरी, 2021 में पस्तावित थी, पर इसे अप्रैल 2021 तक टाला गया था। इस बीच कोविड-19 के कारण इसे सितंबर 2021 तक टाला गया। परीक्षा परिणाम अक्टूबर में आए। अक्टूबर के अंत में कौंसिलिंग शुरू होनी थी, पर कुछ डाक्टरों द्वारा अधिघोषणा को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने के कारण यह नहीं शुरू हो सकी और मामला न्यायालय के विचाराधीन है। याचिकाकर्ताओं ने ईडब्लूएस दर्जे के लिए निर्धारित 8 लाख रुपये आमदनी की तार्किकता को भी चुनौती दी है। एक और महत्वपूर्ण आयाम मेरिट के आधार पर उच्च स्थान पाने वाले छात्रों का है जो उनके लिए अतिरिक्त सीटें न बनाए जाने पर नए आरक्षणों के कारण प्रवेश से वंचित हो जाएंगे।

हालांकि, रेजीडेंट डाक्टरों ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के व्यक्तिगत हस्तक्षेप पर हड़ताल वापस ले ली थी, पर प्रवेश में अत्यधिक विलंब तथा योग्य छात्रों को प्रवेश से वंचित रखने का मामला गंभीर चिन्ता का विषय बना हुआ है। समस्या के त्वरित व सद्भावपूर्ण समाधान की आवश्यकता है क्योंकि कोरोनावायरस वैश्विक महामारी की एक और लहर का खतरा बना हुआ है जिससे रोगियों की संख्या में भयानक वृद्धि हो सकती है। रेजीडेंट डाक्टर नीट-पीजी कौंसिलिंग 2021 को बार-बार टालने के खिलाफ 27 नवंबर से आंदोलन कर रहे हैं जिसके कारण मेडिकल कालेजों में डाक्टरों के नए बैच का प्रवेश रुका हुआ है।

आल इंडिया कोटा-एआईक्यू योजना 1986 में सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देश के अंतर्गत शुरू हुई थी जिसमें किसी भी राज्य के छात्र को किसी भी राज्य के अच्छे मेडिकल कालेज में पढ़ने के लिए डोमीसाइल-मुक्त व मेरिट-आधारित अवसर दिए गए थे। एआईक्यू सरकारी मेडिकल कालेजों में कुल उपलब्ध यूजी सीटों के 15 प्रतिशत तथा पीजी सीटों के 50 प्रतिशत पर होता है। 2007 के पहले एआईक्यू योजना में कोई आरक्षण नहीं था। 2007 में सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जातियों-एससी के लिए 15 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजातियों-एसटी के लिए 7.5 प्रतिशत आरक्षण निर्धारित किया। 2007 में केन्द्रीय शिक्षा संस्थान प्रवेश में आरक्षण कानून लागू होने के बाद पहली बार ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिला। इसका क्रियान्वयन सभी केन्द्रीय मेडिकल चिकित्सा संस्थानों में किया गया, पर यह राज्य मेडिकल कालेजों व डेंटल कालेजों की एआईक्यू सीटों पर लागू नहीं था। 2019 में किए 103वें संविधान संशोधन ने सभी केन्द्रीय शिक्षा संस्थानों में ईडब्लूएस श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया। ईडब्लूएस आरक्षण को समाहित करने के लिए सभी चिकित्सा व डेंटल कालेजों में अतिरिक्त 10 प्रतिशत सीटें बढ़ाई गईं ताकि अनारक्षित श्रेणी की सीटें प्रभावित न हों।

> **हालांकि, रेजीडेंट डाक्टरों ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के व्यक्तिगत हस्तक्षेप पर हड़ताल वापस ले ली थी, पर प्रवेश में अत्यधिक विलंब तथा योग्य छात्रों को प्रवेश से वंचित रखने का मामला गंभीर चिन्ता का विषय बना हुआ है। समस्या के त्वरित व सद्भावपूर्ण समाधान की आवश्यकता है।**

एक याचिका पर मद्रास उच्च न्यायालय ने जुलाई 2020 में आदेश दिया कि ओबीसी को एआईक्यू सीटों में आरक्षण का अधिकार है और केन्द्र सरकार को इसे 2021 अकादमिक वर्ष से लागू करना चाहिए। केन्द्र सरकार ने जुलाई, 2021 की अधिघोषण द्वारा सभी यूजी व पीजी की एआईक्यू सीटों में ओबीसी के लिए 10 व ईडब्लूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया। नीट पीजी-21 कौंसिलिंग में असाधारण विलंब को देखते हुए सरकार इन आरक्षणों पर क्रियान्वयन अकादमिक वर्ष 2022-23 के लिए टाल सकती थी। लेकिन कोई सरकार सामाजिक न्याय के अत्यधिक भावनात्मक व ज्वलंत मुद्दे को टालना पसंद नहीं करेगी, वही भी ऐसी स्थिति में जब चुनाव निकट हों। सामाजिक न्याय का मुद्दा राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने का महत्वपूर्ण संभावित औजार माना जाता है। एक समय मंडल व कमंडल की राजनीति में टकराव था, पर आज दोनों का मिश्रण चुनावी विजय का निश्चित फार्मूला माना जाता है। इसी कारण मंडल कमीशन की रिपोर्ट ठंडे बस्ते से निकाल कर तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने लागू की थी जो उनकी सरकार बचाने का एक तरीका भी था।

पूर्ण संसदीय बहुमत से वंचित पीवी नरसिम्हाराव सरकार ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण के साथ ही ईडब्लूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की अधिघोषणा जारी की थी, लेकिन इसे चुनौती दी गई। सर्वोच्च न्यायालय ने इंदिरा साहनी बनाम भारत सरकार, 1992 के मशहूर मामले में फैसला देते हुए ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण तो बनाए रखा, पर ईडब्लूएस का 10 प्रतिशत आरक्षण रद्द कर दिया। लेकिन 103वां संविधान संशोधन पास होने के बाद ईडब्लूएस के आरक्षण को संवैधानिक गारंटी मिल गई। हालांकि, राष्ट्रीय उत्कृष्टता व राष्ट्रीय तथा रणनीतिक महत्व पर अग्रणी शोध के कुछ संस्थान इन आरक्षणों के दायरे से बाहर रखे गए हैं।

रेजीडेंट डाक्टर चाहते हैं कि नीट पीजी-21 की कौंसिलिंग बिना और देर किए फौरन शुरू हो जो पहले ही अनेक कारणों से बहुत लंबी खिंच गई है। अकादमिक सत्र 2022-23 कुछ ही महीने बाद शुरू होने वाला है और गंभीर ढांचागत समस्याओं तथा फैकल्टी की कमी के कारण लगभग 90,000 पीजी छात्रों को उस व्यवस्था में समाहित नहीं किया जा सकता है जो प्रति अकादमिक वर्ष 45,000 छात्रों के लिए बनी है। इसके साथ ही छात्रों को अनावश्यक मानसिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है जिसका प्रभाव उनके शिक्षण तथा रोगियों के इलाज पर पड़ सकता है। शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद या नए कानून के अंतर्गत चिकित्सा आयोग ने प्रोफेसर-शिक्षक अनुपात अकादमिक वर्ष 2018-19 से 1:2 के बजाय 1:3 कर दिया था। इस कारण प्रोफेसरों पर पहले ही बहुत भार है और वे एकसाथ दो बैच चला रहे हैं। इसके साथ ही देश को योग्य पीजी डाक्टरों के नए बैच की आवश्यकता है। स्वास्थ्यरक्षा राष्ट्रीय महत्व का विषय तथा स्वच्छ भारत की कुंजी है। रेजीडेंट डाक्टर इस पूरी स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। उम्मीद है कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला इस मामले का समुचित समाधान करेगा जो देश के दीर्घकालीन हितों के अनुरूप होगा क्योंकि अब हम डाक्टरों की हड़तालें झेलने की स्थिति में नहीं हैं।

# हरफनमौला क्रिकेटरों का अभाव

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



**जब** मैंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट का दूसरा दिन देखा, तो मैंने पाया कि तेज गेंदबाज काफी घंटों से विकेट नहीं ले पा रहे थे। फिर भी उनमें से किसी ने भी अपने बाएं हाथ से बदलाव के लिए गेंदबाजी करने की कोशिश नहीं की। या लेग कटर, पाकिस्तान के फजल महमूद की तरह अपने दिनों में सफलतापूर्वक गेंदबाजी किया करते थे। या यहां तक कि एक अलग प्रकार की धीमी डिलीवरी का प्रयास करें क्योंकि वेस्टइंडीज के गैरी सोबर्स कोशिश करते थे जब उनका शुरुआती स्पेल खत्म हो गया था। वह अन्यथा एक शुरुआती तेज गेंदबाज थे।

क्रिकेट के मौजूदा प्रतिस्पर्धी दौर में, इतने कम ऑलराउंडर क्यों हैं? बादलों के बीच से निकलने वाली चंद किरणों में से एक है ऑलराउंडरों की, वहीं विशेषज्ञों की धूप है। दाएं हाथ का बल्लेबाज बाएं हाथ का गेंदबाज हो सकता है। बाएं हाथ का गेंदबाज, धीमा, मध्यम या तेज, अपने दाहिने हाथ से गेंदबाजी क्यों नहीं कर सकता? दिमाग या गेंदबाजी की तकनीक एक ही है। गेंदबाज बाएं हाथ का सलामी बल्लेबाज है, लेकिन जब उसका बायां हाथ एक भी विकेट लेने में विफल रहता है तो वह अपने दूसरे हाथ की कोशिश नहीं करेगा। इसका उत्तर यह हो सकता है कि वह दोनों हाथों से गेंदबाजी करने के लिए प्रशिक्षित नहीं थे। सच है, लेकिन 22 साल का युवा खिलाड़ी इतनी कम उम्र में प्रशिक्षित होकर क्यों नहीं बना सकता? क्या यह उनके बाएं हाथ से अपनी विशेषज्ञता को कमजोर करने का डर है? या यह सिर्फ एक सादा मानसिकता है? ऐसा लगता है कि जसप्रीत बुमराह ने हाल ही में कुछ बल्लेबाजी के साथ प्रयोग किया है। तो शायद मोहम्मद शमी के पास है, हालांकि थोड़ी देर हो चुकी है।

यह कहना कि भारत एक बड़ा देश है, एक अल्पमत है, और विशेष रूप से, जब क्रिकेट के संदर्भ में कहा जाता है। ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और वेस्टइंडीज तुलनात्मक रूप से छोटे हैं। फिर भी उनमें से प्रत्येक 11 खिलाड़ियों की एक टेस्ट टीम को मैदान में उतारता है; ना ज्यादा ना कम। कोई राष्ट्र क्षेत्र, दो या तीन टीमों का कहना है।

50 ओवर के एक दिवसीय और ट्वेंटी-20 के साथ भी ऐसा ही है। कुल मिलाकर, कोई भी देश किसी एक दिन में कुल 33 खिलाड़ियों से अधिक क्षेत्ररक्षण नहीं करता है। 25 मिलियन लोगों के साथ श्रीलंका और 1,400 मिलियन के साथ भारत का वजन एक ही पैमाने पर किया जाता है। सौदेबाजी में, भारतीय क्रिकेटरों को मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में करियर में वृद्धि के लिए एक छोटी सी गुंजाइश के



साथ दबा दिया जाता है। कोई यह भी जानता है कि भारतीय खिलाड़ी या उनकी प्रशिक्षण अकादमियां युवाओं को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बहुत कम करती हैं। उन युवा लड़कों और लड़कियों के लिए जो उभयलिंगी हैं, स्पष्ट रूप से पाँच प्रतिभाएँ हैं जिन्हें वे वैचारिक रूप से विकसित कर सकते हैं। यह दोनों हाथों और हाथों से बल्लेबाजी और गेंदबाजी है। फील्डिंग पांचवी क्षमता है। यहाँ भी, क्यों न दोनों हाथों से फेंकना सीखें, जिससे अधिकतम छह संकाय बनेंगे? गैरी सोबर्स के उदाहरण पर गौर करें तो तेज गेंदबाजी के साथ-साथ धीमी-मध्यम गेंदबाजी का भी विकल्प है। यह सबसे आसान विकल्प होना चाहिए। ऑलराउंडरों या बहुमुखी खिलाड़ियों के लिए यह दलील न केवल खिलाड़ियों और उनकी प्रशिक्षण अकादमियों के लिए है, बल्कि भारत के लिए भी है। क्रिकेट में उछाल सबसे पहले एक दिवसीय मैचों की शुरुआत के साथ शुरू हुआ और कुछ दशक बाद, ट्वेंटी -20 मैचों के आगमन के साथ शुरू हुआ। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का नवाचार एक और बड़ा बढ़ावा रहा है, जिसने पूरे भारत में युवा पुरुषों को मान्यता प्राप्त करने के लिए काफी गुंजाइश दी है और उनमें से कई अंतत: अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में पहुंच जाते हैं।

आईपीएल के बिना, हमारे कई क्रिकेट के फूल इतने शानदार ढंग से नहीं खिल पाते। इस लीग की कल्पना करने वाला माली अब दुर्भाग्य से दुनिया के किसी कम ज्ञात कोने में भूल गया है जहाँ उसे स्थित और पहचाना नहीं जा सकता है! वाकई बड़े अफ़सोस की बात है।

हम जो समझ सकते हैं, वह यह है कि खिलाड़ियों के लिए लगातार विस्तार के दायरे के अभाव में, वे भविष्य की किसी तारीख में छोटे देशों में प्रवास करने पर विचार कर सकते हैं। मान लीजिए कि न्यूजीलैंड जैसे छोटे देश में प्रतिभाशाली क्रिकेटरों की कमी है, यह कुछ भारतीय खिलाड़ियों को पलायन करने के लिए प्रेरित कर सकता है। मुझे लगता है कि इस तरह के विकास में कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन मुझे यह अवांछित लगता है अगर यह भविष्य की भविष्यवाणी करने में हमारी विफलता का परिणाम है।

यहाँ कुछ अकथनीय का उल्लेख करने की आवश्यकता है; जो यह है कि कुछ टूर्नामेंट भीड़ को आकर्षित करते हैं, जबकि अन्य बस नहीं करते हैं। रणजी ट्रॉफी को ही लें, जिसका नाम प्रतिष्ठित बल्लेबाज जाम रंजीतसिंहजी के नाम पर रखा गया, जिन्होंने जानबूझकर स्कोरिंग प्रयास के रूप में विकेट के पीछे स्ट्रोक को नया रूप दिया। विशेष रूप से लेग-कट, स्वीप आदि तब तक नहीं खेले गए जब तक रणजी ने इंग्लैंड में नहीं दिखाया, मुख्य रूप से काउंटी क्रिकेट टूर्नामेंट में, इन शॉट्स को कैसे खेलना है। यहां तक ??कि ऑफ साइड कट भी बहुत आम नहीं थे; बार-बार स्कोर करने की शैली विकेट के सामने थी, चाहे लेग पर हो या ऑफ साइड पर। फिर भी भारत में रणजी ट्रॉफी के मैच भीड़ नहीं खींचते हैं। उनके पास कभी नहीं है, हालांकि किसी के राज्य के लिए खेलना उत्साह पैदा करना चाहिए।

इसके ठीक विपरीत, पेंटांगुलर और, इससे पहले, चतुष्कोणीय टूर्नामेंट बड़े पैमाने पर लोकप्रियता का आनंद लेते थे। यह 1930 और 1940 के दशक में था। बाद वाले में एक हिंदू, एक मुस्लिम, एक पारसी और एक यूरोपीय टीम शामिल थी। इसके बाद, ईसाइयों, यहूदियों और अन्य लोगों को एक अवसर देने के लिए एक %शेष भारत% टीम को जोड़ा गया। यह लोकप्रिय टूर्नामेंट देश के कई हिस्सों में दंगों के साथ समाप्त हुआ, जिसके बाद विभाजन हुआ। 50 ओवर के एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और ट्वेंटी-20 ने इस संदर्भ में क्रिकेट में क्रांति ला दी है।

## आप की बात

### पीएम की सुरक्षा में लापरवाही

**पंजाब** में प्रधानमंत्री के काफिले को फ्लाईओवर पर जाम लगने के कारण बीस मिनट तक रुकना पड़ा और उन्हें निर्धारित कार्यक्रम में शरीक हुए बिना ही वापस दिल्ली लौटना पड़ा। यह एक शर्मनाक घटना है एवं प्रधानमंत्री की सुरक्षा के प्रति बरती गई कोताही को दर्शाती है। पाकिस्तान की सीमा से सटे जिले में लापरवाही का यह मंजर कई प्रश्न खड़े करता है। यह राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित एवं खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों का पूर्व नियोजित षड्यंत्र भी हो सकता है। भारतीय संघ में वीआईपी की सुरक्षा का दायित्व संबंधित राज्य की राज्य सरकारों का होता है। हमारे देश में आतंकवादी वारदातों के कारण पूर्व प्रधानमंत्री पहले भी दुर्घटना के शिकार होकर काल के गाल में समा चुके हैं। इस लिहाज से पंजाब सरकार कमजोर साबित हुई है। पंजाब सरकार ने स्थानीय एसएसपी को सस्पेंड करके एक हद तक अपनी गलती का स्वीकार किया है। पर यह कार्यवाही पर्याप्त नहीं कही जा सकती। देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा में सेंध लगना दुनिया में भारत की छवि को आघात पहुंचाता है। निष्पक्ष और पारदर्शी जांच द्वारा ही मामले की तह तक पहुंचा जा सकता है। पंजाब सरकार को इस संबंध में तत्परता दिखाना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### अनुकरणीय कदम

**एमपी** के महानगर इंदौर का क्या कहना जो स्वच्छता के मामले में पांच का पंजा तक लगा चुका है एवं इसी कारण देशभर सहित विश्व में आज उसकी एक अनुठी अलग पहचान है। यही इंदौर अब प्रदूषण करें कम, रेड लाइट पर इंजन को रखे बंद को लेकर एक अभिनव अभियान चला रहा है । शहर में दिनांक 5 जनवरी से 19 चौराहों और तिराहों पर ट्रैफिक सिग्नल की रेड लाइट पर वाहनों के इंजन बंद करवाने की मुहिम शुरू की गई है तब ऐसे करने वाले चालकों को गुलाब के फूल भेंट कर उनका शुक्रिया अदा किया जा रहा है साथ ही हेलमेट पहनने की अपील भी की जा रही है। यह अभियान 15 दिन तक चलाया जाएगा । विशेषज्ञों के मुताबिक इससे वायु प्रदूषण में 15 से 20त्न तक कमी आएगी, स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार की प्राथमिकता वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यू आई) है इसके अलावा उद्योगों में सीएनजी चलित वायलर लगवाए जा रहे हैं होटल रेस्त्रां में कोयले व लकड़ी के स्थान पर गैस तंदूर लगाने पर जोर दिया जा रहा है। लोडिंग वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में शिफ्ट भी किया जा रहा है। इस मुहिम में एनसीसी के कैडेट्स ने भाग लिया है आगे एनएसएस के विद्यार्थी भी इस अभियान से जुड़ने वाले हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर


### छलावे में न आएं

**तकनीकी** उन्नति ने शातिर लोगों के लिए अवसर खोल दिए हैं। अनजान और नासमझ लोगों को लालच के जाल में उलझा कर उनके साथ धोखाधड़ी आम बात हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के वाकये अधिक होते हैं। इसे तकनीक के जरिए ही रोका जाना चाहिए जिससे भोले-भाले लोग शोषण के शिकार से बचे। तकनीकी उन्नति हमारे विकास का आधार बनी है। लंबी चौड़ी प्रक्रिया मिनटों में पूरी हो रही है इससे लोगों का समय भी बच रहा है। इस तकनीक का सहारा लेकर कुछ शातिर जानकारों ने इसे अपना गोरख धंधा बना लिया है। अनजान लोगों को अपने जाल में फंसा कर उनका आर्थिक शोषण रोज की नियति हो गई है। तकनीकी धोखाधड़ी को तकनीक के सहारे ही रोका जा सकता है इसलिए जरूरी है कि सरकार ऐसे एसएमएस, मेल आदि पर निगाह रखे और लोगों को भी किसी के भुलावे मे आने से पहले जानकारों या संबंधित विभाग से जानकारी लेना चाहिए। सतर्कता में ही हमारी सुरक्षा निहित है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**प्रदेश** में डबल इंजन की सरकार के टायर पंचर होकर ध्वस्त हो चुके हैं।

**-मनिक सरकार**
त्रिपुरा में विपक्ष के नेता



**जब** लोगों को पता चलता है कि वे गैर टीकाकृत लोगों के कारण लाकडाउन झेल रहे हैं तो वे आक्रोशित हो जाते हैं।

**-जस्टिन ट्रूडो**
कनाडा के प्रधानमंत्री




**मैं** अरविंद केजरीवाल जी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करती हूं। जल्द स्वस्थ हों और अपना ख्याल रखें।

**- ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

# पिछली सरकारों ने पर्यटन सम्भावनाओं की उपेक्षा की: योगी

## मुख्यमंत्री ने पर्यटन विकास से जुड़ीं 642 करोड़ की 488 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पर्यटन सम्भावनाओं के विकास पर पिछली सरकारों ने अपेक्षित ध्यान नहीं दिया। वर्ष 2017 के पहले की यूपी में पर्यटन तो दूर कानून.व्यवस्था की बदहाली के चलते लोग औद्योगिक निवेश तक करना नहीं चाहते थे लेकिन आज आज प्रदेश पर्यटन विकास की ढेर सारी संभावनाओं को समेटे हुए आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी व सकारात्मक सोच के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास के मानचित्र पर आज एक नई कहानी कह रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन विकास से जुड़ीं ?642 करोड़ की 488 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कर रहे थे। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री किशन रेड्डी और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट की भी उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2013 के प्रयागराज महाकुंभ में दुर्व्यवस्था, गंदगी और भगदड़ की स्थिति रही। वहीं 2019 का प्रयागराज कुंभ ष्दिव्य और भव्य रहा। आज अयोध्या का दीपोत्सवए मथुरा का कृष्णोत्सव और रंगोत्सव और काशी की देव दीपावली पूरी दुनिया को आकर्षित कर रही है। हमने शुक तीर्थ, नैमिष धाम, गोरखपुर, कौशाम्बी, संकिसा, लालापुर सहित हर क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया है। यही नहीं मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना के माध्यम से प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में किसी न किसी पर्यटन स्थल के व्यवस्थित विकास को आगे बढ़ाने का कार्य हुआ है। प्रदेश में 700 से अधिक पर्यटन स्थलों का सफलतापूर्वक विकास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वह स्थल जो हमारी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक पहचान और आस्था से जुड़े हैंए सबका सम्मान करते हुए हर स्थल के विकास का काम हो रहा है। रिलिजियस टूरिज्म के साथ.साथ इको टूरिज्म को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन प्रयासों से युवाओं के लिए बड़ी संख्या में रोज़गार के अवसर भी सृजित हुए हैं। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष पर चौरीचौरा शताब्दी वर्षए लखनऊ रेजीडेंसी में हुए ड्रोन और लाइट एंड साउंड शोए महाकवि निराला की भूमि के पर्यटन विकासए काकोरी और शाहजहांपुर में अमर शहीदों की यादें संजोने जैसी कोशिशों का भी जिक्र किया।

लोकार्पण.शिलान्यास के इस कार्यक्रम में वर्चुअली सहभाग करते हुए केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जीण्किशन रेड्डी ने योगी सरकार द्वारा पर्यटन व संस्कृति संवर्धन के लिए किए गए प्रयासों को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार सांस्कृतिक विरासतों का उत्थान कर रही है। यह नए भारत की नई तस्वीर है। ब्रज क्षेत्र में विकास कार्यों का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह मंदिर हमारी आत्मा हैं। अगर इसे निकाल दिया जाए तो कुछ भी नहीं बचेगा। पुनर्स्थापनाए रामायण सर्किटए बौद्ध सर्किटए कृष्ण सर्किट का उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में रामराज्य है। विशेष अवसर पर पर्यटन विभाग के वार्षिक कैलेंडर व उपलब्धियों पराधारित पुस्तिका का भी विमोचन किया गया।

# देश भ्रमण पर निकली छात्र संसद राज्यपाल से मिली



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश की** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन स्थित जनकक्ष में छात्र संसद से जुड़कर देश भ्रमण के दौरान प्रदेश भ्रमण पर आए 45 छात्र.छात्राओं से भेंट की। राज्यपाल ने भेंट के दौरान विद्यार्थियों से उनके भ्रमण के दौरान प्राप्त अनुभवों की जानकारी ली और कहा कि निरंतर विकास के लिए वे जीवन में सदैव सक्रिय रहें।

विद्यार्थियों की जिज्ञासा पर अपने राजनीतिक जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए राज्यपाल ने उन्हें किसी भी योजना के क्रियान्वयन में लगने वाले समय के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में कई समस्याएं देरी का कारण होती हैं। समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहिए। समस्या का समाधान होने से ही परिवर्तन आता है।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को पढ़ने की आदत बनाए रखने और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का उपयोग सीमित और विकास कार्यों के लिए करने को प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि भ्रमण के दौरान वे जिस विभाग के केंद्रीय या प्रदेश के मंत्रीगणों से भेंट करते हैंए उनसे उस विभाग की योजनाओं और उसकी प्रगति की जानकारी भी लें। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थी देश और प्रदेश की व्यवस्था और जीवनशैली में क्रान्तिकारी परिवर्तन लाने वाली योजनाओं उनके लाभार्थियों से मिलकर प्रगति को जानेंए बदलाव को जानें। उन्होंने छात्र.छात्राओं को भ्रमण कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्रों को शामिल करने तथा वहां ड्यूटी कर रहे जवानों से मिलकर सीमा सुरक्षा बल की चुनौतियों और उनके समाधानों का अनुभव भी प्राप्त करने को कहा। विद्यार्थियों ने राज्यपाल से उनके राजनीतिक जीवन में जमीनी स्तर पर किये गए सुधारोंए शिक्षा सुधारोंए महिलाओं के विकास और सुरक्षा संबंधी कार्यों की जानकारी भी ली। विद्यार्थियों ने आरक्षण की उपयोगिताए सरकारी कार्यप्रणालीए ई.गवर्नेंस के प्रभावी क्रियान्वयनए प्रतिभा पलायन जैसे अनेक ज्वलंत विषयों पर भी जिज्ञासायें प्रकट कीं। राज्यपाल जी ने अति पिछड़ों को समाज में आगे लाने की आवश्यकताए कार्यालयों में फाइल.प्रचलनए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की जन.साधारण में समझ तथा प्रतिभाओं के लिए अपने प्रदेश में ही स्थान कैसे बनाया जा सकता है जैसे बिंदुओं के साथ विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि आप सब शिक्षा के उपरांत अपने व्यावसायिक जीवन में अग्रसर होंगेए तब ये अनुभव आपके लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में देश.हित के कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से उनके आगामी भ्रमण कार्यक्रमए ट्रांसपोर्ट तथा आवास व्यवस्था की जानकारी भी ली तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# गन्ने की कालाबाजारी में लिप्त तीन पर मुकदमा दर्ज

## क्रेशर की आड़ में चला रहे थे गन्ने की अवैध खरीद का गोरखधंधा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आयुक्त** गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा बताया गया है कि चीनी मिल सठियांव, आजमगढ़ के क्रय केन्द्र सिकहुला नाम के समीप अवस्थित मेसर्स शाण्डिल्य एग्रो इण्डस्ट्रीज द्वारा संचालित क्रेशर की आड़ में गन्ने की कालाबाजारी किए जाने की सूचना पर सठियांव चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के संयुक्त जांच दल द्वारा छापा मारा गया। अवैध गन्ने के परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जब्त कराने के साथ.साथ कालाबाजारी में लिप्त लोगों के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। गन्ना आयुक्त द्वारा बताया गया कि 4 जनवरी 2022 को अपरान्ह् 3 बजे गोपनीय सूचना प्राप्त हुयी कि सिकहुला गन्ना क्रय केन्द्र आजमगढ़ के निकट अवस्थित मेसर्स शाण्डिल्य एग्रो इण्डस्ट्रीज द्वारा संचालित क्रेशर पर ट्रक में गन्ने की अवैध लोडिंग की जा रही है। सूचना के आधार पर चीनी मिल सठियांव के मुख्य गन्ना अधिकारीए उप प्रबन्धक एवं सम्बन्धित ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सचिव द्वारा जांच की गई। जांच में ज्ञात हुआ कि जिस ट्रक में गन्ने की लोडिंग की जा रही है वह ट्रक सहकारी चीनी मिल सठियांव में गन्ना परिवहन हेतु पंजीकृत है तथा मेसर्स शाण्डिल्य एग्रो इण्डस्ट्रीज द्वारा संचालित क्रेषर पर लगभग 500 कुन्टल गन्ना खरीद कर डम्प किया गया है, जिसे ट्रक में लोडिंग कर बेचने हेतु अन्यत्र स्थानों पर ले जाने की तैयारी है। सघन जांच करने के दौरान यह भी पता चला कि क्रेषर मालिक द्वारा कृषकों से कम कीमत पर गन्ना खरीदकर अन्य चीनी मिलों को अधिक दामों पर आपूर्ति कर कालाबाजारी की जाती हैं। जबकि मेसर्स शाण्डिल्य एग्रो इण्डस्ट्रीज द्वारा संचालित क्रेषर पर केवल गन्ना खरीदकर गुड़ बनाने का कार्य ही किया जाना चाहिए। गन्ना आयुक्त ने बताया कि परिस्थितिजन साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट पाया गया कि मेसर्स शाण्डिल्य एग्रो इण्डस्ट्रीज द्वारा संचालित क्रेशर की आड़ में सीधे.सादे कृषकों का गन्ना अवैध रूप से औने.पौने दामों पर खरीदकर लाभ कमाने के उद्देष्य से अधिक दर पर अन्य चीनी मिलों को बेंचा जा रहा है उन्होंने यह भी बताया कि उपरोक्त गन्नें की कालाबाजारी में मेसर्स शाण्डिल्य एग्रो इण्डस्ट्रीज, सिकहुला, कोयलसा आजमगढ़ के क्रेषर मालिक आदित्य तिवारी, ट्रक के वाहन स्वामी उदय भान सिंह एवं गन्ना परिवहनकर्ता, राजेन्द्र यादव के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 417, 418, 420 व 120–बी के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही मौके पर पाये गये गन्ने से भरे ट्रक को भी सीज कर दिया गया है।

# विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब की ब्रिकी पर रहेगी कड़ी नजर

- नेपाल बार्डर व प्रदेश और सीमावर्ती राज्यों से जुड़ी सभी सीमाओं पर सघन अभियान चलाकर चेकिंग के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आगामी** विधान सभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब की ब्रिकी पर कड़ी नजर रहेगी। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने सीमावर्ती राज्यों के सम्बन्धित अधिकारियों के साथ अवैध शराब की तस्करी की रोकथाम के लिए वीडियों कान्फ्रेसिंग कर आपस में समन्वय बनाकर अवैध शराब व मादक पदर्थो की ब्रिकी की कड़ाई से रोकथाम हेतु संयुक्त प्रयास करने का अनुरोध किया उन्होंने नेपाल बार्डर व प्रदेश एवं सीमावर्ती राज्यों से जुड़ी सभी सीमाओं पर सघन अभियान चलाकर चेकिंग के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने लोक भवन स्थित सभागार कक्ष में वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से विभिन्न राज्यों के सम्बन्धित अधिकारियों यथा राजस्थानए मध्यप्रदेशए हरियाणाए झारखण्ड आदि से आपस में समन्वय बनाकर अवैध शराब व मादक पदर्थो की ब्रिकी की कड़ाई से रोकथाम हेतु संयुक्त प्रयास करने का अनुरोध किया है। इसके अलावा नेपाल बार्डर व प्रदेश एवं सीमावर्ती राज्यों में प्रदेश के सम्बन्धित अधिकारियों को सख्ती बरतने के निर्देश भी प्रदान किये है।

अपर मुख्य सचिव गृह ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कहा है कि अवैध शराब निष्कर्षण एवं बिक्री के व्यवसाय में संलिप्त व्यक्तियों को इससे होने वाली क्षति तथा दुष्परिणामों के बारे में स्थानीय सम्भ्रान्त नागरिकों एवं स्थानीय पुलिस द्वारा बताया जाए और ऐसा कृत्य न करने के लिये उन्हें प्रोत्साहित किया जायए ताकि वह ऐसे दुष्कृत्य को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में वापस आकर जीवन.यापन कर सकें। अवस्थी ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के सम्बन्धित अधिकारियों को यह निर्देश दिये है कि अवैध शराब के व्यापार में प्रत्यक्ष अथवा परोक्षत: संलिप्त पाये जाने पर व्यक्तियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य संकलित कर उनके विरूद्ध उचित धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जाये। साथ ही अवैध शराब का व्यापार करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध सघन अभियान चलाकर कठोरतम कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाय।

# बुनियादी विकास के लिये 17 अरब मंजूर

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय समिति की बैठक 15वें वित्त आयोग द्वारा अनुमोदित अनुदान राशि सम्बन्धी प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण किया गयाए जिसमें समिति द्वारा 179077.12 लाख रुपये के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि भवन विहीन उपकेन्द्रोंए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण आबादी के समीप समुचित भूमि का चयन कर भारत सरकार की गाइडलाइन्स व मानक के अनुसार कराया जाये। निर्माण कार्य हेतु आवंटित धनराशि को शीघ्र सम्बन्धित विभागों को हस्तांतरित कर दिया जाये। निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा कराने हेतु टाइमलाइन निर्धारित की जायेंए जिससे ग्रामीण अंचलों में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी सुधार होगा। इससे पूर्व बैठक में बताया गया कि भवन विहीन सब दहेल्थ सेण्टर्स के लिये 33,354.72 लाख रुपये, ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट्स (बीपीएचयू) के लिए 7610.24 लाख रुपयेए सब हेल्थ सेण्टर्स में डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए 21744.00 लाख रुपये प्राइमरी हेल्थ सेण्टर्स में डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए 28153.00 रुपये रुरल पीएचसी एवं सब सेण्टर्स को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर्स में कनवर्जन के लिए 38733.75 लाख अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेण्टर्स में डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने लिए 7031.33 करोड़ रुपये तथा अर्बन हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर्स के लिए 42450.08 लाख रुपये का प्रस्ताव किया गया है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कोरोना के चलते प्रियंका गांधी ने शुरू किया वर्चुअल अभियान

**लखनऊ।** कोविड के बढ़ते प्रकोप के चलते कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अपना वर्चुअल अभियान शुरू किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया संयोजक अशोक सिंह ने बताया कि प्रियंका गांधी 8 जनवरी को दोपहर 2 बजे अपने फेसबुक पेज और यूट्यूब पेज पर लाइव जुड़ कर लड़की हूं लड़ सकती हूं अभियान पर बात करेंगी और जनता से भी सवाल लेंगी। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता समेत आम जनमानस प्रियंका से सवाल जवाब कर सकता है।

## अब दो शोधपत्र प्रकाशित कराने वाले डिग्री शिक्षक भी करा सकेंगे पीएचडी

**लखनऊ।** महाविद्यालयों में शोध कराने को लेकर निर्धारित नियमों में छूट देने की डिग्री शिक्षकों की मांग को देखते हुए राज्य सरकार ने नियमों में ढील दी दी है। अब दो शोध पत्र प्रकाशित कराने वाले शिक्षक भी पीएचडी करा सकेंगे। जबकि विश्वविद्यालय के शिक्षकों पर नियम पूर्ववर्ती लागू रहेंगे। इस बाबत अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग ने आदेश जारी कर दिए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय के शिक्षकों को भी पीएचडी कराने को कहा गया है। पूर्व में जारी शासनादेश में व्यवस्था थी कि ऐसे नियमित व पूर्णकालिक शिक्षक जो पीएचडी किए हों और कम से कम पांच शोधपत्र रेफ्र्ड जनरल में प्रकाशित किए हों वे शोध निर्देशन कर सकेंगे। इस पर महाविद्यालयों के शैक्षिक संगठनों ने उपमुख्यमंत्री डाण् दिनेश शर्मा से मांग की थी कि यूजीसी में निर्धारित मानक के अनुसार महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए संदर्भित पत्रिकाओं में पांच के बजाए दो शोधपत्र प्रकाशित किए हों को मान्य किया जाए। अब शैक्षिक संगठनों की मांग को स्वीकार करके यूजीसी अधिनियम में तय व्यवस्था के अनुसार आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय का कोई भी नियमित शिक्षक जो जिसने संदर्भित पत्रिका में पांच शोधपत्र प्रकाशित किया हो और महाविद्यालयों का असिस्टेंट प्रोफेसर जो पीएचडी किए हो और संदर्भित पत्रिका में दो शोधपत्र प्रकाशित किए हों अब पीएचडी करा सकेंगे।

# पीएसी के 1588 मुख्य आरक्षियों को प्लाटून कमाण्डर के पद पर किया गया प्रोन्नत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ द्वारा जहां एक ओर प्रदेश की कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई की जा रही है वहीं पुलिस कर्मियों को भी समय से प्रोन्नति दिए जाने के प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा पीएसी में कार्यरत 1588 कर्मियों को पदोन्नतियां प्रदान की गई हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश पीएसी सेवा संवर्ग में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात 1588 कर्मियों को प्लाटून कमाण्डर उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर प्रोन्नत किया गया है। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि पीएसी के मुख्य आरक्षियों का प्लाटून कमांडर के पद पर प्रमोशन पर आज विचार किया किया गया। प्लाटून कमांडर के 1608 खाली पदों के सापेक्ष 1588 मुख्य आरक्षियों की प्रोन्नति के लिए सिफारिश की गयी। 74 प्रकरणों को अनुपयुक्त पाया गया जबकि 28 मुख्य आरक्षियों के प्रमोशन के लिफाफे बंद किये गए हैं। इस संबंध में पत्र एडीजी स्थापना को प्रेषित किया जा चुका है। उन्होंने सभी प्रमोशन के उपयुक्त पाए गए पीएसी के मुख्य आरक्षियों को शुभकामनाएं दी हैं। इन पदोन्नतियों के फलस्वरूप हुई मुख्य आरक्षी पदों की रिक्तियों का आकलन करने के पश्चात आरक्षी से मुख्य आरक्षी की प्रोन्नति पर बोर्ड द्वारा विचार किया जाएगा।

## शराब तस्करों के अंतरराज्यीय गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफने शराब तस्करों के अंतरराज्यीय गिरोह के सरगना और 25 हजार रुपए के इनामी कमलेश यादव को लखनऊ के अंसल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। कमलेश बलिया जिले में शराब तस्करी के दर्ज एक मुकदमे में वांछित चल रहा है। एसटीएफ को सूचना मिली कि अर्न्तराज्यीय स्तर पर अवैध शराब की तस्करी करने वाले गिरोह का सरगना व कमलेश यादव जनपद लखनऊ में मौजूद है। इस सूचना पर एसटीएफ ने छानबीन प्रारंभ की तो पता चला कि कमलेश यादव अंसल थाना क्षेत्र के ग्राम सरसवाए शहीद पथ के पास एक निर्माणाधीन मकान में मौजूद है। इस सूचना पर एसटीएफ द्वारा तत्काल उक्त स्थान पर पहुंचकर कमलेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि इसका एक संगठित गिरोह है जिसका सरगना वह स्वयं है। विगत कई वर्षो से इसके द्वारा स्प्रिट एवं इएनए से अवैध रूप से शराब तैयार कराकर आस.पास के जनपदों एवं बलिया के सीमावर्ती क्षेत्र बिहार में भी इसकी सप्लाई करायी जाती है।

# युवाओं की आवाज को घोषणा पत्र में शामिल करेगी कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में लगाई गई सुझाव पट्टिका

**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस ने युवाओं की आवाज को अपने 2022 के उप्र विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र मे शामिल करने के लिए ष्क्रान्ति भर्तीष् की शुरूआत की। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सुझाव पट्टिका लगायी गयी। जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने किया।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भर्तियां बहुत समय से लंबित हैं। नौजवान सड़कों पर है, संघर्ष कर रहा है। अपनी भर्तियों के लिए सरकार बेरोजगारो के साथए उनके भविष्य के साथ तथा उनके जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होने कहा कि यदि 2022 में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह बीस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम करेगी और जितने भी संविदा कर्मी एवं कान्ट्रेक्ट पर काम करने वाले लोग है उनका विनियमितीकरण किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पिछले समय से जितनी भर्तियां आ रहीं हैं कहीं न कहीं उसके पेपर आउट हो रहें हैं। और खासकर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम निरन्तर जारी है। अभी हाल ही में टीईटी की परीक्षा देने वाले साढे इक्कीस लाख नौजवान जो रेलवे स्टेशनों परए बस अड्डों पर अन्य तमाम स्थानों पर रात गुजारे और सुबह परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देने आते हैं तो पेपर वितरित होने के बाद पता चलता है कि उनका प्रश्न पत्र लीक हो गया है। साढे इक्कीस लाख युवा हताशा और निराशा का जीवन जीता है। और पेपर लीक की खबर सुनते ही वह रोकर तथा बिलखकर अपने घरों को जाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। जिस कंम्पनी को ठेका दिया जाता है वह बिहार की भारतीय जनता पार्टी के विधायक का भाई निकलता है।

## सपा 11 से 31 जनवरी तक प्रदेश भर में चलाएगी जन-मन विजय अभियान

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर संगठन विस्तार एवं बूथ रक्षक का गठन किया गया है। इसके लिए समाजवादी युवा फ्रंटल संगठनों समाजवादी युवजन सभा, समाजवादी लोहिया वाहिनी, यूथ ब्रिगेड एवं समाजवादी छात्र सभा द्वारा उत्तर प्रदेश की समस्त 403 विधानसभाओं में प्रत्येक बूथ पर बूथ रक्षकों के गठन के लिए मण्डलवार व विधान सभावार बूथ रक्षक, विधानसभा संयोजक का गठन किया गया है। बूथ रक्षक प्रत्येक बूथ पर समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रहेंगे। हर बूथ पर यूथ का ऐलान–जन–मन विजय अभियान 11 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रदेश के सभी विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर चलेगा। इसके लिए मण्डलवार जिम्मेदारी तय की गयी है। समाजवादी युवजन सभा प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द गिरि को देवीपाटन, बस्ती, गोरखरपुर, आजमगढ़, वाराणसी, समाजवादी लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राम करन निर्मल को प्रयागराज, मिर्जापुर, चित्रकूट, झांसी, यूथ ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा को लखनऊ, कानपुर, आगरा, अयोध्या, बूथ रक्षक गठन को सुनिश्चित करेंगे।

## मनीष गुप्ता हत्याकांड मामले में छह पुलिसवालों के खिलाफआरोप पत्र दाखिल

**लखनऊ (विसं)।** सीबीआई की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट यशा शर्मा ने कानपुर के व्यवसायी मनीष गुप्ता की हत्या के मामले में पुलिसवालों के खिलाफ दाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान की सुनवाई के लिए 13 जनवरी की तारीख मुकर्रर की है। शुक्रवार को सीबीआई ने हत्या के इस बहुचर्चित मामले में गोरखपुर के थाना रामगढ़ ताल के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक जगत नारायण सिंहए उपनिरीक्षक अक्षय कुमार, विजय यादव, राहुल दूबे तथा हेड कांसटेबिल कमलेश सिंह यादव व कांसटेबिल प्रशांत कुमार के खिलाफ आइपीसी की धारा 302, 323, 325, 506, 218, 201 सपठित धारा 34, 120बी व 149 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया। सीबीआइ द्वारा दाखिल आरोप पत्र के मुताबिक कानपुर के व्यवसायी मनीष गुप्ता गोरखपुर के रामगढ़ ताल थानांतर्गत एक होटल में ठहरे थे। 27/28 सितंबर की मध्य रात में मुल्जिम पुलिसवाले उनके कमरे में गए। उनके साथ दुर्व्यहार किया। मनीष ने इसका विरोध किया। इस पर मुल्जिम पुलिसवालों ने उनकी जमकर पिटाई की। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

# यूपी ने पार किया 21 करोड़ टीकाकरण का आंकड़ा

## 9.42 करोड़ से ज्यादा कोविड टेस्ट, 13.25 करोड़ लोगों को लगी पहली डोज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोविड** से बचाव की ट्रेसिंगए टेस्टिंगए ट्रीटमेंट की रणनीति के दम पर यूपी ने टीकाकरण और टेस्टिंग में एक और नया कीर्तिमान बनाया है। यूपी देश का एकमात्र राज्य हैए जहां अब तक 21 करोड़ कोविड टीके लगाए जा चुके हैं। यहां सैम्पल की जांच भी 9 करोड़ 42 लाख के पार हो गई है। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो बीते 30 दिसंबर को यूपी में 20 करोड़ डोज पूरे होने का कीर्तिमान बना था। इसके महज एक सप्ताह के भीतर 1 करोड़ डोज और लगाए गए हैं। टीकाकरण की देशव्यापी स्थिति को देखें तो यूपी 22 करोड़ डोज लगाकर पहले पायदान पर बना हुआ है। दूसरे स्थान पर 13.81 करोड़ डोज लगाकर महाराष्ट्र है, जबकि पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, बिहार क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। उत्तर प्रदेश में वैक्सीनेशन की ताजा स्थिति के अनुसार 18 वर्ष से अधिक उम्र के 14 करोड़ 74 लाख लोगों को टीका लगाया जाना है। खबर लिखे जाने तक इसमें से 13.25 करोड़ से अधिक 89 फीसदी लोगों ने टीके की पहली डोज ले ली है, जबकि 7 करोड़ 74 लाख से अधिक लोगों को दोनों डोज लग चुकी है। वहीं 15.18 आयु वर्ग के 1.40 करोड़ में से 12.16 लाख ने बुधवार तक टीका.कवर प्राप्त कर लिया था। किशोरों के टीकाकरण के लिए स्कूल.कॉलेजों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में नए कोरोना मरीजों की संख्या में पिछले कुछ दिनों से बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालांकि अन्य राज्यों की अपेक्षा यहां न केवल बेहद कम केस कम मिल रहे हैंए बल्कि रिकवरी दर भी बेहतर है। विगत 24 घंटे में हुई 2 लाख 19 हजार 256 सैम्पल की टेस्टिंग में गौतमबुद्ध नगर में 721, लखनऊ में 577, मेरठ में 411ए गाजियाबाद में 607 केसए वाराणसी में 224, आगरा में 169 मुरादाबाद में 157 और प्रयागराज में 104 सहित कुल 4228 नए केस भी मिले। इसी अवधि में 21 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 12,327 है। अब तक 16 लाख 88 हजार 224 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में यूपी की रिकवरी दर 98 फीसदी है।

## यूपी के दो जिले कोरोना से बाहर, 4228 नए केस

- लखनऊ में मिले 577 केस


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जिस** तरीके से कोरोना अपना रौद्र रूप दिखाने को लेकर तैयार हैए उस हिसाब से यही लग रहा है कि हर एक पर हमला बोलने को तैयार है। स्थिति यह है कि सूबे के केवल दो जिले भदोही व श्रावस्ती ही इसकी पकड़ से बाहर हैं। शुक्रवार को पूरे प्रदेश में महराजगंज में कोरोना के चलते एक मरीज की मौत के बीच 4228 नए मामले सामने आए हैं। वहीं राजधानी लखनऊ में 577 केस सामने आए हैं।

प्रदेश में कोरोना का संक्रमण लगातार फैल रहा है। प्रदेश में 721 केस गौतमबुद्ध नगर में 607 केस गाजियाबाद में 577 केस लखनऊ में 411 केस मेरठ में और 224 केस वाराणसी में आज मिले हैं। वहीं राजधानी लखनऊ में आज प्रमुख रूप में सबसे ज्यादा अलीगंज में 118 मरीजए चिनहट में 80, आलमबाग क्षेत्र में 39, सरोजनीनगर में 69ए गोसाईंगंज में 7 काकोरी में 4ए मोहनलालगंजए मलिहाबाद में 2.2 केस, इंदिरानगर में 51, सिल्वर जुबली के आस.पास के 41 लोगों में वायरस की पुष्टि हुई है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 219256 सैम्पल की जांच की गयी। विभिन्न जनपदों से आरटीपीसीआर जांच के लिए 1,20,344 सैम्पल भेजे गये है। प्रदेश में अब तक कुल 9,42,09,031 सैम्पल की जांच की गयी हैं।

# खट्टर ने पंजाब में राष्ट्रपति शासन के तहत चुनाव की मांग की

**भाषा।** चंडीगढ़




**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शुक्रवार को चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन के तहत वहां चुनाव कराए जाने की मांग की।

उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक को सबूत के तौर पर पेश करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार राज्य में कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने में असमर्थ है। खट्टर ने राज्य के गृह मंत्री अनिल विज और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ओपी धनखड़ के साथ फिरोजपुर घटना को लेकर यहां राजभवन में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को एक ज्ञापन सौंपा। खट्टर ने संवाददाताओं को बताया, हमने राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंप कर राष्ट्रपति से अनुरोध किया है कि वह पंजाब सरकार के खिलाफ कड़ी कार्वाई करें। उन्होंने कहा, मैंने राष्ट्रपति से अपील की है कि पंजाब सरकार को बर्खास्त किया जाए और राष्ट्रपति शासन लगाया जाए, जिसके तहत राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव होने चाहिए। खट्टर ने कहा, आगामी चुनावों में विभिन्न दलों के नेता चुनाव प्रचार करेंगे और प्रधानमंत्री भी फिर राज्य में आएंगे, और यह लगता है कि पंजाब में मौजूदा सरकार कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने में सफल नहीं होगी। इससे पहले शुक्रवार सुबह खट्टर, प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष व भाजपा विधायक ज्ञान चंद गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री आर एल कटारिया और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पंचकूला के माता मनसा देवी मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लंबी उम्र के लिए यज्ञ और महामृत्युंजय पाठ किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कैसे फिरोजपुर में विरोध प्रदर्शन कर रहे कुछ कांग्रेसी गुंडों द्वारा प्रधानमंत्री के काफिले को कई मिनट तक रोका गया। खट्टर ने कहा, हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। जिस तरह से राज्य में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बाधाएं पैदा की गईं, वह पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। उन्होंने कहा, वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था क्यों नहीं की गई? राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी, लेकिन प्रदर्शनकारियों द्वारा सड़क भी अवरुद्ध कर दी गई, यह कहना कि प्रशासन को इसके बारे में नहीं पता था, विश्वास करना मुश्किल है।

## प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे के दौरान सुरक्षा में चूक अच्छी बात नहीं : आरएसएस

**हैदराबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिन पहले की पंजाब यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक एक गंभीर मुद्दा है और यह अच्छा नहीं है कि उच्च संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति फंसे रहें। संघ के सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य ने यहां संवाददाताओं को बताया, गंभीर मुद्दा है। इसकी जांच भी की जा रही है। सरकार अपना काम करेगी। उच्च संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति ऐसे ही फंसे रहें, यह अच्छा नहीं है। यह देश के लिए अच्छा नहीं है। वैद्य ने शुक्रवार को यहां संपन्न संघ परिवार के संगठनों की तीन दिवसीय समन्वय बैठक के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। वैद्य से पांच जनवरी को प्रधानमंत्री की पंजाब यात्रा के दौरान हुई सुरक्षा चूक के बारे में पूछा गया, जिस पर उन्होंने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि 36 स्वतंत्र, स्वायत्त संगठनों ने बैठक में भाग लिया और 24 महिलाओं सहित 216 प्रतिनिधियों के आने की उम्मीद थी, जिनमें से 91 प्रतिशत ने भाग लिया।

## प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक कतई स्वीकार्य नहीं: आरिफ मोहम्मद



**इंदौर ( मप्र )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया पंजाब दौरे में उनकी सुरक्षा में चूक पर चिंता जताते हुए केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को कहा कि ऐसी गलतियां कतई स्वीकार्य नहीं हैं। खान ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर इंदौर में पीटीआई-भाषा से कहा, "यह चूक बहुत अफसोसनाक है और मैं इससे दु:खी हूँ। ऐसी गलतियां नहीं होनी चाहिए और ए कतई स्वीकार्य नहीं हैं। मुद्दे पर जारी सियासी खींचतान पर उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि उनका इस विषय पर कुछ भी बोलना ठीक नहीं है। खान ने बृहस्पतिवार को कहा था कि यदि केरल सरकार की ओर से विश्वविद्यालयों के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने का कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं दिया जाता है, तो वह कुलाधिपति का पद छोड़ देंगे। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, "राज्य के विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति होना मेरी संवैधानिक नहीं, बल्कि वैधानिक जिम्मेदारी है"।



अगरतला में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भलाई के लिए पूजा अर्चना की।

# नक्सलियों ने अपने दो साथियों समेत तीन लोगों की हत्या की

**भाषा।** बीजापुर

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने अलग-अलग घटनाओं में अपने दो साथियों समेत तीन लोगों की हत्या कर दी। बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने अपने दो साथियों कमलू पुनेम और मिलिशिया सदस्य मंगी की हत्या कर दी है। वहीं एक अन्य ग्रामीण की भी हत्या नक्सलियों ने की है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज ने बताया कि पुलिस को अलग अलग सूत्रों से गंगालूर इलाके में नक्सलियों द्वारा अपने साथियों की हत्या किए जाने के संबंध में जानकारी मिली है। इस संबंध में और जानकारी जुटाई जा रही है।

सुंदरराज ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली है कि नक्सलियों के मिलिशिया प्लाटून कमांडर कमलू पुनेम और मिलिशिया सदस्य मंगी शादी करने के लिए नक्सलियों के शिविर से भाग गए थे। बाद में उनके अन्य साथियों को इसकी जानकारी मिली तब उन्हें पकड़ लिया गया और जिले के इंदीनार गांव के करीब जनअदालत लगाकर दोनों की हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुनेम क्षेत्र में 11 नक्सली घटनाओं का आरोपी था वहीं मंगी के खिलाफ तीन घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। दोनों नक्सली गंगालूर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। उन्होंने बताया कि नक्सलियों द्वारा मारे गए तीसरे व्यक्ति के बारे में अभी जानकारी नहीं मिली है।

# व्यवसाई के परिसरों पर आयकर विभाग के छापे में आठ करोड़ रुपए, तीन किलो सोना बरामद

**भाषा।** दमोह (मप्र)

**आयकर** विभाग ने मध्य प्रदेश के दमोह जिले में व्यवसाई शंकर राय और उनके भाइयों के परिसरों पर छापेमारी में आठ करोड़ रुपए नकद, तीन किलोग्राम सोना और संपत्ति के दस्तावेज बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आयकर विभाग (जांच) जबलपुर क्षेत्र की संयुक्त आयुक्त मुनमुन शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार तड़के शुरू हुई छापेमारी अब भी जारी है। अब तक आठ करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए हैं। इनमें से एक करोड़ रुपए पानी के एक कंटेनर में छिपाकर रखे गए थे। इसके अलावा तीन किलोग्राम वजन का सोना भी बरामद किया गया है।

शर्मा ने बताया कि आयकर अधिकारियों को राय बंधुओं की संपत्ति से संबंधित कई दस्तावेज मिले हैं। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान मिले कागजात से पता चला है कि राय को शराब की दुकानों का ठेका मिला था और वह अपने कर्मचारियों के नाम से लग्जरी बसें चला रहा था। शर्मा ने कहा कि आयकर विभाग ने शंकर राय और उनके भाइयों की संपत्ति के बारे में जानकारी देने वाले को दस हजार रुपए का नकद इनाम देने की भी घोषणा की है।

## सीमा शुल्क विभाग ने जयपुर हवाई अड्डे पर 28 लाख से अधिक का सोना पकड़ा

**जयपुर।** सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह जयपुर हवाई अड्डे पर शारजाह से एयर अरेबिया के विमान से आए एक यात्री के पास से 28 लाख रुपए से अधिक का सोना पकड़ा है। सीमा शुल्क विभाग के सहायक आयुक्त बी बी अटल ने बताया कि तड़के शारजाह से एयर अरेबिया के विमान से आए एक यात्री के सामान में इलेक्ट्रिक मीट ग्राइंडर में काले कार्बन शीट की कई परतों में छुपाकर लाए गए 99.99 प्रतिशत शुद्धता के 581 ग्राम वजन के छह सोने के बिस्कुट जब्त कर यात्री को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि तस्करी के सोने को यात्री से हवाई अड्डे पर लेने पहुंचे दो लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है।

## उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने नई खनन नीति पर लगाई रोक

**भाषा।** नैनीताल

**उत्तराखंड** उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को झटका देते हुए राज्य की नई खनन नीति पर रोक लगा दी है, जिसे 28 अक्टूबर, 2021 को लागू किया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की पीठ ने इस मामले को लेकर दायर याचिका पर सरकार को नोटिस जारी किया। सरकार को इस याचिका पर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। यह याचिका नैनीताल के एक निवासी ने दायर की है। याचिका में आरोप लगाया है कि नई खनन नीति केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मंजूरी लिए बिना लागू की गई थी। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि निजी पार्टियों को खनन पट्टे जारी करते समय उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और पर्यावरण को संभावित नुकसान की अनदेखी की गई। नई नीति में 5 हेक्टेयर तक की भूमि पर उत्खनन का पहला अधिकार उसके मालिक को दिया जाएगा और किसी भी व्यक्ति को दो क्षेत्रों के उत्खनन का अधिकार पट्टे पर नहीं दिया जाएगा।

# बुली बाई ऐप के आरोपी छात्र को कॉलेज ने निलंबित किया

**भाषा।** भोपाल

**बुली** बाई ऐप मामले के कथित मास्टरमाइंड नीरज बिश्नोई को मध्य प्रदेश स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज से निलंबित कर दिया गया है। कॉलेज के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) भोपाल परिसर के छात्र बिश्नोई को पुलिस ने बृहस्पतिवार को असम के जोरहाट से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने कहा है कि 21 वर्षीय बिश्नोई इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता है और कथित तौर से विवादास्पद ऐप बनाने में शामिल है जिस पर कथित नीलामी के लिए सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें पोस्ट की गई थीं।

अधिकारी ने कहा कि मामले में बिश्नोई की संलिप्तता सामने आने के तुरंत बाद ही वीआईटी प्रशासन ने उसके खिलाफ कार्वाई की। वीआईटी, भोपाल परिसर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 100 किलोमीटर दूर सीहोर जिले में स्थित है। उन्होंने कहा, मीडिया के माध्यम से और बाद में सीहोर पुलिस से सूचना मिलने के तुरंत बाद हमने बिश्नोई को कॉलेज से निलंबित कर दिया। आगे क्या ब्योरा सामने आएगा, इसके आधार पर प्रबंधन अगली कार्वाई करेगा। सीहोर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव ने बताया कि कॉलेज अधिकारियों के मुताबिक बिश्नोई बीटेक पाठ्यक्रम में दूसरे वर्ष का छात्र है और अब तक उसने ऑनलाइन कक्षाएं ही ली हैं क्योंकि कोविड महामारी की वजह से ऑनलाइन कक्षाएं ही हो रही हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज अधिकारियों के मुताबिक बिश्नोई प्रतिभाशाली छात्र है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि जोरहाट से बिश्नोई को राष्ट्रीय राजधानी लाया गया जहां उसने मामले में अपनी भूमिका स्वीकार कर ली है। बिश्नोई की गिरफ्तारी के साथ दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा कि उन्होंने गिटहब प्लेटफॉर्म पर होस्ट किए गए बुली बाई ऐप से संबंधित मामले को सुलझा लिया है।मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है।



नदिया में कड़ाके की ठंड में सुबह सुखाने के लिए अनाज फैलाता एक कार्यकर्ता।

## असम में कई करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त, पांच लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में दो अलग-अलग घटनाओं में पांच कथित अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से करोड़ों रूपए मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी। सरमा ने कहा कि गुवाहाटी पुलिस ने संयुक्त आयुक्त पार्थ सारथी महंत के नेतृत्व में कई अभियान चलाकर तस्करों को गिरफ्तार किया।

मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, गुवाहाटी पुलिस ने एक बार फिर से कड़ी कार्वाई की। संयुक्त पुलिस आयुक्त पार्थ महंत के नेतृत्व में एक विशेष दस्ते ने एक ट्रक को रोका, और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के दस्ते ने वर्ल्ड इज योर नामक मादक पदार्थ की 70 हजार गोलियां जब्त कीं। पुलिस ने शानदार काम किया है। इसे जारी रखें। गुवाहाटी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उन गोलियों की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए है। सरमा ने एक अन्य ट्वीट में कहा, संयुक्त पुलिस आयुक्त पार्थ महंत के नेतृत्व में गुवाहाटी पुलिस के एक विशेष दस्ते ने अपने अभियान को जारी रखते हुए एक अन्य अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से एक ट्रक, एक कार, नकदी, मोबाइल फोन जब्त किए। कुल पांच अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार हुए और पिछले आठ घंटे में कई करोड़ रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए गए।

# कांग्रेस, टीएमसी, एमजीपी, गोवा फॉरवर्ड को चुनावों के लिए एक साथ आना चाहिए: सरदेसाई

**भाषा।** पणजी

**गोवा फॉरवर्ड** पार्टी (जीएफपी) के अध्यक्ष विजय सरदेसाई ने कहा कि उनकी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का विरोध करने वाली पार्टियों के लिए राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव एक साथ मिलकर लड़ने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि जीएफपी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और महाराष्ट्रवादी गोमंतक पार्टी (एमजीपी) को सत्तारूढ़ भाजपा पर जीत हासिल करने के लिए अपने अहंकार को दूर रखते हुए हाथ मिलाना चाहिए। सरदेसाई की जीएफपी ने पहले ही कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन की घोषणा कर दी है जबकि एमजीपी और टीएमसी ने 40 सदस्ईय विधानसभा के चुनावों के लिए गठबंधन किया है। मारगांव शहर में पत्रकारों से बातचीत में बृहस्पतिवार को सरदेसाई ने कहा कि भाजपा कोविड-19 पाबंदियों के नाम पर चुनाव प्रचार के दौरान अन्य पार्टियों के साथ ओछी राजनीति करने की कोशिश कर सकती है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, कोरोना वायरस की मौजूदा स्थिति और संक्रमण के बढ़ते मामलों पर विचार करते हुए कुछ पाबंदियां हैं जिन्हें आड़ बनाया जाएगा। इससे भाजपा को पाबंदियों के नाम पर अनुचित आचरण करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, वे हमें रोकेंगे, वे पाबंदियों की आड़ में हमारी सभाओं को अनुमति नहीं देंगे। वे अपनी सभाएं करेंगे... वे सभाएं करने के लिए प्रधानमंत्री को लेकर आएंगे। जीएफपी प्रमुख ने कहा, हमें कोविड-19 को लेकर सतर्क रहना चाहिए लेकिन साथ ही टीम गोवा के लिए गोवा को मौजूदा भाजपा वायरस से मुक्त कराने की भी आवश्यकता है। बहरहाल, सरदेसाई ने भाजपा विरोधी गठबंधन बनाने के लिए आम आदमी पार्टी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस, गोवा फॉरवर्ड, टीएमसी और एमजीपी को एक साथ आना चाहिए। एक साथ आने... अपने अहंकार को दूर रखने और भाजपा पर जीत हासिल करने के लिए गंभीरतापूर्वक विचार करने का वक्त आ गया है।

## आम आदमी पार्टी ने गोवा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**पणजी ( भाषा )।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गोवा के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपने 10 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें भाजपा के पूर्व मंत्री महादेव नाइक तथा एलिना सल्दान्हा और वकील-राजनीतिक नेता अमित पालेकर का नाम शामिल है। पार्टी की गोवा प्रभारी आतिशी ने इन 10 उम्मीदवारों की सूची को मंजूरी दी, जो उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा जिलों की अलग-अलग सीटों से चुनाव लड़ेंगे। आप गोवा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने वाली दूसरी पार्टी बन गई है। इससे पहले कांग्रेस अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर चुकी है। कांग्रेस ने भी पहली सूची में 10 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। पालेकर सेंट क्रूज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। जबकि भाजपा छोड़ आम आदमी का दामन थामने वाले वी.के. राणे पोरियम से चुनाव मैदान में होंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तरफ से मंत्री रहे नाइक शिरोडा से चुनाव लड़ेंगे। आप नेता सत्यविजय नाइक वालपोई से किस्मत आजमाएंगे। पहले महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) में रहे प्रेमानंद नानोस्कर दाबोलिम से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हैं। भाजपा के पूर्व मंत्री सलदान्हा कोर्टालिम सीट से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व गोवा प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिमा कूटिन्हो नवेलिम से आप उम्मीदवार हैं। आम आदमी पार्टी ने गोवा की सभी 40 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया है।

# भाजपा आईटी प्रकोष्ठ के सदस्य पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर मामला दर्ज

**भाषा।** पुणे

**पुणे** पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के सोशल मीडिया समन्वयक जितेन गजारिया के खिलाफ मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की पत्नी और कुछ अन्य राजनीतिक नेताओं पर कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पुणे पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ का एक दल गजारिया को गिरफ्तार करने बृहस्पतिवार को मुंबई गया था लेकिन वह अपने आवास पर नहीं मिले। पुणे साइबर प्रकोष्ठ के पुलिस निरीक्षक डी हेक ने कहा, हमनें उनके भाई को नोटिस की एक प्रति जारी की है और उससे जवाब देने को कहा है। उन्होंने कहा कि गजारिया के खिलाफ मामला ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। हेक ने कहा, सोशल मीडिया मंच पर (सीएम की पत्नी) रश्मि ठाकरे, (राकांपा नेताओं) शरद पवार, अजीत पवार और (कांग्रेस अध्यक्ष) सोनिया गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक और मानहानिकारक टिप्पणी पोस्ट करने का मामला दर्ज किया गया है। राजनीतिक नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक और मानहानिकारक पोस्ट करने के अलावा, कुछ पोस्ट दो समूहों के बीच नफरत पैदा करने के उद्देश्य से की गई हैं। शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस राज्य की महाविकास अघाड़ी सरकार का हिस्सा हैं।

## ओडिशा में तेंदुए की खाल, हाथी दांत और पैंगोलिन के शल्क जब्त, एक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के देवगढ़ जिले में एक व्यक्ति के पास से तेंदुए की खाल, हाथी दांत और पैंगोलिन के एक किलोग्राम से अधिक शल्क बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, खुफिया सूचना पर कार्वाई करते हुए, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की एक टीम ने बृहस्पतिवार को तेलीबानी के पास एक इलाके में तलाशी अभियान चलाया और आरोपी को पकड़ा। पुलिस अधिकारी ने कहा, उस शख्स को जंगली जानवरों के शरीर के अंगों के व्यापार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और कानूनी कार्वाई के लिए उसे देवगढ़ वन अधिकारियों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि जब्त की गई तेंदुए की खाल, हाथी के दांत और पैंगोलिन के शल्क को रासायनिक विश्लेषण के लिए देहरादून स्थित भारतीय वन्यजीव संस्थान भेजा जाएगा। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। गौरतलब है कि 2020 के बाद से, एसटीएफ ने तेंदुए की 25 खाल, 13 हाथी दांत, सात हिरणों की खाल, नौ पैंगोलिन और इस प्राणी के 16 किलोग्राम से अधिक शल्क जब्त किए हैं। इस सिलसिले में 55 लोगों को वन्यजीव व्यापार में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में विधायक के बेटे की तलाश जारी: तेलंगाना पुलिस

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना** के भद्राद्री-कोठगुडेम जिले में एक व्यापारी और उसके परिवार के तीन सदस्यों को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी सत्तारूढ़ टीआरएस विधायक के बेटे को पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दूसरी ओर विभिन्न राजनीतिक दल विधायक के बेटे को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आठ टीमों का गठन किया गया है और वे कोठगुडेम तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के विधायक वनमा वेंकटेश्वर राव के बेटे वनमा राघवेंद्र राव की तलाश कर रहे है। अधिकारी ने कहा कि वे उसके ठिकाने का पता लगा रहे हैं और उसे जल्द ही हिरासत में लिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि प्रयास जारी हैं और अन्य जिलों की पुलिस का भी सहयोग लिया जा रहा है। पुलिस दल हैदराबाद, आंध्र प्रदेश और अन्य स्थानों पर वनमा राघवेंद्र राव की तलाश कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया विधायक के बेटे के खिलाफ पहले दर्ज मामलों में भी उनका बयान दर्ज किया जाएगा। कारोबारी रामकृष्ण (43) ने कथित तौर पर 3 जनवरी को पलोंचा शहर में अपनी पत्नी और जुड़वां बेटियों के साथ आत्महत्या कर ली थी। बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक कथित वीडियो में पीड़ित ने विधायक के बेटे पर उसकी पत्नी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। हालांकि वनमा राघवेंद्र राव ने अपने ऊपर लगे आरोपों का इससे पहले खंडन किया था। पुलिस ने कहा कि उन्होंने एक स्थानीय अदालत में वीडियो पेश किया है। इससे पहले, पीड़ित ने कथित सुसाइड नोट में विधायक के बेटे को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया था। नोट में मृतक की मां और बड़ी बहन के नाम का भी जिक्र है, जिनके साथ उसका संपत्ति का विवाद था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया था। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी, भाजपा और वाम दलों समेत कई राजनीतिक दलों ने घटना की निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की है। विपक्षी दलों ने बृहस्पतिवार को इस मामले को लेकर प्रदर्शन किया था। शुक्रवार को उन्होंने रैलियां निकालकर वनमा राघवेंद्र राव की गिरफ्तारी की मांग की।

## अरूणाचल में चीन द्वारा स्थानों के नाम परिवर्तन को रिजिजू ने खारिज किया

**ईटानगर।** केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने अरूणाचल प्रदेश में कुछ स्थानों के नाम में परिवर्तन को खारिज किया है और कहा है कि देश के बाहर किसी द्वारा भारत के स्थानों के नाम परिवर्तन से उनकी स्थिति में कोई अंतर नहीं आएगा। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री ने कहा कि इस तरह का नाम परिवर्तन किसी को भी स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से कहा, अरूणाचल का नाम देश ने दिया है और वह सबको स्वीकार्य है। हमारे परंपरागत नाम, हमारे समुदाय की पहचान हमेशा बने रहेंगे। अगर बाहर का कोई कुछ नाम देता है तो उससे हमारी स्थिति नहीं बदलेगी। रिजिजू अरूणाचल प्रदेश में 15 स्थानों के नाम बीजिंग द्वारा बदले जाने से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने पूछा, अगर देश के बाहर का कोई नाम बदल देता है तो क्या हम उसे स्वीकार कर लेंगे? हमारे माता-पिता द्वारा दिए गए नाम ही असली नाम होते हैं।

## पश्चिम बंगाल के मालदा में बीएसएफ ने बांग्लादेशी गो तस्कर को गोली मारी

**मालदा ( पश्चिम बंगाल )।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान की गोली लगने से 22 वर्षीय बांग्लादेशी व्यक्ति घायल हो गया। अर्द्धसैनिक बल से जुड़े सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश के रूकुंडीपुर निवासी आरोपी युसूफ अहमद को बृहस्पतिवार शाम हबीबपुर थाना क्षेत्र में ईटाघाटी सीमा चौकी (बीओपी) के पास पूर्णभाबा नदी के जरिए गायों की तस्करी के दौरान गोली मारी गई थी। उन्होंने बताया कि गोली की आवाज सुनकर शेष तस्कर मौके से फरार हो गए। सूत्रों ने बताया कि आरोपी का मालदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### आर्थिक मोर्चे पर ओमीक्रोन से निपटने को कसी कमर

# सीतारमण ने बैंकों की तैयारी का लिया जायजा

**भाषा।** नई दिल्ली



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों के साथ बैठक कर कोरोनावायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के संभावित आर्थिक व्यवधानों से निपटने के लिए बैंकों की तैयारी का आकलन किया। वित्त मंत्रालय के मुताबिक बैंकों के चैयरमैन एवं प्रबंध निदेशकों के साथ हुई इस ऑनलाइन बैठक में सीतारमण ने कृषि, खुदरा और एमएसएमई के साथ ही कोविड के चलते व्यवधान का सामना करने वाले क्षेत्रों को समर्थन बढ़ाने को कहा।

इस दौरान सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए किए गए उपायों के क्रियान्वयन को लेकर बैंकों द्वारा उठाए गए कदमों की भी समीक्षा की गई। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, समीक्षा बैठक के दौरान सीतारमण ने भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से घोषित कोविड-19 महामारी से संबंधित उपायों को लागू करने के लिए सार्वजनिक बैंकों द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों और भविष्य में किसी व्यवधान से निपटने के लिए उनकी तैयारियों का आकलन किया।

कोरोना वायरस के बेहद संक्रामक स्वरूप ओमीक्रोन से महामारी की तीसरी लहर की आशंका के कारण कई घरेलू रेटिंग एजेंसियों ने चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि का अनुमान घटा दिया है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने जहां चालू वित्त वर्ष 2021-22 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 9.4 प्रतिशत से कम कर 9.3 प्रतिशत कर दिया है। वहीं ब्रिकवर्क रेटिंग्स ने वृद्धि दर के अनुमान को 10 प्रतिशत से कम कर 8.5-9 प्रतिशत कर दिया है।

बैठक में सीतारमण ने सरकार द्वारा बैंकों को दी गई ऋण गारंटी (ईसीएलजीएस) को मिली सफलता की तारीफ करते हुए कहा कि अभी आराम करने का वक्त नहीं है, और हमें उन क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए प्रयास जारी रखने चाहिए, जो कोविड-19 महामारी के चलते लगातार व्यवधान का सामना कर रहे हैं। बयान के अनुसार सीतारमण ने बैंकरों से कृषि क्षेत्र, किसानों, खुदरा क्षेत्र और एमएसएमई को समर्थन जारी रखने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि वैश्विक घटनाक्रम संबंधी बाधाओं और ओमीक्रोन के प्रकोप के बावजूद कारोबारी परिदृश्य में लगातार सुधार हो रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि लोगों के सीधे संपर्क में आने वाले व्यवसायों को अधिक मदद की जरूरत हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि खुदरा क्षेत्रों में वृद्धि, व्यापक आर्थिक संभावनाओं में सुधार और कर्ज लेने वालों की वित्तीय सेहत में सुधार के कारण ऋण मांग में तेजी आने की उम्मीद है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा अक्टूबर 2021 में शुरू किए गए ऋण वितरण कार्यक्रम के तहत कुल 61,268 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। खासकर एमएसएमई क्षेत्र की मदद के लिए मई 2020 में घोषित ईसीएलजीएस की 4.5 लाख करोड़ रुपए की विस्तारित सीमा में 64.4 प्रतिशत या 2.9 लाख करोड़ रुपए के कर्ज नवंबर 2021 तक स्वीकृत हो चुके थे। मंत्रालय ने कहा कि ईसीएलजीएस के जरिए 13.5 लाख से अधिक छोटी इकाइयां महामारी की मार से बच गईं, 1.8 लाख करोड़ रुपए के एमएसएमई ऋण को एनपीए बनने से रोका गया और लगभग छह करोड़ परिवारों की आजीविका बच सकी।

# पीयूष गोयल ने भारतीय मानक ब्यूरो के विकास के लिए दिए पांच मंत्र

**भाषा।** नई दिल्ली



**खाद्य** एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) को विकास के पांच मंत्र दिए। इन मंत्रों में अवरोधक नहीं, बल्कि रास्ता आसान बनाने वाला बनना, और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि गुणवत्ता बनाए रखना महंगा नहीं, बल्कि किफायती है। गोयल ने बीआईएस की 75वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा कि ब्यूरो मानकीकरण और प्रमाणन की अपनी मुख्य गतिविधियों के जरिए राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहा है। उन्होंने एक बयान में कहा, देश और बीआईएस, दोनों 2047 में 100 साल पूरे करेंगे, इसलिए बीआईएस के पास अब से 2047 तक 25 साल के एजेंडे की योजना बनाने और उसे लागू करने का एक बड़ा अवसर है। हम भारत को विश्व शक्ति, एक महाशक्ति और एक महान राष्ट्र बनाने में कैसे योगदान देंगे, इस दिशा में काम करने की जरूरत है।

बीआईएस की स्थापना 1947 में भारतीय मानक संस्थान (आईएसआई) के रूप में हुई थी और छह जनवरी को उसने अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाई। संस्थान के विकास के लिए पांच मंत्र देते हुए गोयल ने कहा कि सबसे पहले, उसे अवरोधक नहीं, बल्कि रास्ता आसान बनाने वाला बनना चाहिए। दूसरा, उसे वैश्विक अनुभवों से सीखकर एक वैश्विक संगठन के रूप में विकसित होना चाहिए। इसके अलावा कमियों का पता लगाकर पूरे भारत में उच्च गुणवत्ता वाली आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित पर भी उन्होंने जोर दिया। मंत्री ने कहा कि चौथा, बीआईएस को एक देश एक मानक के माध्यम से गुणवत्ता या मानक के मामले में महत्वपूर्ण बदलाव लाने चाहिए जो पासा पलटने वाला बनेगा। अंत में, बीआईएस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गुणवत्ता बनाए रखना महंगा नहीं है बल्कि यह लागत प्रभावी है। उन्होंने यह भी कहा कि मानकीकरण और उत्पादों की गुणवत्ता का मूल्यांकन उपभोक्ताओं को सुरक्षित, भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाले सामान भी प्रदान करेगा और इसलिए, आने वाले वर्ष में हमारा काम महत्वपूर्ण और प्रासंगिक हो जाता है।

# भारत मोलनुपिराविर दवा के सस्ते संस्करणों का केंद्र बनकर उभरेगा: फिच

**● महामारी की एंटी वायरल दवाओं का गढ़ बनेगा भारत**

**भाषा।** नई दिल्ली

**कोविड-19** के इलाज में कारगर मानी जा रही कई दवाओं के आपात उपयोग की मंजूरी दिए जाने के बाद भारत इस महामारी से जुड़ी एंटीवायरल दवाओं के उत्पादन का सबसे बड़ा गढ़ बनकर उभरेगा। फिच सॉल्यूशंस ने शुक्रवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कोविड-19 से जुड़ी दवाओं के बाजार की संभावनाओं पर गौर करते हुए भारत को काफी अहम बताया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दवा के सस्ते संस्करणों के विनिर्माण में भारतीय दवा कंपनियों की भूमिका बेहद महत्त्वपूर्ण रहने वाली है।

भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने हाल ही में कोविड के इलाज में कारगर मोलनुपिराविर दवा के आपात उपयोग के लिए कई दवा कंपनियों को विनिर्माण की मंजूरी दी है। इन कंपनियों में डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स, सिप्ला, सन फार्मा, नैटको फार्मा, वायट्रिस, हेटरो ड्रग्स और मैनकाइंड फार्मा शामिल हैं।

कोविड-19 से संक्रमित वयस्कों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली पहली ओरल एंटीवायरल दवा मोलनुपिराविर का विकास मर्क और रिजबैक बायोथेरेपेटिक्स ने किया हुआ है। कोविड की तीसरी लहर सामने आने के साथ इसकी मांग बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक देश भर में छह जनवरी को कुल 1.17 लाख मामले सामने आए हैं। आने वाले दिनों में इनकी संख्या तेजी से बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। फिच सॉल्यूशंस ने कहा, "कोविड-19 टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करने में भारत अभी पीछे चल रहा है। ऐसी स्थिति में बढ़ते संक्रमण को देखते हुए मोलनुपिराविर दवा के सस्ते संस्करण अस्पतालों में भर्ती होने की स्थिति में लोगों की जान बचाने में बेहद मददगार साबित हो सकते हैं।" इस रिपोर्ट के मुताबिक मोलनुपिराविर की जेनेरिक दवा की पहुंच भारत और कई दूसरे कम आय वाले देशों में भी बढ़ेगी। लेकिन इसके लिए आपूर्ति शृंखला से जुड़ी हुई मौजूदा अड़चनें दूर करनी होंगी। अमेरिका में मोलनुपिराविर के पांच दिन के पूरे कोर्स की कीमत करीब 53,000 रुपए है। लेकिन भारत में इसके सस्ते संस्करण की कीमत करीब 1,400 से 1,600 रुपए रहने की उम्मीद है।

# हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस से टैक्स बेनिफिट्स मिलेगा

**मुंबई।** पिछले दो वर्षों ने सेहतमंद और सुखमय जीवन जीने के लिए स्वास्थ्य बीमा की जरूरत और महत्त्व समाज को समझाया है। जहां एक ओर मजबूत इम्यून सिस्टम (प्रतिरक्षा प्रणाली और स्वस्थ जीवन शैली हमें संक्रमण और वायरस के हमलों से बचाती है। वहीं दूसरी तरफएक सही बीमा कवरेज आपके और आपके परिवार को अचानक आने वाले चिकित्सा खर्च से सुरक्षा की गारंटी देता है। 2021 की समाप्ति और नए वर्ष के उत्साह के साथ यह नई-नई योजनाओं का स्वागत करने का समय है। अर्थात यह समय स्वास्थ्य और टर्म पॉलिसियों के निरीक्षण, नवीनीकरण,कवरेज डिटेल की समीक्षा और मुख्य तौर पर टैक्स बेनिफिट्स के लाभ उठाने के लिए बिलकुल सही है। पॉलिसी बाजार डॉटकॉम के प्रमुख स्वास्थ्य बीमा अमित छाबड़ा ने कहा किसी व्यक्ति के लिए अपने लक्ष्य को लेकर बचत शुरू करने से पहले आवश्यक है कि उसके पास अपने और अपने परिवार के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य बीमा कवर हो। जिसका पहला कारण भारी-भरकम बिलों और दवाओं के लिए आर्थिक रूप से सुरक्षित होना है और दूसरा, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के लिए भुगतान किये जाने वाले प्रीमियम से मिलने वाला टैक्स बेनिफिट है, जो आयकर अधिनियम की धारा 80डी के तहत प्रदान किया जाता है। अगर आपके पास स्वयं या बच्चों अथवा माता-पिता के लिए स्वास्थ्य बीमा कवरेज होती है तो आपके लिए इनकम टैक्स आय और इनकम टैक्स लायबिलिटी ,कर देयता कम हो जाती है। कोई भी टैक्स में मिलने वाली इस कटौती टैक्स बचत का लाभ उठा सकता हैए फिर चाहे आपके माता-पिता या बच्चे आप पर निर्भर हों या नहीं। प्रवीण चौधरी हेड. टर्म लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी बाजार डॉटकॉम न कहा कि यदि आप टर्म इंश्योरेंस खरीदते हैं, जो कि जीवन बीमा का सबसे सरल रूप है तो यह आपके परिवार को एक निश्चित अवधि के लिए सबसे सस्ती दरों पर आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। साथ ही आपको धारा 80 सी और 10 10डी के तहत मिलने वाले टैक्स बेनिफिट्स भी प्राप्त होते हैं। आयकर अधिनियम 1961 की धारा 10,10डी के तहतए टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी के डेथ बेनिफिट को भी आयकर द्वारा छूट दी गई हैए लेकिन ऐसा केवल तभी होता है जब बीमित राशि भुगतान किए गए वार्षिक प्रीमियम का कम से कम दस गुना होती है।

# एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों के लिए ऑनलाइन सीमा शुल्क भुगतान सुविधा शुरू की

**भाषा।** नई दिल्ली

**एचडीएफसी** बैंक का केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) आइसगेट प्लेटफॉर्म के साथ एकीकरण पूरा हो गया है, और अब ग्राहक बैंक के जरिए सीधे अपने सीमा शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। शेयर बाजार को शुक्रवार को दी जानकारी के मुताबिक बैंक ग्राहकों को एचडीएफसी बैंक का चयन करके सीधे सीमा शुल्क भुगतान करने की सुविधा देगा। एचडीएफसी बैंक ने कहा कि वह सीमा शुल्क के खुदरा और थोक भुगतान, दोनों की सुविधा दे रहा है। एक बयान में कहा गया कि एचडीएफसी बैंक के साथ ग्राहकों को अब दूसरे बैंक खातों के जरिए भुगतान करने की जरूरत नहीं होगी। एचडीएफसी बैंक में शासकीय और संस्थागत कारोबार, साझेदारी एवं समावेशी बैंकिंग, समूह स्टार्टअप बैंकिंग की प्रमुख स्मिता भगत ने कहा, सीमा शुल्क के डिजिटल भुगतान से भारत में कारोबार करने में आसानी होगी। ऑनलाइन सीमा शुल्क संग्रह से बड़े पैमाने पर पारदर्शिता और दक्षता आएगी।

# गडकरी ने यूपी में 14,169 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला रखी

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में 14,169 करोड़ रुपए की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी।सड़क मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मथुरा-हाथरस-बदायूं-बरेली राजमार्ग के विकास से इन पर्यटन स्थलों पर संपर्क और यातायात संबंधी मुद्दों का समाधान हो जाएगा। बयान के मुताबिक, 336 किलोमीटर लंबी दस राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला ऑनलाइन तरीके से रखी गई। आगरा इनर रिंग रोड को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले एक बाइपास के निर्माण की भी तैयारी है। बयान में कहा गया है कि आगरा-जलेसर-एटा मार्ग के निर्माण से पीतल उद्योग को मदद मिलेगी। गडकरी ने ब्रज क्षेत्र में 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के विकास की भी घोषणा की। इस मार्ग को नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाएगा और इसे भारतमाला परियोजना फेज-2 में शामिल किया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस मार्ग को अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा मार्ग की तरह विकसित किया जाएगा और ब्रज क्षेत्र के सभी प्रमुख तीर्थस्थलों से इसे जोड़ा जाएगा। सड़क मंत्रालय ने कहा कि इन परियोजनाओं के निर्माण से आसपास के कारोबारों और कांच एवं चूड़ी उद्योग को भी काफी मदद मिलेगी।

# सेबी ने चूककर्ता इकाइयों की सूची जारी की

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को कुछ चूककर्ता कंपनियों एवं व्यक्तियों की सूची जारी की जिनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है।भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी वेबसाइट पर संपर्क से दूर चूककर्ताओं का ब्योरा देते हुए कहा कि उसके वसूली अधिकारी ने इन कंपनियों के खिलाफ वसूली का प्रमाणपत्र जारी कर दिया है। लेकिन इन चूककर्ताओं को उनके आखिरी ज्ञात पते पर नोटिस दिए नहीं जा सके। सेबी ने कहा कि वसूली के ए नोटिस अप्रैल 2015 से लेकर जुलाई 2021 के दौरान जारी किए गए थे। सेबी की तरफ से जारी सूची में एमसीएक्स बिज सॉल्यूशंस और उसके मालिक सैयद सद्दाक, भरत वाघेला, गिरिधर वागड़िया, कल्पेश बाबरिया, विट्ठलभाई गजेरा, लक्ष्मीनारायण वीरामल्लू डूसा, उमेश चौकेकर, बिंदु आर मेनन, नीलेश पालंडे और घनश्याम दयाभाई पटेल के नाम शामिल हैं। सेबी के मुताबिक इन चूककर्ताओं ने न तो निवेशकों का पैसा लौटाया और न ही उसकी तरफ से लगाए गए जुर्माने को ही भरा था। सेबी ने नोटिस में इन चूककर्ताओं से कहा है कि 22 जनवरी 2022 तक उसके वसूली अधिकारी से संपर्क करें। चूककर्ता ईमेल या पत्र के जरिए संपर्क कर सकते हैं। एमसीएक्स बिज सॉल्यूशंस पर निवेशकों को ऊंचे रिटर्न का लालच देकर पैसे ठगने का आरोप है। सेबी के पास निवेशकों से ठगी हुई रकम की वसूली का भी अधिकार है।

# बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 143 अंक चढ़ा, साप्ताहिक आधार पर बढ़त में

**भाषा।** मुंबई

**● बाजार में ऊर्जा, बुनियादी ढांचा और आईटी शेयरों के प्रति दिखा लोगों का रूझान**



**वैश्विक** बाजारों में मिलेजुले रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और आईसीआईसीआई बैंक जैसे बड़े शेयरों में तेजी के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 143 अंक चढ़कर बंद हुआ। इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 142.81 अंक यानी 0.24 प्रतिशत बढ़कर 59,744.65 पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 66.80 अंक यानी 0.38 फीसदी बढ़कर 17,812.70 पर बंद हुआ।

निवेशकों ने ऊर्जा, बुनियादी ढांचा और आईटी शेयरों में निवेश किया।सेंसेक्स में सबसे अधिक 1.79 प्रतिशत की बढ़त एशियन पेंट्स में हुई। इसके अलावा टीसीएस, नेस्ले इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर गिरावट वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी, टाइटन और भारती एयरटेल शामिल हैं। इनमें 1.39 प्रतिशत तक की गिरावट आई। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू सूचकांकों ने कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण शुरुआती बढ़त को कुछ हद तक खो दिया, क्योंकि दुनिया भर में बाजारों को अमेरिकी रोजगार के आंकड़ों और यूरो क्षेत्र के महंगाई के आंकड़ों का इंतजार था। हालांकि, स्वास्थ्य देखभाल और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं से संबंधित शेयरों की मजबूत मांग ने गिरावट की भरपाई की। उन्होंने आगे कहा कि ओमीक्रोन के बढ़ते मामलों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख से बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है, लेकिन कंपनियों की आय बेहतर होने की उम्मीद तथा एफआईआई द्वारा शुद्ध खरीदारी के रुख से बाजार में उम्मीद बनी हुई है। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स ने 1,490.83 अंक या 2.55 फीसदी की बढ़त दर्ज की, जबकि निफ्टी 458.65 अंक या 2.64 फीसदी चढ़ा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि हालिया उछाल के बाद बाजार के मजबूत होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मिलेजुले वैश्विक संकेतों और कोविड से संबंधित घटनाक्रम के चलते अस्थिरता बने रहने की आशंका अधिक है। इसके अलावा आगामी वृहत आर्थिक आंकड़ें (आईआईपी, सीपीआई और डब्ल्यूपीआई) और कंपनियों के तिमाही नतीजे भी बाजार को प्रभावित करेंगे। हम एक सकारात्मक लेकिन सतर्क दृष्टिकोण की सिफारिश करते हैं।

क्षेत्रवार बात करें तो बीएसई बुनियादी पदार्थ, तेल और गैस, ऊर्जा, बैंकेक्स और एफएमसीजी सूचकांक 1.33 प्रतिशत तक चढ़े, जबकि पूंजीगत सामान, दूरसंचार, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में गिरावट हुई।

एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक और जापान के निक्की में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में मिला-जुला रुख था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल 0.94 प्रतिशत बढ़कर 82.76 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को सकल आधार पर 1,926.77 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। भारतीय रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे बढ़कर 74.34 पर बंद हुआ।

# एपीडा ने वाराणसी कृषि-निर्यात केंद्र के तहत आने वाले प्रदेश के संभावित जिलों की पहचान की

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय के तहत काम करने वाले एपीडा ने शुक्रवार को कहा कि उसने वाराणसी कृषि-निर्यात केंद्र (वीएईएच) के दायरे में लाए जाने वाले उत्तर प्रदेश के संभावित जिलों की पहचान की है ताकि इस क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने वीएईएच के विकास के माध्यम से राज्य के पूर्वांचल क्षेत्र से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए पहल की हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में वाराणसी, मिर्जापुर, आजमगढ़, प्रयागराज, गोरखपुर, बस्ती, गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली और संत रविदास नगर जिले आते हैं। बयान के अनुसार पिछले छह महीने में पूर्वांचल क्षेत्र से 20,000 टन कृषि उत्पादों का निर्यात किया गया है।

# पेज एक का शेष

## जोर पकड़...

आरटी-पीसीआर जांच करानी होगी। उन्हें आठवें दिन किये गए जांच के नतीजे को एअर सुविधा पोर्टल (संबद्ध राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा निगरानी के लिए) पर अपलोड करना होगा। जांच के नतीजे नेगेटिव आने पर उन्हें अगले सात दिनों तक अपने स्वास्थ्य की खुद निगरानी करनी होगी। गैर जोखिम वाले देशों से यात्रियों के आने पर, उन्हें घर पर सात दिनों तक अनिवार्य रूप से पृथकवास में रहना होगा और जोखिम वाले देशों से आने वाले यात्रियों द्वारा अनुपालन किये जाने वाले सभी अन्य प्रोटोकॉल का अनुपालन करना होगा। जिन देशों से आने पर यात्रियों को अतिरिक्त उपायों का अनुपालन करने की जरूरत होगी, उन देशों की अद्यतन सूची में ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बोत्सवाना, चीन, घाना, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, तंजानिया, हांगकांग, इजराइल, कांगो, इथियोपिया, कजाकिस्तान, केन्या, नाइजीरिया, ट्यूनीशिया और जांबिया शामिल हैं। इन अतिरिक्त उपायों में आगमन के बाद जांच (जोखिम वाले देशों से आने पर) भी शामिल है। वहीं, जिन देशों को जोखिम वाले देशों की सूची में नहीं रखा गया है वहां से आने वाले यात्रियों (उड़ान के कुल यात्रियों के दो प्रतिशत) की हवाईअड्डे पर कोविड जांच की जाएगी और इसके लिए उनमें से किसी भी दो प्रतिशत यात्री के नमूने लिए जाएंगे। समुद्री बंदरगाह/भू पत्तन के जरिए आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को भी उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करना होगा। हालांकि, इस तरह के यात्रियों के लिए अभी ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा नहीं है। साथ ही, घर पर पृथकवास के दौरान इन यात्रियों के संपर्क में आने वाले लोगों को 14 दिनों तक पृथक रहना होगा। वहीं, पांच साल से कम उम्र के बच्चों को आगमन पूर्व एवं आगमन बाद की जांच से छूट दी गई है। एक और घटनाक्रम में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने शुक्रवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए वेंटिलेटर, पीएसए, ऑक्सीजन संयंत्र, ऑक्सीजन सांद्रकों, ऑक्सीजन सिलेंडरों सहित विभिन्न उपकरणों से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की ताकि कोविड-19 महामारी से समय रहते और प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

## इटली से...

पाये गये थे जो अन्य चार्टर उड़ान से इटली के मिलान से आये थे। अमृतसर के हवाई अड्डा निदेशक वीके सेठ ने शुक्रवार को कहा कि 210 यात्रियों के जांच नतीजे मिले, इनमें से 173 यात्री संक्रमित पाए गए हैं। इस चार्टर उड़ान में 285 यात्री सवार थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के नियमों के अनुसार 'जोखिम वाले देशों' से भारत आ रहे यात्रियों को हवाई अड्डे पर पहुचंने के बाद अनिवार्य रूप से कोविड-19 जांच करानी होगी। मंत्रालय ने इटली समेत सभी यूरोपीय देशों को 'जोखिम से घिरे' देश माना है।

## अर्थ व्यवस्था...

135.22 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में 124.53 लाख करोड़ रुपए था। यह 8.6 प्रतिशत वृद्धि को बताता है। चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2020-21 के 3.6 प्रतिशत के मुकाबले अधिक है। वहीं विनिर्माण क्षेत्र में 12.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है जबकि वर्ष 2020-21 में इसमें 7.2 प्रतिशत की गिरावट थी। एनएसओ के अनुसार खनन और उत्खनन में 14.3 प्रतिशत और व्यापार, होटल, परिवहन, संचार तथा प्रसारण से जुड़े सेवा क्षेत्र में 11.9 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है।

## पंजाब सरकार ...

के संयुक्त निदेशक बलबीर सिंह और विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के आईजी एस सुरेश शामिल हैं। केंद्र ने समिति को जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहा है। गृह मंत्रालय ने प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा में गंभीर चूक को लेकर बठिंडा के एसएसपी अजय मलूजा और फिरोजपुर के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। ये अधिकारी पीएम मोदी की सुरक्षा के लिए तैनात थे। सूत्रों ने कहा कि टीम ने सुरक्षा में चूक की सुबह में जांच शुरू की और उन खामियों की पड़ताल की, जिसके कारण प्रधानमंत्री का काफिला बुधवार को फिरोजपुर के पास फ्लाईओवर पर लगभग 15-20 मिनट तक फंसा रहा था। इसके बाद उन्हें रैली और अन्य कार्यक्रम रद्द कर दिल्ली लौटना पड़ा था। इस जांच दल ने मामले में पूछताछ और जांच के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सेक्टर मुख्यालय जाने से पहले फ्लाईओवर पर करीब 45 मिनट बिताये। फिरोजपुर में बीएसएफ मुख्यालय में केंद्रीय दल ने वरिष्ठ सिविल और पुलिस अधिकारियों से बात की, जो प्रधानमंत्री के काफिले के सुचारू रूप से गुजरने और उसकी पुख्ता सुरक्षा के लिए प्रत्यक्ष तौर पर जिम्मेदार थे। बीएसएफ मुख्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग पांच पर स्थित उस स्थान से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां मोदी का काफिला फंसा रहा था। इस बीच, पंजाब के मुख्य सचिव अनिरुद्ध तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे के दौरान उनकी सुरक्षा को लेकर हुई चूक की घटना के संबंध में केंद्र सरकार को एक पत्र लिखा, जिसमें सूचित किया गया कि घटना के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने साथ ही यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार ने कथित खामियों की जांच के लिए दो सदस्यीय समिति का गठन किया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक की घटना से एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि पंजाब में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है।

## रिकॉर्ड सुरक्षित...

फिरोजपुर में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में गंभीर चूक हुई, जिसकी वजह से प्रधानमंत्री के काफिले को करीब 20 मिनट बठिंडा में रोकना पड़ा था।

## उप्र में...

सेवा संवर्ग में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात 1588 कर्मियों को प्लाटून कमांडर/सब इंस्पेक्टर सशस्त्र पुलिस के पद पर पदोन्नत किया गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि भविष्य में आरक्षक से हेड कांस्टेबल के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया भी प्रक्रियाधीन है और जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी किया जाएगा।

## हेयर ड्रेसर...

खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने उन्हें 11 जनवरी को तलब किया है ताकि वह अपने कृत्य को उसके समक्ष समझा सकें। इसने उत्तर प्रदेश पुलिस से उस कथित वीडियो की सत्यता की जांच करने के लिए भी कहा, जिसमें हबीब को महिला के सिर पर थूकते हुए दिखाया गया है। एनसीडब्ल्यू ने शुक्रवार को जारी समन में कहा कि उसने हबीब के कृत्य को गंभीरता से लिया है। एनसीडब्ल्यू ने कहा, इसलिए, आपको अपना बयान देने के लिए 11.01.2022 को दोपहर 12.30 बजे आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया जाता है। जानेमाने हेयर ड्रेसर हबीब पूरे देश में 115 शहरों में 850 से अधिक सैलों और करीब 65 हेयर अकादमी संचालित करते हैं। घटना के कथित वीडियो में जो मुजफ्फरनगर में गत तीन जनवरी को हुई थी, हबीब महिला के सिर पर थूकते दिख रहे हैं जबकि महिला उनकी ओर पीठ किए बैठी है। वीडियो में हबीब को वहां आए व्यक्तियों से यह कहते हुए सुना गया, अगर पानी की कमी है तो थूक का इस्तेमाल करो। इस दौरान वीडियो में पीछे से कुछ आवाज भी सुनी गई जिसमें वहां मौजूद व्यक्ति तालियां बजाते और हंसते सुने गए। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और नेट उपयोगकर्ताओं ने हबीब की उनके कृत्य के लिए आलोचना की है। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भी हबीब के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस बीच हबीब ने शुक्रवार को जारी एक वीडियो ने कृत्य के लिए माफी मांगी। हबीब ने एक वीडियो में कहा, मेरी कार्यशाला के दौरान कुछ शब्दों के चलते कुछ व्यक्ति अप्रसन्न हो गए हैं। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि हमारे सेमिनार हमारे क्षेत्र (हेयर-स्टाइलिंग) में काम करने वाले पेशेवरों के लिए हैं और ऐसे सेमिनार अक्सर लंबे होते हैं और हमें उन्हें हल्का-फुल्का बनाने की आवश्यकता होती है। अब मैं क्या कहूं, एक ही बात है जो मैं अपने दिल से कहता हूं, अगर आप वास्तव में आहत हुए हैं तो मैं आपसे क्षमा चाहता हूं। जयपुर की पूर्व मेयर खंडेलवाल ने कहा, यह उस व्यक्ति की विकृत मानसिकता को दर्शाता है जिसने अपने कृत्य के माध्यम से महिलाओं का अपमान किया। वह सेलिब्रिटी हैं और इस कृत्य के लिए उनके खिलाफ सख्त कार्वाई होनी चाहिए। हमने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। जयपुर की कोतवाली के थानाधिकारी ओमप्रकाश माटवा ने कहा, हमें शिकायत मिली है।

# बेयरस्टॉ के शतक से इंग्लैंड ने की वापसी

**●आस्ट्रेलिया के 416 के जवाब में इंग्लैंड ने सात विकेट पर 258 रन बनाए**

**एपी**। सिडनी

**जॉनी** बेयरस्टॉ के साहसिक शतक और बेन स्टोक्स के अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड ने खराब शुरूआत के बाद चौथे एशेज टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को वापसी की। बेयरस्टॉ सात पारियों में पहला शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज हैं।

एक समय पर इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 36 रन था लेकिन बेयरस्टॉ और स्टोक्स ने उसे सात विकेट पर 258 रन तक पहुंचाया। पैट कमिंस की गेंद अंगूठे पर लगने के बाद दर्द से कराहते दिखे बेयरस्टॉ ने न सिर्फ वह दर्द झेला बल्कि दूसरे छोर से विकेटों का पतन देखकर भी विचलित नहीं हुए। उन्होंने 138 गेंद में 12 चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। उन्होंने दोनों बाजू खोलकर इंग्लैंड के ड्रेसिंग रूम की तरफ भागते हुए अपने सातवें टेस्ट शतक का जश्न मनाया।


शतक पूरा करने के बाद खुशी जताते जॉनी बेयरस्टा

तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर बेयरस्टॉ 103 और जैक लीच चार रन बनाकर खेल रहे थे। इंग्लैंड अभी भी आस्ट्रेलिया से 158 रन पीछे है। इससे पहले बेन स्टोक्स ने 91 गेंद में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 66 रन बनाए। उन्होंने बेयरस्टॉ के साथ 128 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को संकट से निकाला। नाथन लियोन ने स्टोक्स को पगबाधा आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। स्टोक्स को दो बार जीवनदान मिले जब पैट कमिंस अपनी ही गेंद पर उनका कैच लपकने से चूक गए और फिर पगबाधा के मैदानी अंपायर के फैसले पर रिव्यू लेकर वह कामयाब रहे। स्टोक्स जब नौ रन पर थे तब कमिंस ने उनका रिटर्न कैच छोड़ा। अगर वह आउट हो जाते तो 50 रन से भी कम पर इंग्लैंड के पांच विकेट होते। इसके बाद कैमरन ग्रीन की गेंद पर उन्हें पगबाधा आउट दिया गया लेकिन उन्होंने तुरंत रिव्यू लिया और कामयाब रहे। जोस बटलर लगातार दूसरी बार खाता नहीं खोल सके और कमिंस की गेंद पर उस्मान ख्वाजा ने कवर में उनका कैच लपका। इसके बाद बेयरस्टॉ और मार्क वुड (39 रन) ने 72 रन की साझेदारी की। वुड को कमिंस ने लियोन के हाथों लपकवाया। इससे पहले आस्ट्रेलिया के तेज आक्रमण के सामने एक बार फिर इंग्लैंड की कमजोर बल्लेबाजी की कलई खुल गई और लंच तक उसने चार विकेट महज 36 रन पर गंवा दिए थे।

अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 13 रन से आगे खेलते हुए इंग्लैंड ने लगातार विकेट गंवाए। बारिश के कारण खेल 90 मिनट विलंब से शुरू हुआ और मिशेल स्टार्क तथा स्कॉट बोलैंड ने इंग्लैंड की पारी की कमर तोड़ दी। लंच से ठीक पहले डेविड मलान को कैमरन ग्रीन ने स्लिप में उस्मान ख्वाजा के हाथों लपकवाया। इससे पहले हसीब हमीद जब दो रन पर थे तो मिशेल स्टार्क के दूसरे ओवर में विकेटकीपर एलेक्स कारी ने उन्हें जीवनदान दिया। हमीद हालांकि इसका फायदा नहीं उठा सके और अगले ओवर में ही स्टार्क ने उन्हें पवेलियन भेजा। जाक क्रॉली (18) को बोलैंड ने आउट किया और अगले ओवर में इंग्लैंड के कप्तान जो रूट उनका शिकार हुए जिन्होंने स्लिप में कैच थमाया। मेलबर्न में तीसरे टेस्ट में सात रन देकर छह विकेट लेने वाले बोलैंड ने चार ओवर में कोई भी रन दिए बिना दो विकेट लिए।

बारिश के बावजूद सिडनी क्रिकेट ग्राउंड शुक्रवार को गुलाबी रंग में रंगा था। पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्रा के चैरिटी फाउंडेशन के लिए सिडनी टेस्ट का तीसरा दिन गुलाबी होता है। पिछले 14 साल से यह परंपरा चली आ रही है।

# नियमित अवसरों के लिए इंतजार करना होगा विहारी और अय्यर को

**●भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने कहा**

**भाषा**। जोहानिसबर्ग

**भारतीय** टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ सीनियर खिलाड़ियों चेतेश्वर पुजारा और अंजिक्य रहाणे को जितना संभव हो टीम में बनाए रखना चाहते हैं भले ही इस कारण से हनुमा विहारी और श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाजों का अंतिम एकादश का नियमित सदस्य बनने के लिए इंतजार लंबा खिंच जाए। अपनी धैर्यपूर्ण और ठोस बल्लेबाजी के कारण लोगों का ध्यान खींचने वाले विहारी ने अपने 13 टेस्ट मैचों में से केवल एक मैच स्वदेश में खेला है तथा कप्तान विराट कोहली की पीठ में जकड़न तथा श्रेयस अय्यर का पेट खराब होने के कारण ही उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में मौका मिल पाया। विहारी ने दूसरी पारी में नाबाद 40 रन बनाकर अपनी उपयोगिता साबित की। द्रविड़ ने विहारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि विहारी ने दोनों पारियों में अच्छा प्रदर्शन किया।



पहली पारी में भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वास्तव में उनका शानदार कैच लिया गया। दूसरी पारी में उसने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और टीम का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने मध्यक्रम के एक अन्य बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की भी प्रशंसा की। द्रविड़ ने कहा कि श्रेयस ने दो या तीन मैच पहले ऐसा किया। जब भी उन्हें अवसर मिल रहे हैं वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उम्मीद है कि उनका भी समय आएगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि उन्हें रहाणे या पुजारा पर प्राथमिकता दी जाएगी क्योंकि कोहली की अगले मैच में वापसी तय है। द्रविड़ की इस मामले में राय स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि अगर आप हमारे कुछ खिलाड़ियों पर गौर करो जो अब वरिष्ठ खिलाड़ी हैं या उन्हें वरिष्ठ खिलाड़ी माना जाता है, उन्हें भी इंतजार करना पड़ा था और उन्होंने अपने करियर के शुरू में ढेरों रन बनाए थे। द्रविड़ ने कहा कि इसलिए ऐसा (इंतजार करना) होता है और यह खेल की प्रकृति है।

विहारी ने इस मैच में जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा और उससे टीम का भी मनोबल बढ़ना चाहिए।

# टी-20 क्रिकेट में धीमी ओवरगति पर आईसीसी ने कड़े किए नियम

**●निर्धारित समय के भीतर ओवर पूरा नहीं करने वाली टीम को 30 गज के सर्कल के बाहर एक क्षेत्ररक्षक कम रखना होगा**

**भाषा**। दुबई

**टी-20** क्रिकेट में धीमी ओवरगति पर अब कड़ी सजा दी जाएगी चूंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को ऐलान किया कि निर्धारित समय के भीतर ओवर पूरा नहीं करने वाली टीम को 30 गज के सर्कल के बाहर एक क्षेत्ररक्षक कम रखना होगा। यह नियम इसी महीने से लागू होगा।

आईसीसी ने खेलने के संशोधित नियम और शर्तों के तहत द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में पारी के बीच में वैकल्पिक ड्रिंक्स ब्रेक को भी शामिल किया है। खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत धीमी ओवरगति के लिए आईसीसी के प्रावधान यथावत रहेंगे। इसमें डिमेरिट अंक और टीम तथा कप्तान पर आर्थिक दंड शामिल है। आईसीसी ने कहा कि खेलने के नियम और शर्तों की धारा 13.8 में ओवर गति के नियम हैं जिसके तहत क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को आखिरी ओवर की पहली गेंद निर्धारित समय के भीतर डालनी होगी।

ऐसा नहीं करने पर पारी के बाकी ओवर में 30 गज के सर्कल के बाहर एक फील्डर कम होगा। आम तौर पर पहले छह ओवर के बाद 30 गज के बाहर पांच क्षेत्ररक्षक रखे जा सकते हैं। ओवरगति के नियम का पालन नहीं करने पर चार ही क्षेत्ररक्षक रखे जा सकेंगे।

गेंदबाज के छोर वाला अंपायर क्षेत्ररक्षण कर रही टीम, बल्लेबाज और दूसरे अंपायर को पारी की शुरूआत से पहले ही निर्धारित समय और कोई व्यवधान होने पर नए सिरे से निर्धारित समय की जानकारी देंगे। आईसीसी की क्रिकेट समिति ने इस बदलाव की अनुशंसा की है जो सभी प्रारूपों में खेल की रफ्तार बनाए रखने के तरीकों की समीक्षा करती रहती है।

इसके साथ ही पारी के बीच में ढाई मिनट के वैकल्पिक ड्रिंक्स ब्रेक का भी प्रावधान है बशर्ते हर श्रृंखला की शुरूआत से पहले सदस्यों के बीच इस पर सहमति बने। नए नियमों के तहत पहला मैच 16 जनवरी को वेस्टइंडीज और आयरलैंड के बीच सबीना पार्क पर खेला जाएगा।

## वेस्टइंडीज टीम के नए मुख्य चयनकर्ता बने हैंस

**एपी**। सेंट जोंस

**महान** बल्लेबाज डेसमंड हैंस वेस्टइंडीज पुरूष क्रिकेट टीम के नए मुख्य चयनकर्ता बन गए हैं। 65 वर्ष के पूर्व सलामी बल्लेबाज हैंस इस पर पद रोजर हार्पर की जगह लेंगे और जून 2024 तक यह पद संभालेंगे। इस दौरा दो टी-20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेला जाना है।

हैंस ने क्रिकेट वेस्टइंडीज द्वारा जारी बयान में कहा कि चयनकर्ता की हमारी क्रिकेट व्यवस्था में बड़ी भूमिका है और मैं इस पद पर नियुक्त होकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

उन्होंने कहा कि मैने हमेशा से कहा है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट की हरसंभव सहायता करूंगा और यह उसका मौका है। मैं निष्पक्ष और पेशेवर ढंग से अपने काम को अंजाम दूंगा। हैंस ने 1978 से 1994 के बीच वेस्टइंडीज के लिए 238 वनडे और 116 टेस्ट खेलकर 7487 रन बनाए हैं।

# मो. सिराज का केपटाउन टेस्ट में खेलना संदिग्ध

**भाषा**। जोहानिसबर्ग

**भारतीय** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जनवरी से केपटाउन में शुरू होने वाले तीसरे और निर्णायक टेस्ट मैच में खेलना संदिग्ध है।

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दूसरे टेस्ट मैच की समाप्ति पर कहा कि सिराज पूरी तरह फिट नहीं है। सिराज ने दूसरे मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण पूरे मैच में केवल 15.5 ओवर गेंदबाजी की। दूसरी पारी में तो वह केवल छह ओवर ही कर पाए थे। द्रविड़ ने संवाददाताओं से कहा, सिराज पूरी तरह से फिट नहीं है और हमें आगे जाकर उसकी फिटनेस का आकलन करना होगा कि अगले चार दिन में वह फिट हो पाएगा या नहीं। फिजियो स्कैन होने के बाद सही स्थिति बता पाएगा। कोच ने चोटिल होने के बावजूद गेंदबाजी करने के लिए सिराज की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सिराज पहली पारी में भी पूरी तरह से फिट नहीं था। हमारे पास पांचवां गेंदबाज था और उसका हम वैसा उपयोग नहीं कर पाए जैसा चाहते थे और इससे हमारी रणनीति प्रभावित हुई।

यदि सिराज तीसरे मैच में नहीं खेलते हैं तो उमेश यादव और इशांत शर्मा में किसी एक को अंतिम एकादश में जगह मिलेगी। हनुमा विहारी भी दूसरे मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

द्रविड़ ने कहा कि जहां तक हनुमा विहारी की चोट का सवाल है तो मैं उनकी चोट के बारे में ज्यादा बताने की स्थिति में नहीं हूं क्योंकि मेरी फिजियो से इस बारे में विस्तृत बातचीत नहीं हुई।

# पुजारा और रहाणे भरोसे पर खरे उतरे: गावस्कर

**भाषा**। जोहानिसबर्ग

**महान** क्रिकेटर सुनील गावस्कर को लगता है कि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे उस भरोसे पर खरे उतरे जो उन पर दिखाया गया था और साथ ही उन्होंने कहा कि युवा प्रतिभाओं से उत्साहित हो जाना आसान होता है लेकिन टीम को अपने सीनियर खिलाड़ियों पर तब तक भरोसा दिखाना जारी रखना चाहिए जब तक वे खराब तरीके से आउट नहीं होने लगे। लगातार खराब प्रदर्शन के बाद आलोचनाओं से घिरे पुजारा और रहाणे ने बल्ले से अच्छा खेल दिखाया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में अर्धशतक बनाए। गावस्कर ने कहा कि वे अनुभवी हैं और उन्होंने टीम के लिए बीते समय में जो कुछ किया है, उससे टीम ने उनका समर्थन किया। उन्हें खुद पर भरोसा था कि वे अच्छा करेंगे और उन्होंने ऐसा किया भी। उन्होंने कहा, कभी कभार हम अपने सीनियर खिलाड़ियों के प्रति थोड़ा सख्त हो सकते हैं क्योंकि आपके पास रोमांचक युवा खिलाड़ी इंतजार कर रहे होते हैं और हम सभी उन्हें थोड़ा खेलते हुए देखना चाहते हैं।

गावस्कर ने कहा कि लेकिन जब तक ए सीनियर खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं और बुरी तरह से आउट नहीं हो रहे, तो मुझे लगता है कि हमें उन पर भरोसा दिखाना चाहिए।

**सार्वजनिक सूचना**

02 जुलाई 2021 को कार्यालय प्रतिनिधि द्वारा ट्रांजिट के दौरान, चांदनी चौक, दिल्ली-110006 की संपत्ति के कुछ दस्तावेज खो गए थे।

दस्तावेजों में से एक श्रीमती माया सारस्वत और श्रीमती कांता ओझा द्वारा श्री महेश चंद शर्मा के पक्ष में निष्पादित जीपीए दिनांक **28.06.1999** है।

**सीमा गुप्ता**

**पता:** 1167, तीसरी मंजिल, कूचा महाजनी चांदनी चौक, दिल्ली-110006 मोबाइल: 9818478614, **ईमेल:** companysecretary@satyapalgroup.com

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Sipali W/o Mr. Virender Singh** who is purchasing the **Third Floor, With Roof Rights, Built on Property No.1559, Back Side Portion, Out of Khasra No.93, Gali No.13, Situated at Govind Puri, Kalkaji, New Delhi-110019** from **Mrs. Rimal Jit Kaur W/o Mr. Jagmohan Singh and Mrs. Veena Rani alias Veena Thakral W/o Mr. Parshotam Thakral** who was owner through **Sale Deed dated 27.05.2019, Doc. No. 2932** and same to be finance & mortgage by Vastu Housing Finance Corporation Ltd. If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, **within 7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
Office No.G-03, at Ground Floor, on Plot No.D-61, Sector-2, Noida, UP-201301
Contact # 0120-4130438

# कोरोना मामले आने पर एमसीए कार्यालय तीन दिन के लिए बंद

**भाषा**। मुंबई

**मुंबई** क्रिकेट संघ (एमसीए) को शुक्रवार को अपना कार्यालय तीन दिन के लिए बंद करने के लिए बाध्य होना पड़ा क्योंकि उसके 15 स्टाफ सदस्यों को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के कार्यालय में भी कुछ कोविड-19 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। बीसीसीआई का मुख्यालय क्रिकेट सेंटर है जो दक्षिण मुंबई में स्थित है। एमसीए का कार्यालय भी इसी इमारत में है। एमसीए के एक सूत्र ने कहा कि स्टाफ सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव आए हैं जिसके बाद हमने आज से तीन दिन के लिए कार्यालय बंद कर दिया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को दोपहर को पीटीआई से कहा, हां, कुछ पॉजिटिव मामले सामने आए हैं क्योंकि मुंबई में कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं। 90 प्रतिशत स्टाफ घर से काम कर रहा है जबकि बोर्ड के कार्यालय में बहुत कम स्टाफ काम कर रहा है। हालांकि कार्यालय अभी खुला है, हमने इसे बंद नहीं किया है। गुरूवार को मुंबई में कोविड-19 के 20,181 नए मामले सामने आए हैं।

**एसएएएफ क्रॉस कंट्री, राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप स्थगित**

**नई दिल्ली**। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने नगालैंड में 15 जनवरी को होने वाली एसएएएफ क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप और 56वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप को कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन स्वरूप के तेजी से फैलने के कारण स्थगित कर दी। एएफआई ने ट्वीट किया, नगालैंड के कोहिमा में 15 जनवरी 2022 को आयोजित होने वाली क्रॉस कंट्री और 56वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2022 को ओमिक्रॉन के बढ़ते खतरे के कारण स्थगित कर दिया गया है।

# विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड सीरीज से मदद मिलेगी : झूलन

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारत** की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी का मानना है कि चार मार्च से न्यूजीलैंड में शुरू होने वाले विश्व कप से पहले इस देश के खिलाफ उसकी धरती पर एकदिवसीय श्रृंखला खेलने से टीम को अपनी कमियां दूर करने और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में मदद मिलेगी।

वनडे में सर्वाधिक विकेट लेने वाली 39 वर्षीय झूलन अपने आखिरी विश्व कप में भाग लेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला 11 फरवरी से शुरू होगी। भारत की 18 सदस्यीय टीम के 24 जनवरी को न्यूजीलैंड के लिए रवाना होने की उम्मीद है। इस टीम में तीन रिजर्व खिलाड़ी भी शामिल हैं। झूलन ने कहा कि विश्व कप से पहले हम न्यूजीलैंड में खेलेंगे जो अच्छी तैयारी है। इससे हमें परिस्थितियों और मौसम का अभ्यस्त होने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वहां परिस्थितियां हवादार होती हैं और हम क्रिकेटरों को परिस्थितियों से तालमेल बिठाने के लिए कुछ समय चाहिए होता है। हम गेंदबाजों को शुरू में हवा के विपरीत गेंदबाजी करने में परेशानी होती है। झूलन ने कहा कि इन पांच मैचों से हमें पिचों और मौसम को समझने का मौका मिलेगा। सभी मैच महत्वपूर्ण होने जा रहे हैं। हमारी टीम में 18 सदस्य हैं और हम विश्व कप से पहले अगर अपने खिलाड़ियों को रोटेट करना चाहते हैं तो वनडे श्रृंखला में ऐसा किया जा सकता है।



# फीफा पुरस्कारों की दौड़ में लियोनेल मेसी मोहम्मद सालेह और राबर्ट लेवांडोव्स्की

**एपी**। ज्यूरिख

**क्रिस्टियानो** रोनाल्डो को फीफा के 2021 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए शुक्रवार को चुने गए तीन सदस्यों में जगह नहीं दी गई। इसमें लियोनेल मेसी और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ मोहम्मद सालेह को नामित किया गया है। मेसी इस पुरस्कार को छह बार जीत चुके है जबकि लेवांडोव्स्की इसके गत विजेता है। इस पुरस्कार समारोह का आयोजन 17 जनवरी को होगा।

इस सूची में यूरोपीय चैम्पियनशिप विजेता टीम इटली या चैंपियंस लीग का खिताब जीतने वाली चेल्सी की टीम का कोई भी खिलाड़ी नामित नहीं है। पांच बार के विजेता रोनाल्डो 2007 में फीफा पुरस्कारों के लिए पहली बार नामांकित होने के बाद से केवल दूसरी बार इस सूची में जगह बनाने में असफल रहे। वह 2010 के पुरस्कार की सूची में जगह बनाने से चूक गए थे जब मेसी ने आंद्रे इनिएस्ता और जावी को पछाड़कर खिताब अपने नाम किया था।



रोनाल्डो के टीम में रहते हुए सेरी ए (इटली की शीर्ष घरेलू लीग) की कई बार से चैम्पियन रही जुवेंटस की टीम चौथे पायदान पर खिसक गई। उनकी राष्ट्रीय टीम और गत चैंपियन पुर्तगाल यूरो 2020 में अंतिम 16 के दौर में हार कर बाहर हो गया। सालेह को इस सूची में 2018 के बाद दूसरी बार जगह मिली है। उन्होंने लीवरपूल के लिए शानदार प्रदर्शन किया। मेसी ने इस दौरान कोपा अमेरिका कप के जरिए अर्जेंटीना के साथ अपना बड़ा खिताब जीता। उन्होंने पिछले महीने अपने करियर का सातवां बैलन डी ओर ट्रॉफी जीती थी। लेवांडोव्स्की ने 2020-21 सत्र में बायर्न म्यूनिख के लिए 41 गोल और 2021 के कैलेंडर वर्ष में 43 गोल करके दो बुंडेसलीगा (जर्मनी की शीर्ष फुटबॉल लीग) रिकॉर्ड अपने नाम किए। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय टीम के कोचों और कप्तानों, विशेषज्ञ मीडिया और प्रशंसकों द्वारा फीफा की वेबसाइट पर मतदान के जरिए होगा। बार्सिलोना टीम की एलेक्सिया पुटेलस और जेनिफर हर्मोसो के साथ चेल्सी की खिलाड़ी सैम केर को महिलाओं की श्रेणी में नामित किया गया है।

# बार्टी सेमीफाइनल में, नडाल वॉकओवर से आगे बढ़े

**एपी**। मेलबर्न

**शीर्ष** रैंकिंग की खिलाड़ी ऐश बार्टी 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन सोफिया केनिन पर 6-3, 6-4 की जीत से एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गईं जबकि राफेल नडाल ने साल के पहले ग्रैंडस्लैम की तैयारियों के लिए आयोजित टूर्नामेंट में वॉकओवर से अगले दौर में जगह बनाई।

बार्टी दो साल पहले मेलबर्न पार्क में आस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में केनिन से हार गई थीं। अब 2021 विम्बलडन चैम्पियन बार्टी का सामना शनिवार को दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियातेक के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। सातवीं वरीय एलीना रेबाकिना ने शेल्बी रोजर्स को 3-6, 6-3, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 20 बार के एकल ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नडाल कोर्ट में उतरे बिना ही अगले दौर में पहुंच गए। उनके प्रतिद्वंद्वी नीदरलैंड के टालोन ग्रक्सपूर ने मैच से हटने का फैसला किया। नडाल ने एक दिन पहले रिर्कार्डासा बेराकिंस को सीधे सेटों में हराया था।


सोफिया केनिन को रिवर्स शॉट लौटातीं ऐश बार्टी

अब शनिवार को नडाल का सामना गैर वरीय एमिल रूसुवुओरी से होगा जिन्होंने एलेक्स मोलकान को 6-2, 6-1 से पराजित किया। पुरुष वर्ग के अन्य मुकाबलों में मारिन सिलिच और शीर्ष वरीय गेल मोंफिल्स ने अपने क्वार्टरफाइनल मैच जीत लिए। सिलिच ने लास्लो जेरे को 6-3, 6-2 से जबकि मोंफिल्स ने छठे वरीय टॉमी पॉल को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। महिलाओं के वर्ग में दूसरी वरीय सिमोना हालेप ने विक्टोरिया गोलुबिच पर 6-2, 5-7 6-4 की जीत से मेलबर्न में समर सेट 1 ट्यून अप टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीय नाओमी ओसाका शुक्रवार रात को इसी टूर्नामेंट में अपना क्वार्टरफाइनल मैच खेलेंगी।

## बोपन्ना-रामकुमार की जोड़ी सेमीफाइनल में, सानिया-किचेनोक की जोड़ी हारी

**एडीलेड**। भारत के रोहन बोपन्ना और रामकुमार रामनाथन एडीलेड इंटरनेशनल वन एटीपी टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। सानिया मिर्जा को यहां डब्ल्यूटीए प्रतियोगिता के युगल वर्ग के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। पहली बार एटीपी टूर पर साथ खेल रहे बोपन्ना और रामकुमार ने फ्रांस के बेंजामिन बोंजी और मोनाको के हुजो निस की जोड़ी को युगल क्वार्टर फाइनल में 6-1, 6-3 से हराया। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त बोस्पिनया के तोमिस्लाव बर्किच और मैक्सिको के सैंटियागो गोंजालेस से होगा। दोनों का शानदार प्रदर्शन जारी रहता है तो मार्च में दिल्ली में डेनमार्क के खिलाफ डेविस कप मैच में भी वे साथ खेल सकते हैं। सानिया और उक्रेन की नाडिया किचेनोक की जोड़ी को एडीलेड इंटरनेशनल1 डब्ल्यूटीए के सेमीफाइनल में एशले बार्टी और स्टोर्म सैंडर्स की जोड़ी ने हराया। भारत और उक्रेन के खिलाड़ियों की जोड़ी को स्थानीय जोड़ी से 1-6, 6-2, 8-10 से हार का सामना करना पड़ा।



# साइ के बेंगलुरु परिसर में 35 खिलाड़ी कोविड-19 पॉजिटिव

**भाषा**। बेंगलुरू

**भारतीय** खेल प्राधिकरण (साइ) की बेंगलुरू परिसर में विभिन्न राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग ले रहे 35 जूनियर खिलाड़ी कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं। यह जानकारी साइ के एक सूत्र ने दी। इस मामले के सामने आने के बाद साइ की बेंगलुरु इकाई ने परीक्षण के लिए चिकित्सकों की एक समिति गठित करने करने के साथ परिसर में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया है। साइ के लिए राहत की बात यह है कि राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों जैसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की तैयारी कर रहा कोई भी खिलाड़ी फिलहाल इस वायरस के चपेट में नहीं आया है। साइ के एक सूत्र ने गोपनीयता के शर्त पर से कहा साइ ने वहां मौजूद खिलाड़ियों और कोच में से 210 (175 खिलाड़ी और 35 कोच) का कोरोना वायरस के लिए जांच किया जिसमें से 35 का नतीजे पॉजिटिव आए हैं। उन्होंने कहा कि इन संक्रमितों में से 31 में बीमारी के लक्षण नहीं है जबकि चार में हलके लक्षण है। उन सभी को अलग-थलग कर दिया गया है। उन्हें फिलहाल अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं है।

कुछ खिलाड़ियों में हल्के लक्षणों के बाद अधिकारियों ने रैंडम तरीके से जांच करने का फैसला किया, जिसमें खिलाड़ियों और कोच के कोविड-19 पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई। एक अन्य सूत्र ने कहा कि साइ ने फैसला किया कि जो खिलाड़ी बीमारी के चपेट में नहीं आए है। उन्हें राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। परिसर में आने वाले खिलाड़ियों को वहां रहने वाले से घुलने-मिलने की अनुमति नहीं दी गयी है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा अधिसूचना**

**अधिसूचना सं. सी/16/एम.एफ.सी./काठगोदाम/एस-6/1/22**
**दिनांक 06.01.2022**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा इज्जतनगर मंडल के अन्तर्गत काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स (एमएफसी) में स्थित दुकान सं. 06 को 05 (पांच) वर्ष हेतु लाइसेन्स शुल्क पर दिये जाने के लिये खुली निविदा मंडल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य, इज्जतनर के नाम मांगी जाती है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/पार्टी से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इसका विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भी देखा जा सकता है।

क्र.सं. 1. दुकान सं. 06, दुकान का क्षेत्रफल (वर्गमीटर में): 16.576, निविदा प्रपत्र शुल्क (रू. में 18% जीएसटी सहित) : 2,360/-, आरक्षित मूल्य रू. में (5 वर्षो हेतु 18% जीएसटी सहित): 10,68,702/-, बयाना राशि रू. में (5 वर्षो हेतु 18% जीएसटी सहित) : 21,400/-

वार्षिक किराया - प्रति दुकान रू. 12,017/- (बारह हजार सत्रह मात्र) प्रतिवर्ष वार्षिक किराया है, जो 10% (दस प्रतिशत) वार्षिक दस से बढ़ाया जाएगा। नियमानुसार जीएसटी अलग से देय होगा। ई-निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय - दिनांक 07.02.2022, 15:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समय : दिनांक 07.02.2022, 15:30 बजे।

1. उपरोक्त हेतु खुली ई-निविदा भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की गई है। 2. इच्छुक व्यक्ति ई-निविदा के **www.ireps.gov.in** पर अपलोड होने की तिथि से दिनांक 07.02.2022 समय 15:00 तक ही भाग ले सकते है। 3. ई-निविदा से सम्बंधित निविदा फार्म, निविदा सूचना, पात्रता, नियम एवं शर्तों का विस्तृत विवरण **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। 4. ई-निविदा से सम्बंधित बयाना राशि एवं निविदा फार्म की राशि का भुगतान वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध ऑनलाइन पेमेन्ट गेटवे से ही होगा। 5. निविदा से सम्बंधित जानकारी के लिए कार्यालय समय में मंडल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) कार्यालय, इज्जतनगर, बरेली में सम्पर्क कर सकते है।

**नोट:-** सभी संभावी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि इस निविदा से सम्बन्धित किसी भी शुद्धि पत्र हेतु वे नियमित रूप से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** विजिट करते रहें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक, इज्जतनगर**
**मुजाधि/वा० - 118**

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।**

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**

# कजाकिस्तान में आतंकियों को गोली मारने का अधिकार मिला

## हिंसक प्रदर्शन पर सख्त हुए राष्ट्रपति

एपी। मास्को

**कजाकिस्तान** के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्त तोकाएव ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने सुरक्षा बलों को आतंकियों पर गोली चलाने और उन्हें मार गिराने का अधिकार दे दिया है। देश में पिछले कई दिनों से चल रहे बेहद हिंसक प्रदर्शनों के बाद यह कदम उठाने को कहा गया है। टेलीविजन पर प्रसारित राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति ने अशांति फैलाने के लिए आतंकियों और उग्रवादियों को जिम्मेदार ठहराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों को आतंकवादियों को गोली मारने के अधिकार दिए गए हैं। तोकाएव ने कहा-जो लोग आत्मसमर्पण नहीं करेंगे, उन्हें मार दिया जाएगा। उन्होंने कुछ अन्य देशों द्वारा प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत के आह्वान को बकवास बताया। तोकाएव ने कहा, अपराधियों, हत्यारों के साथ क्या बातचीत हो सकती है?

राष्ट्रपति ने संबोधन के दौरान घोषणा की कि देश में संवैधानिक व्यवस्था मुख्यत: बहाल कर दी गई है और स्थानीय प्रशासन ने हालात को नियंत्रित कर लिया है।

राष्ट्रपति ने कहा, आतंकवादी अब भी हथियारों का उपयोग कर रहे हैं और लोगों की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इनके खिलाफ आतंकवाद विरोधी कार्रवाई जारी रखा जाना चाहिए। कजाकिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि उपद्रव के दौरान 26 प्रदर्शनकारी मारे गए, 18 घायल हो गए जबकि 3000 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस दौरान 18 सुरक्षा अधिकारी भी मारे गए और करीब 700 घायल हुए। करीब तीन दशक पहले आजाद होने के बाद से पहली कजाकिस्तान में सड़कों पर भीषण प्रदर्शन हो रहे हैं। वाहन ईंधन की एक विशेष किस्म की कीमतों के लगभग दोगुना होने के विरोध में शुरू हुआ यह प्रदर्शन पूरे देश में फैल गया और यह स्वतंत्रता के बाद से एक ही पार्टी के शासन को लेकर व्यापक असंतोष को दिखाता है। विरोध प्रदर्शन बेहद हिंसक हो गया है, सरकारी इमारतों में आगजनी की गई और एक दर्जन से अधिक अधिकारियों की मौत हो गई।

अल्माटी में शुक्रवार सुबह भी झड़प होने की खबर है। रूसी समाचार एजेंसी तास के मुताबिक अल्माटी में एक इमारत को आग के हवाले कर दिया गया।

# नाइजीरिया में चीन के तीन नागरिकों का अपहरण : पुलिस

माकर्डी (नाइजीरिया)। नाइजीरिया के उत्तरी मध्य क्षेत्र में काम कर रहे चीन के तीन नागरिकों का बंदूकधारियों ने अपहरण कर लिया है। अफ्रीका में सबसे अधिक आबादी वाले इस देश में हिंसा की यह ताजा घटना है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

बंदूकधारियों ने नाइजर राज्य में निर्माणाधीन हाइड्रोइलेक्ट्रिक ऊर्जा संयंत्र में प्रवासियों के साथ काम कर रहे दो नाइजीरियाई नागरिकों की मंगलवार को हत्या कर दी।

पुलिस के प्रवक्ता वासियु एबिओडुन ने बुधवार को एक बयान में बताया कि कर्मचारी गुस्साने गांव में संयंत्र में एक ट्रांसमिशन लाइन बिछाने के काम में लगे थे,तभी हमलावर आए और उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

उन्होंने बताया कि संयंत्र में तैनात पुलिसकर्मियों ने चार प्रवासियों को बचा लिया।

# कैपिटल हमला : बाइडन ने ट्रंप को आड़े हाथों लिया

## लोकतंत्र का गला घोटने का लगाया आरोप

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप और उनके समर्थकों पर चुनाव को लेकर झूठ बोलने और लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप लगाया। कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद भवन) पर हुए हमले के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर बाइडन ने यह बयान दिया।

गौरतलब है कि ट्रंप ने तीन नवंबर 2020 को हुए राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार नहीं की थी और उन्होंने चुनाव में धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे। ट्रंप के इन आरोपों के बीच संसद भवन पर उनके समर्थकों ने छह जनवरी को कथित तौर पर हिंसा की थी। बाइडन ने कहा कि इतिहास में पहली बार, एक राष्ट्रपति केवल चुनाव नहीं हारा, बल्कि हिंसक भीड़ के कैपिटल में हिंसा करने से, उसने सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को रोकने की कोशिश भी की। पूर्व राष्ट्रपति के समर्थक इतिहास को पुन:लिखने की कोशिश कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि आप चुनाव के दिन को विद्रोह के दिन के रूप में और छह जनवरी को यहां हुए दंगों को लोगों की इच्छा की सच्ची अभिव्यक्ति के रूप में देखें।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमें इस बात को लेकर स्पष्ट होना चाहिए कि क्या सच है और क्या झूठ। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने 2020 चुनाव को लेकर कई झूठ फैलाएं हैं। कैपिटल में बाइडन के भाषण के दौरान अधिकतर रिपब्लिकन सांसदों की अनुपस्थिति या चुप्पी ने देश में विभाजन को काफी हद तक रेखांकित किया।

इससे पहले, हमेशा बाइडन ने हमले का उल्लेख काफी संयम से किया था, लेकिन बृहस्पतिवार को उन्होंने काफी आक्रामक भाषण दिया। वहीं फ्लोरिडा में ट्रंप ने एक बार फिर 2020 राष्ट्रपति चुनाव पर सवाल उठाए। उन्होंने छह जनवरी को कैपिटल में हजारों समर्थकों को भेजने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली, जब उन्होंने अपने समर्थकों से कहा था कि लड़ने में जान लगा दो। यहां तक कि कुछ रिपब्लिकन नेता जिन्होंने हमले की निंदा की थी, उन्होंने भी अपने सुर बदल लिए और इस तरह के बयान दिए कि जैसे कि वह ट्रंप से सहमत हों। दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति बाइडन ने छह जनवरी को लेकर क्या निर्लज्ज राजनीति की।

रिपब्लिकन नेता मिच मैककोनेल, जिन्होंने पहले कहा था कि ट्रंप व्यावहारिक और नैतिक रूप से हमले के लिए जिम्मेदार थे...अब उन्होंने एक बयान जारी कर उस दिन की गंभीरता पर प्रकाश डाला, साथ ही यह भी कहा कि कुछ डेमोक्रेट अन्य उद्देश्यों के लिए इसका फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

**बाइडन ने वरिष्ठ सैन्य जनरल को पश्चिम एशिया के लिए शीर्ष अमेरिकी कमांडर नामित किया**

**वाशिंगटन।** इराक और अफगानिस्तान युद्ध के दौरान अहम भूमिका निभा चुके एक वरिष्ठ सैन्य जनरल को पश्चिम एशिया के लिए शीर्ष अमेरिकी कमांडर नामित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने लेफ्टिनेंट जनरल एरिक कुरिला को अमेरिकी मध्य कमान का प्रमुख नामित किया है और उन्हें प्रोन्नत करके चार स्टार जनरल बनाया जाएगा। वर्तमान में कुरिला तीन स्टार जनरल हैं।

संसद की सशस्त्र सेवा समिति के एक नोटिस में कहा गया है कि कुरिला को जनरल नामित किया गया है। इसमें यह जानकारी नहीं दी गई कि यदि उन्हें नियुक्ति मिल जाती है तो उन्हें क्या काम करना होगा, लेकिन इस पद पर उनके नामांकन की चर्चा काफी वक्त से थी। संसद ने यदि कुरिला के नाम को मंजूरी दे दी तो वह मरीन जनरल फ्रैंक मैकेंजी का स्थान लेंगे। मैकेंजी पिछले तीन वर्षों से इस पद पर हैं।

# द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान भेजा गया पत्र 76 साल बाद मिला

एपी। वोबर्न (अमेरिका)

**द्वितीय** विश्व युद्ध के खत्म होने के बाद जर्मनी में तैनात एक अमेरिकी सैनिक द्वारा मैसाचुसेट्स में अपनी मां को भेजा गया पत्र, 76 साल बाद आर्मी सार्जेंट की पत्नी को दिया गया।

डब्ल्यूएफएक्सटी-टीवी ने बुधवार को अपनी एक खबर में बताया कि द्वितीय विश्वयुद्ध के दिसंबर 1945 में आधिकारिक तौर पर खत्म होने के बाद, उस समय 22 वर्षीय के आर्मी सार्जेंट जॉन गोंजाल्विस ने वोबर्न में रह रही अपनी मां को एक पत्र लिखा था। पिट्सबर्ग में अमेरिकी डाक सेवा वितरण सुविधा (यूएसपीएस) को मिला यह पत्र 75 वर्ष से अधिक समय से बंद ही था। पत्र में लिखा था, प्रिय मां, आज आपका एक और पत्र मिला और मैं खुश हूं कि सब ठीक है। जहां तक मेरी बात है, मैं भी ठीक हूं..लेकिन खाना ज्यादातर बहुत खराब मिलता है।

उन्होंने पत्र के आखिर में अपने हस्ताक्षर किए और लिखा, आपसे प्यार है। आपका बेटा जॉनी। उम्मीद है, आपसे जल्द ही मिलूंगा।

आर्मी सार्जेंट जॉन गोंजाल्विस का 2015 में निधन हो गया था और उनकी मां का भी देहांत हो चुका है। यूएसपीएस ने हालांकि, गोंजाल्विस की पत्नी एंजलिना का पता लगाया और उन्हें वह पत्र सौंपा। पत्र लिखने के करीब पांच साल बाद गोंजाल्विस की मुलाकात अपनी पत्नी से हुई थी।

यूएसपीएस ने इस पत्र के साथ अपनी ही ओर से भी एक पत्र गोंजाल्विस के परिवार को भेजा, जिसमें लिखा था, यह पत्र भेजना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# सेना प्रमुख जनरल बाजवा के सेवा विस्तार पर फैसले में अभी वक्त है : इमरान खान

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि उन्होंने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के कार्यकाल के विस्तार के बारे में अभी नहीं सोचा है क्योंकि उनके कार्यकाल के समाप्त होने में अब भी समय है। मीडिया में शुक्रवार को इस बारे में रिपोर्ट आई।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार बाजवा के कार्यकाल में विस्तार के विवादास्पद मुद्दे पर प्रधानमंत्री खान ने कहा कि सैन्य नेतृत्व के साथ उनके अभूतपूर्व संबंध हैं। प्रधानमंत्री के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, मौजूदा साल अभी शुरू ही हुआ है और नवंबर अभी दूर है। फिर सेना प्रमुख के कार्यकाल में विस्तार की चिंता क्यों है। खान ने कहा कि उन्होंने अब तक सीओएएस बाजवा के कार्यकाल में विस्तार के बारे में नहीं सोचा है। बाजवा (61) सेना प्रमुख के पद पर 28 नवंबर, 2022 तक रहेंगे। खान के करीबी, बाजवा अपने तीन साल के मूल कार्यकाल के खत्म होने पर 29 नवंबर, 2019 को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन प्रधानमंत्री खान ने एक अधिसूचना के माध्यम से क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए सेना प्रमुख को उसी दिन से तीन साल का और सेवा विस्तार दिया। उच्चतम न्यायालय ने 28 नवंबर को सरकारी आदेश को यह कहकर निलंबित कर दिया कि सेना प्रमुख के कार्यकाल को बढ़ाने के लिए कोई कानून नहीं है।

लेकिन शीर्ष अदालत ने सरकार के इस आश्वासन पर जनरल बाजवा को छह महीने का विस्तार दिया कि संसद छह महीने के भीतर किसी सेना प्रमुख के सेवा विस्तार/पुनर्नियुक्ति पर कानून पारित करेगी। सरकार ने प्रारंभिक गतिरोध के बाद मुख्य विपक्षी दलों का समर्थन हासिल किया और सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों और ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ समिति के अध्यक्ष पद के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 60 से 64 वर्ष तक बढ़ाने के संबंध में नेशनल असेंबली में तीन विधेयक पेश किए। सरकार गिराने के संबंध में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और सेना के बीच संभावित समझौते की अफवाहों के बारे में खान ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से किसी तरह के दबाव में नहीं हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रिकेटर से नेता बने खान ने कहा कि उन्हें सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है।



मॉस्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को मॉस्को के बाहर नोवो-ओगारियोवो में चर्च ऑफ द इमेज ऑफद सेवियर में रूढ़िवादी क्रिसमस मास के दौरान एक मोमबत्ती जलाते हुए

# संक्रमण बढ़ने के बीच चीन में लॉकडाउन ने अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ाई चिंताएं

एपी। बीजिंग

**कोरोना** वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच चीन के बड़े शहरों में लॉकडाउन लगने से वैश्विक उद्योगों के और प्रभावित होने को लेकर चिंताएं पैदा हो रही हैं। दरअसल प्रोसेसर चिप निर्माताओं ने कहा है कि लॉकडाउन से उनका कामकाज प्रभावित हुआ, जिससे इस चिंताओं को बल मिला है।

विश्लेषकों ने आगाह किया है कि निर्माण श्रृंखला के शामिल वियतनाम, थाईलैंड और अन्य देश बीमारी से बचने के लिए कदम उठा सकते हैं,जिससे आपूर्ति में देरी हो सकती है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में नोमुरा में अर्थशास्त्री ने कहा, चीन में लॉकडाउन के कारण अवरोध आने लगा है। चीन में हाल के दिनों में जिस सबसे बड़े शहर में लॉकडाउन लगाया गया है वह है शिआन। इस शहर की कुल आबादी एक करोड़ 30 लाख लोगों की है। उत्पादन के क्षेत्र में यह शहर वुहान की तुलना में कम अहम है, जहां 2020में संक्रमण के मामले सामने आने के बाद लॉकडाउन लगाया गया था।

शिआन में वे फैक्टरी हैं जहां स्मार्ट फोन के प्रोसेसर चिप, ऑटो कलपुर्जे तथा वैश्विक एवं विभिन्न चीनी ब्रांड के लिए अन्य सामान बनाए जाते हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और माइक्रॉन टेक्नॉलॉजीस लिमिटेड का कहना है कि शिआन में उनके कारखानों पर असर पड़ रहा है लेकिन वे वैश्विक आपूर्ति नेटवर्क के जरिए बाधाओं को कम से कम करने की कोशिश कर रहे हैं। माइक्रॉन का कहना है कि कुछ आपूर्तियों में देरी हो सकती है।

इनके कारखानों में स्मार्टफोन, पर्सनल कंप्यूटर और सेवाओं में इस्तेमाल होने वाले डीआरएएम और एनएएनडी मेमोरी चिप बनते हैं। बृहस्पतिवार को हेनान प्रांत के यूझोउ शहर में लॉकडाउन लगा दिया गया। पड़ोस के शांग्सी प्रांत के योंगजी में आवाजाही रोक दी गई है और संक्रमण के मामले सामले आने के बाद व्यापक पैमाने पर जांच के आदेश दिए गए हैं।

## जर्मनी में नई कोविड पाबंदियां लगाने पर विचार

**बर्लिन।** जर्मनी में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर शुक्रवार को नई पाबंदियां लगाने और पृथक-वास नियमों में बदलाव पर विचार किया जाएगा। चांसलर ओलाफ शोल्ज और देश के 16 राज्यों के गवर्नर क्रिसमस के तत्काल बाद लगाई गई पाबंदियों को और बढ़ा सकते हैं। उसके तहत निजी कार्यक्रमों में केवल 10 लोगों को भाग लेने की अनुमति देने समेत अन्य पाबंदियां लगाई गई थीं।

इसके अलावा जिन कदमों पर विचार किया जा रहा है उनमें रेस्तरां अथवा बार में दाखिल होने से पहले लोगों के लिए पूर्ण टीकाकरण या संक्रमण से उबरने का सबूत उपलब्ध कराने के नियम को और कड़ा करना शामिल है। ऐसे लोगों को अब बूस्टर खुराक लेने का सबूत दिखाना होगा या फिर नई नेगेटिव जांच रिपोर्ट पेश करनी होगी। शोल्ज और गवर्नर पृथकवास अवधि को छोटा करने पर विचार कर सकते हैं, जो फिलहाल 14 दिन है। कुछ देश पहले ही ऐसा कर चुके हैं। जर्मनी में ओमीक्रोन के मामलों में वृद्धि देखी गई है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के अनुसार, बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 56,335 नए मामले सामने आए हैं।

## ब्रिटेन में कर्मचारियों की कमी का सामना कर रहे अस्पतालों में सैनिकों को तैनात किया गया

**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन के कई अस्पतालों में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए वहां मदद के लिए सैनिकों को तैनात किया गया है। दरअसल कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के मद्देनजर ब्रिटेन में कोविड-19 के मामलों में हो रही वृद्धि के कारण लंदन के कई अस्पतालों के स्वास्थ्यकर्मी संक्रमित हो गए हैं। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि लंदन के कई अस्पतालों में सेना के 40 चिकित्सकों और 160 स्वास्थ्यकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि अब और प्रतिबंध लगाने की आवश्यता नहीं पड़ेगी तथा देश महामारी की इस लहर से निपट लेगा। हालांकि, जॉनसन ने कहा कि ओमीक्रोन के कारण आने वाले दिन बेहद चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। गौरतलब है कि ब्रिटेन में बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के करीब 1,80,000 नए मामले सामने आए थे।

## श्रीलंका ने बच्चों के टीकरकरण की शुरुआत की

**कोलंबो।** श्रीलंका के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को 12 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों का टीकाकरण शुरू कर दिया। देश के शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञों ने ओमीक्रोन स्वरूप के कारण मामले बढ़ने की आशंका जताई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि नए टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बच्चों को फाइजर के कोविड-19 रोधी टीके की एक खुराक दी जाएगी। इससे पहले 15 साल से अधिक उम्र के बच्चों का टीकाकरण किया जा सकता था। स्कूल सोमवार से फिर से खुलने वाले हैं, ऐसे में टीकाकरण का यह ताजा प्रयास शुरू किया गया है। पहले बच्चों को दो समूहों में स्कूलों में जाने की अनुमति थी। यह अभियान ऐसे वक्त में चलाया जा रहा है जब अधिकारी सार्वजनिक स्थानों पर प्रवेश करने के लिए टीकाकरण प्रमाणपत्र अनिवार्य करने संबंधी कदम उठा रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, श्रीलंका में ओमीक्रोन से संक्रमण के अब तक 47 मामले आए हैं। एसोसिएशन ऑफ मेडिकल स्पेशलिस्ट्स, जिसमें देश के शीर्ष डॉक्टर शामिल हैं, ने पिछले साल अप्रैल में कोविड-19 के मामलों में हुई वृद्धि का हवाला देते हुए संक्रमण की नई लहर को लेकर आगाह किया और कहा, इतिहास खुद को दोहरा रहा है। उस वक्त महामारी के कारण लगभग 15,000 लोगों की मौत हुई थी। एसोसिएशन ने एक बयान में कहा कि नए साल की पूर्व संध्या पर जश्न के लिए दुकानों और बार खचाखच भरे थे। इसलिए, आशंका है कि आने वाले हफ्तों में ओमीक्रोन स्वरूप संक्रमण की एक बड़ी लहर का कारण बनेगा।

## जिापान ने नई पाबंदियों को मंजूरी दी

**टोक्यो।** जापान ने कोरोना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित दक्षिणपश्चिमी ओकीनावा, यामागुची और हिरोशिमा क्षेत्रों में संक्रमण के प्रसार पर काबू पाने के लिए शुक्रवार को नई पाबंदियों को मंजूरी दी। कोविड-19 से निपटने के मामलों के मंत्री दाइशिरो यामागिवा ने एक सरकारी समिति की बैठक में कहा, संक्रमण के मामलों में अचानक वृद्धि को देखते हुए चिकित्सा तंत्र पर निकट भविष्य में भारी दबाव पड़ने का खतरा है।

# फ्रांस ने यूरोपीय संघ की अध्यक्षता संभाली

एपी। पेरिस

**फ्रांस** ने शुक्रवार को 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ की औपचारिक रूप से जिम्मेदारी संभाल ली और देश अगले छह महीने तक इसका अध्यक्ष रहेगा। इस मौके पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रमुख यूरोपीय हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मैक्रों ने प्रमुख यूरोपीय हस्तियों सिमोन वील और ज्यां मोने को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन भी थीं। मैक्रों और उर्सुला वॉन डेर लेयन जब गुंबद वाली इमारत में भीतर गए तो उन्होंने मास्क पहन रखे थे। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है।



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस सप्ताह के शुरू में कोविड-रोधी टीका नहीं लेने वाले लोगों पर दबाव बनाने की अपनी रणनीति का जिक्र करते हुए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। उनकी टिप्पणी को लेकर संसद में हंगामा होने के साथ ही उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों ने भी विरोध जताया था। महाद्वीपीय मंच पर विभिन्न विषयों को लेकर चीजों को आगे बढ़ाने के लिए मैक्रों को यूरोपीय संघ के अपने समकक्षों के साथ अधिक सहमति वाला रुख अपनाने की आवश्यकता होगी। फ्रांस अगले छह महीने के लिए यूरोपीय संघ का अध्यक्ष होगा और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ के लिए अधिक स्वायत्तता का मुद्दा भी अहम मुद्दों में से एक है।

फ्रांस जिन मुख्य विषयों को आगे बढ़ाना चाहता है उनमें यूरोपीय संघ का न्यूनतम वेतन पेश करना, आयातित उत्पादों पर कार्बन कर और यूरोपीय संघ के वित्तीय नियमों में सुधार शामिल हैं।

# अंतरिक्ष की यात्रा के बाद अब चंद्रमा का चक्कर लगाना चाहते हैं जापान के कारोबारी मीजावा

एपी। टोक्यो

**जापान** के अरबपति कारोबारी युसाकु मीजावा अंतरिक्ष में 12 दिन बिताने के बाद अब चंद्रमा की सैर पर जाना चाहते हैं। इसके लिए, उन्होंने टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क की महत्वाकांक्षी परियोजना स्टारशिप के साथ करार भी किया है।

युसाकु मीजावा कई वर्षों से अंतरिक्ष की यात्रा से जुड़े व्यवसाय में कदम रखना चाहते थे और आखिरकार उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र से एक ट्वीट कर इसकी पुष्टि कर दी है।

अरबपति कारोबारी ने स्पेस नाउ (अब अंतरिक्ष) ट्वीट कर खुद के अंतरिक्ष से जुड़े कारोबार में कदम रखने की घोषणा की। युसाकु मीजावा ने अंतरिक्ष से लौटने के बाद शुक्रवार को राजधानी टोक्यो में पहली बार विदेशी संवाददाताओं के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरिक्ष से जुड़े कारोबार में बहुत अधिक संभावनाएं हैं। युसाकु मीजावा क्रिसमस से पूर्व धरती पर लौट गए थे।

युसाकु मीजावा स्टार्ट टुडे नामक एक कंपनी के मालिक हैं और वह अमेरिका के अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) की विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने की योजना बना रहे हैं। जापानी कारोबारी की अपने देश की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा और अन्य संस्थानों की परियोजना में भी निवेश करने की योजना है।

युसाकु मीजावा (46) रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज में बैठकर आठ दिसंबर को अंतरिक्ष के लिए रवाना हुए थे।

वह 2009 के बाद पर्यटक के रूप में अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले व्यक्ति हैं, जिन्होंने अपनी यात्रा का पूरा खर्च स्वयं उठाया।

# अमेरिका और जापान ने दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों की सराहना की

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** और जापान अपने रक्षा सहयोग को प्रगाढ़ करने के लिए जल्द ही जापान में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी की लागत साझा करने के एक नए पंचवर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यह जानकारी दी। अमेरिका और जापान के विदेश तथा रक्षा मंत्रियों के बीच बृहस्पतिवार को सम्मेलन की शुरुआत में ब्लिंकन ने कहा कि जापान और अमेरिका हाइपरसोनिक हथियारों के खतरों का मुकाबला करने के तरीके समेत नए उभर रहे रक्षा संबंधित प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान और विकास में अधिक करीबी सहयोग के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर करेंगे। जापान में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति की लागत साझा करने के लिए एक नए फॉर्मूले पर आधारित यह समझौता पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में हुए विवाद को समाप्त करता है जो अमेरिका-जापान संबंधों में एक महत्वपूर्ण अड़चन था।

ब्लिंकन ने कहा कि नया समझौता दोनों देशों की सेनाओं की तैयारी में अधिक निवेश सुनिश्चित करेगा और एक साथ काम करने की उनकी क्षमता में सुधार करेगा।

कोविड-19 से उबर रहे रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने अपने घर से ही डिजिटल माध्यम से सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका-जापान गठबंधन बेहद महत्वपूर्ण है। ऑस्टिन ने कहा कि मुक्त, स्थिर और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर बढ़ते तनाव और उत्तर कोरिया की परमाणु महत्वाकांक्षाओं तथा चीन के आक्रामक व्यवहार से उत्पन्न चुनौतियों की पृष्ठभूमि में यह बैठक हो रही है।

कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण बृहस्पतिवार को होने वाली बैठक को लेकर कुछ जटिलताएं हो सकती हैं क्योंकि जापान ने संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर अपने यहां मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों को बंद करने का अनुरोध किया है। जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी ने बैठक शुरू होने से पहले ब्लिंकन से यह अनुरोध किया था। जापान के विदेश मंत्री हयाशी और रक्षा मंत्री नुबुओ किशी अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ इस डिजिटल बैठक में हिस्सा लेने वाले हैं। हालांकि, जापान में अमेरिकी सेना ने इस अनुरोध पर कोई टिप्पणी नहीं की और कहा कि वे सावधानीपूर्वक स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

जापान में ओकिनावा और इवाकुनी समेत जिन जगहों पर अमेरिकी सेना की मौजूदगी है, वहां संक्रमण के मामलों में इजाफा होने से अमेरिकी सेना की आलोचना हुई है। समझौते पर औपचारिक रूप से टोक्यो में शुक्रवार को हस्ताक्षर होने वाला है।

पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान समेत विदेशों में अमेरिकी सुरक्षा बलों की मौजूदगी पर लागत को लेकर सवाल उठाया था और मांग की थी कि मेजबान देश अमेरिकी सेना के रखरखाव के लिए अधिक भुगतान करें। इससे एशिया और यूरोप के देशों से अमेरिका के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए थे।

# कोलोराडो आग से 51 करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान

बोल्डर (**अमेरिका**)। अमेरिका के कोलोराडो राज्य के प्राधिकारियों ने बताया कि पिछले हफ्ते जंगल में लगी आग के कारण 51.3 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ और 1,084 मकान तथा प्रतिष्ठान क्षतिग्रस्त हो गए।

वन्य क्षेत्र में 30 दिसंबर को लगी आग से हुए नुकसान का यह पहला आकलन है। राज्य के इतिहास में यह अब तक की सबसे विध्वंसकारी वनाग्नि है। प्राधिकारियों ने पहले अनुमान जताया था कि कम से कम 991 मकान और अन्य इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई। दो लोग लापता हैं, हालांकि अधिकारियों को एक स्थान पर शव मिले हैं। जांचकर्ता यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आग किस वजह से लगी जिसके कारण हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा। विशेषज्ञों का कहना है कि आग लगने की ऐसी घटनाएं और हो सकती हैं।

## एक समकालीन

# भोज यात्रा

### सैमी सत्तार ने फर्जी कैफे में नए मेनू का नमूना लिया और एक ट्विस्ट के साथ पुरानी पसंदों की खोज की



आधुनिक भारतीय व्यंजन , एक खाद्य शैली के रूप में काफी समय से अपनी पहचान का आनंद लेते आए हैं। बढ़िया भोजन से, अब यह



एक बिस्ट्रो प्रारूप में परिवर्तित हो गये हैं। और जोरावर कालरा का फर्जी कैफे देश के उन अग्रणियों में से है जिसने भोजन का एक अधिक समकालीन संस्करण लाने और इसे एक ऐसी पीढ़ी के लिए पसंदीदा विकल्प बनाने का प्रयास किया, जो घर पर समान रूप से मक्की की रोटी सरसों दा साग के रूप में पिज्जा में नया तलाश रही थी। तो यहां उद्देश्य भारतीय प्रभावों, समकालीन प्रस्तुतियों, पाक शैली व परिवेश के साथ पारंपरिक वैश्विक व्यंजनों का एक सम्मिलन बनाना है।

बिस्ट्रो ने हाल ही में एक नया मेनू पेश किया है जो आपको देश के विभिन्न हिस्सों से पारंपरिक व्यंजनों की समकालीन संस्करण में पाक यात्रा पर ले जाता है। इसलिए, आप फोम की चटनी और शीर्ष पर वेफर के साथ मीठे आलू चाट के स्वाद में गोता लगा सकते हैं या मटन गलौटी कबाब को ब्लैंच्ड शीरमाल में लपेट सकते हैं (हाँ, आपने सही पढ़ा)।

इसलिए, हम यह पता लगाने के लिए रेस्तरां के कनॉट प्लेस आउटलेट की ओर बढ़े कि आखिर असलियत क्या है। वो स्थान, जो मुख्यतया लकड़ी में गर्म रोशनियों के साथ बनाया गया, एक आमंत्रणकारी खूबी लिए था। हम रणनीतिक रूप से एक ऐसी जगह पर जाकर बैठ गए, जहां





बहुत अधिक लोगों के आने की संभावना नहीं थी और एक ऐसे ढांचे पर सराहना की दृष्टि से देखा, जोकि स्पष्ट रूप से लाइव प्रदर्शन के लिए लोडेड था क्योंकि यह संगीत वाद्ययंत्रों के साथ था। लेकिन वह माहौल था।

भोजन की बात करें तो एम्यूज-बूचे पर्याप्त नाटकीयता के साथ हमारा ध्यान आकर्षित करने के लिए आया। एक बेसिन से एक घना नाइट्रोजन की भाप निकलता था और जब यह थोड़ा साफ हुआ, तो इसमें दो छोटे कटोरों का पता चला जिनमें कि मिष्टी दोई स्फीयर विद स्ट्रॉबेरी रिडक शन था। उसे एक घूंट में खा लिया गया, स्वाद इतना आकर्षणकारी था कि मुझे लगभग दूसरे दौर के लिए पूछना पड़ा, लेकिन हमने इससे पहले कि शेफ जगदीप राणा को अपनी लालायिकता से प्रभावित होने देते, उसके बजाय भोजन का प्रभार लेने का फैसला किया।

शेफ ने सुझाव दिया कि हम कुछ स्टार्टर्स आजमाएं और चूंकि ये मेरे भोजन का दूसरा पसंदीदा हिस्सा बन गए हैं, इसलिए मिठाई के बाद, मैं तैयार था। जब हम भोजन का इंतजार कर रहे थे, हमने अपने मॉकटेल - फर्जी ओके और लीची पन्ना डिजायर- का घूंट लिया। पहला सिग्नेचर ड्रिंक होने के बावजूद, बाद वाला था जो हम दोनों को पसंद आया।

लेकिन जल्द ही, अलग-अलग आकार और प्रकार की प्लेटों ने भोजन के लिए अपना रास्ता बना लिया। शकरकंद चाट, चटनी फोम और क्रिस्प वेफर ने स्ट्रीट साइड डिलाइट को दोहराया जहां चटनी फोम और वेफर ने एक समकालीन टिवस्ट जोड़ा। जैतूनी पनीर टिक्का, कीपर का रायता रसीला था, लेकिन जो चीज वास्तव में उसे सबसे अलग बनाती थी वो यह थी कि कोई भी स्वाद दूसरे पर भारी पड़ने वाला नहीं था।

इस मिश्रण ने सुनिश्चित किया कि पनीर का स्वाद मसालों के स्वाद से प्रभावित न हो। रॉक झींगा, ठेचा, काली मिर्च और मूंगफली में बिल्कुल आधुनिक दिखने वाले प्रस्तुतिकरण में हरी मिर्च और लहसुन के साथ दरदरा पिसा हुआ महाराष्ट्रीयन मसाला इस्तेमाल किया गया। चबाते हुए, ठेचा का जाना पहचाना स्वाद आने लगा और हमने महसूस किया कि इसे झींगे के साथ भाकरी (बाजरा की रोटी) के रूप में भी खाया जा सकता है।

हम और अधिक मन का कुछ करने के लिए आगे बढ़े और एक मटन गलौटी, शीरमल कैनेलोनी हमारा इंतजार कर रही थी। हालांकि गलौटी मुलायम थी, वैसे ही जैसी होनी चाहिए, अवध-इलाके के किसी व्यक्ति के लिए, जो लखनऊ, कानपुर में परोसे जाने वाले शीरमल वेरिएंट की सूक्ष्म बारीकियों पर एक थीसिस लिख सकता है और जो दिल्ली में रह रहा है, कैनेलोनी ने वैसा कट हासिल नहीं किया - शीरमल की तुलना में कैनेलोनी ज्यादा। यह बहुत पसंद की जाने वाली ब्रेड का वाटर-डाउन संस्करण था। चिकन कैंडी, गोंधराज सॉस के साथ एक डिप, जो बटर चिकन ग्रेवी की याद दिलाता था, वास्तव में भर रहा था और हम शायद ही एक को भी खत्म कर पाए। बंगाली खाना पकाने में बहुत लोकप्रिय नींबू की झलक ने पकवान में ताजगी का एक झोंका ला दिया।

मुख्य व्यंजन की ओर बढ़ते हुए, हमारे पास एक्जोटिक मशरूम गस्सी, अजवाइन लच्छा पराठा था जो शानदार था। स्वाद का संतुलन और पूर्णता के लिए पकाए गए मशरूम ने सुनिश्चित किया कि हम कटोरे को साफ कर गए। प्रॉन एलेप्पी करी, स्टीम राइस भी उतने ही स्वादिष्ट थे। थोड़ा तीखा स्वाद, जो नारियल के थोड़े मीठे स्वाद से भर गया था, जो झींगे को पूर्णतया पूरक करता था।

युजू मलाई, पिस्ताचियो क्रम्ब भोजन का एक उपयुक्त समापन था। मलाईदार बनावट ने स्वाद कलियों को गुदगुदाया जबकि खट्टे स्वाद ने इसे एक ताजा विस्फोट दिया। हम अपना पेट भरा और स्वाद तृप्त करके लौटे।

---



## मुझे लगता है कि मैं अब अभिनय को समय दे सकती हूं : सोहा अली खान

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सोहा अली खान ने अभिनय के प्रति अपने जुनून के कारण फिर से अभिनय का रुख किया है। अभिनेत्री का कहना है कि अब उनके पास अपने काम में ऊर्जा लगाने का समय है और उनकी पहली वेब सीरीज कौन बनेगी शिखरवती उसी दिशा में एक कदम है।

सोहा ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि अभिनय में फिर से दिलचस्पी तब जगी जब उन्हें महसूस हुआ कि वह एक मां और एक अभिनेत्री के रूप में अपने जीवन में संतुलन बना सकती हैं। उन्होंने कहा, मुझे अभिनय के प्रति एक बार फिर रुचि जगी है... एक जिम्मेदार माता-पिता बनना संभव है और यह भी संभव है कि आपका अपना करियर हो और दोनों ही करना बहुत महत्वपूर्ण है। बतौर करियर मेरी पसंद अभिनय रहा है। मैं वास्तव में इसका आनंद लेती हूं।

गुजरे समय की मशहूर अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और दिवंगत क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी की बेटी सोहा ने अपनी मां और भाई सैफ अली खान के नक्शेकदम पर चलते हुए सिनेमा में करियर बनाया। 43 वर्षीय अभिनेत्री को रंग दे बसंती , आहिस्ता आहिस्ता , मुंबई मेरी जान और साहब, बीवी और गैंगस्टर रिटर्न्स जैसी फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है।


बेटी इनाया के जन्म के बाद उन्होंने उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लिया था। उनकी आखिरी फिल्म 2018 की फिल्म साहब, बीवी और गैंगस्टर 3 थी। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के बाद मैं बहुत खुश थी क्योंकि मुझे उन लोगों के लिए कोई बहाना नहीं बनाना था जिन्होंने कहा था कि आप बाहर क्यों नहीं हैं ? आप काम क्यों नहीं कर रही हैं ? आप दूसरी किताब क्यों नहीं लिख रही हैं ? मैं उन्हें यही कहती कि अभी लॉकडाउन है, बेटी की ऑनलाइन क्लास है।

चीजें फिर से थोड़ी खुलने लगीं। फिर यह शो (कौन बनेगी शिखरवती) हुआ और वह भी महामारी के चरम पर। उन्होंने राजस्थान में संक्रमण मुक्त माहौल बनाया जिससे हम वहां शूटिंग करने में कामयाब रहे। सोहा ने कहा कि वह अच्छी तरह जानती हैं कि अभिनय एक समय लेने वाला पेशा है, जिससे एक व्यक्ति को दिन में 12-14 घंटे घर से दूर रहना पड़ता है, लेकिन वह अब उस समय का उपयोग करने के लिए तैयार हैं।

सोहा ने अपनी पहली किताब द पेरिल्स ऑफ बिइंग मॉडरेटली फेमस 2017 में लिखी थी। कौन बनेगी शिखरवती जी5 पर शुक्रवार से दिखाई जाएगी। इस सीरीज में नसीरूद्दीन शाह एक राजा के किरदार में नजर आएंगे। सीरीज में सोहा के अलावा लारा दत्ता, कृतिका कामरा और अनाया सिंह भी हैं।

---

## अभिनेत्री स्वरा भास्कर कोरोना वायरस से संक्रमित



**मुंबई।** अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने शुक्रवार को बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई हैं और घर पर ही पृथक-वास में हैं।

भास्कर (33) ने ट्वीट किया कि वह और उनके परिवार के सदस्यों में पांच जनवरी से ही लक्षण थे और वे पृथक रह रहे थे। भास्कर ने कहा, हेली कोविड। अभी आरटी-पीसीआर जांच की रिपोर्ट मिली और मैं संक्रमित हूं। पृथक-वास में हूं। बुखार, सिरदर्द और स्वाद न आने जैसे लक्षण है। मैंने टीके की दोनों खुराक ली है, उम्मीद करती हूं जल्दी इससे उबर जाऊं..सभी सुरक्षित रहें। अभिनेत्री ने एक बयान में उनके सम्पर्क में आए सभी लोगों से जांच कराने का आग्रह किया। भास्कर ने कहा, मैं पूरी एहतियात बरत रही हूं। मैंने पिछले एक सप्ताह के दौरान मेरे सम्पर्क में आए लोगों को बता दिया है, लेकिन अगर कोई और भी मेरे सम्पर्क में आया हो तो कृपया जांच कराएं। दो मास्क पहनें और सुरक्षित रहें। बृहन्मुंबई नगर निगम ने कहा कि मुंबई में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 20,181 नए मामले सामने आ आए , जबकि चार मरीजों की मौत हो गई।

---

## ओमीक्रोन : 2022 में नई फिल्मों की रिलीज टली, करोड़ों का नुकसान

**मुंबई।** कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के खतरे और संक्रमण के मामलों में हो रही तेज वृद्धि के कारण पहले से ही चुनौतियों का सामना कर रहे फिल्म उद्योग जगत पर इसकी दोहरी मार पड़ी है।

कोविड-19 महामारी के कारण देश के कई हिस्सों में सिनेमाघर या तो बंद हो चुके हैं अथवा उन्हें 50 प्रतिशत क्षमता के साथ चलाने की अनुमति दी गई है। इसके कारण 2022 में रिलीज होने वाली कई फिल्मों की रिलीज को टाल दिया गया है, जिसकी वजह से फिल्म उद्योग जगत को करोड़ों रुपए का नुकसान होने की आशंका है।

निर्देशक एस एस राजामौली की 'आरआरआर, अक्षय कुमार की पृथ्वीराज, शाहिद कपूर अभिनीत जर्सी, प्रभास की 'राधे श्याम और अजित कुमार की तमिल एक्शन ड्रामा वलीमाई वे फिल्में हैं जो इस महीने ही रिलीज़ होने वाली थीं और ऐसा माना जा रहा था कि इन बड़ी



फिल्मों की रिलीज से पिछले दो साल से चुनौतियों का सामना कर रहे सिनेमा उद्योग जगत को काफी राहत मिलेगी।

लेकिन कोरोना के बेहद संक्रामक माने जाने वाले ओमीक्रोन स्वरूप के कारण कोविड-19 के मामलों में हो रही वृद्धि ने फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों की सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

जर्सी फिल्म के निर्माता अमन गिल का कहना है कि किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि हालात इतनी जल्दी खराब हो जाएंगे। उनकी फिल्म 31 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, जिसकी रिलीज को अब अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। अमन गिल ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह वैसा ही है जैसा हम सभी पिछले साल दिवाली से पहले कर रहे थे। कोई नहीं जानता कि चीजें कब बेहतर होंगी और आने वाले दिनों और महीनों में चीजें कैसे सामने आएंगी। फिल्म कारोबार जगत के विश्लेषक तरन आदर्श ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि कई राज्यों में पाबंदियां लगाई जा रही हैं और संक्रमण के मामलों में हो रही वृद्धि के मद्देनजर यह कहा जा सकता है कि फरवरी में भी किसी फिल्म के रिलीज होने की कोई उम्मीद नहीं है। तरन आदर्श ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह केवल इंतजार करने की स्थिति है। अब तक, जनवरी महीने में रिलीज होने वाली फिल्मों की तारीख में फेरबदल किया गया है, फरवरी और मार्च के बारे में अभी कुछ भी पता नहीं है।

---

### द क्लेरिजेस में आयोजित हंगेरियन फेस्टिवल में शानदार वाइन यात्रा पर ले चलती हैं खूश्बू कीर्ति



## मैंने देखा, मैं चकराई, मैंने चखा

मेरे पसंदीदा दार्शनिकों में से एक, अल्बर्ट कैमस ने एक बार कहा था, ''सर्दियों की गहराई में मैंने आखिरकार जाना कि मेरे अंदर एक अजेय गर्मी थी।''

जो, संक्षेप में, इस सर्दी में द क्लेरिज में हंगेरियन वाइन फेस्टिवल की मेरी यात्रा को संक्षेप में प्रस्तुत कर सकता है। ठंडी हवा के दौरान, जब सभी ने ऊनी कोट और जूते पहने, शराब के गिलास के साथ अपने अंदर की गर्मी को गर्म किया, तो वह एक ऐसी शाम थी जिसे याद किया जाना चाहिए। उस दिन मैंने अपने भीतर एक गर्मी पाई।

जैसे ही मैंने परिसर में प्रवेश किया, शराब की सुगंध ने होश उड़ा दिया। यह ताजा और आकर्षक थी।

लोगों ने अक्सर वाइन-चखने में चार शब्दों के बारे में बात की है - चकराना, सूंघना, घूंट लेना और थूकना, और, मुझे क्षमा करें, मैं कभी भी इसका पालन नहीं कर पायी, विशेष रूप से अंतिम भाग का!

टोकाज, सोमलो विलन और स्जेकजार्ड हंगरी से क्लेरिजेस गार्डन में शराब के बढ़िया कलेक शन को बुफे शैली के परिदृश्य के गोलाकार स्थान में व्यवस्थित किया गया था।

वाइन यात्रा

व्हाइट वाइन का अजीबोगरीब स्वाद पनीर और चारक्यूरी को पूरक बना, जिसमें कुछ मसालों के साथ मिलानो सलामी, पर्मा हेम, चिकन मोर्टडेला, इत्यादि शामिल थे। पनीर का चयन असाधारण था - एडम से, इममेंटल से लेकर ग्रेयरे और स्मोक्ड स्कारमोजा।

मैंने चिकन मोर्टडेला स्लाइस को, फोकैसिया ब्रेड के साथ आजमाया, जिसका स्वाद सलामी के समान था - हल्केपन और स्वाद के बीच का सही संतुलन। यह सुखद था। रिस्लीन्ग, ठंडे मांस और पनीर के साथ, एक स्वर्गीय संयोजन के लिए बनाया गया। हैम, हालांकि, एक ही समय में नम और मीठा और साथ ही नमकीन था, जो मेरी पसंद के मुताबिक नहीं था।

ऐपेटाइजर से खुश होकर, जैसे ही मैं आगे बढ़ी दूसरे मेनू की ओर, मैंने देखा कि एक उत्साही श्वेत व्यक्ति एक नक्शे की ओर इशारा कर रहा था और समझा रहा था कि हंगरी के किस हिस्से से कौन सी शराब आई है। मैं वहीं खड़ी रही, और कुछ देर बातचीत में मग्न रही। उन्होंने कहा, ''आप जो मीठी शराब पी रहे हैं,'' उन्होंने बार्टा के गिलास लिए हुए एक आदमी की ओर इशारा करते हुए कहा, ''हंगरी के सात बड़े शराब क्षेत्रों में से एक, हेग्यालजा से है।''

रेड वाइन हल्के रंग की थी, जो ग्रिल, समुद्री भोजन और मांस के साथ अच्छा मेल खाती थी।





मैंने टंडरटेन को चुना, मर्लोट और केकफ्रैंकोस के साथ मिलाकर। यह स्वाद में फलदार था। इसके साथ, मैंने हर्ब रबड लैम्ब चॉप्स भी लिए, जो तीखे थे लेकिन स्वाद से भरपूर थे । जीभ पर इसका परिपक्व स्वाद था। मैंने शराब में लाल करेंट्स, कुछ चेरी, और शायद, क्रैनबेरी को महसूस किया। कुल मिलाकर, यह आसान शराब थी।

शेफ विवेक राणा के साथ अनुभव संबंधित बात की , तो उन्होंने बताया, ''शराब चखना स्वाद को चखना है। आप अपनी आंखें बंद करें और अपनी इंद्रियों को सुनें। सुनिए कि वे आपको क्या बता रही हैं।''

''आज की यात्रा सुनियोजित है। सफेद शराब के साथ पनीर या चारक्यूरी को क्यों लिया जाता है, इसलिए कि सफेद शराब या रिस्लीन्ग में अम्लता द्वारा चारक्यूरी पर मौजूद वसा को काट दिया जाता है। इसी तरह, हल्की बॉडी वाली वाइन को ग्रिल फिश और ग्रिल लैंब के साथ संतुलित किया जाता है, जबकि पूरी बॉडी वाली वाइन मुख्य कोर्स के साथ अच्छी

तरह से मेल खाती है। और मिठाई के तौर पर है मीठी शराब। उन्होंने समझाया।

निश्चित रूप से, अंत में, थ्रिड मेनू की भारी भरकम शराब, रैप्सोडी समृद्ध थी और इसका अधिक जटिल स्वाद था, जिसने मुख्य कोर्स में भोजन के स्वाद को बढ़ाया। तीखा और थोड़ा खट्टा, पेय गले से नीचे उतर जाएगा और ठंडक प्रभाव पैदा करेगा। मैंने भुनी हुई मछली को बारबेक्यू सॉस के साथ चुना, जो एक बेहतरीन साथ के लिए बनाई गई थी। वाइन में मौजूद टैनिन की भरपाई रेड मीट की समृद्धि से की जाती है।

यात्रा के अंत में सबसे सुखद आश्चर्य था। डेजर्ट वाइन मीठी थी और गर्म चॉकलेट और वॉलनट ब्राउनी के साथ या ऐप्पल स्ट्रूडल के साथ आश्चर्यजनक ढंग से घुलमिल गई थी।

हंगरी के राजदूत एंड्रास लास्जलो किराली के साथ बातचीत में उन्होंने व्यक्त किया, ''हम चाहते हैं कि लोग एक महान शाम का उत्सव मनाएं क्योंकि वे इसके लायक हैं। तमाम दुखों व उपेक्षाओं के बाद, दिल्ली के लोगों के लिए आराम की शाम बिताने का समय आ गया है।''

किराली ने कहा, '' हंगेरियन दूतावासों का कर्तव्य है कि वे अपनी शराब को बढ़ावा दें। जब हम वाइन का प्रचार कर रहे होते हैं, तो हम हंगरी और पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहे होते हैं। क्योंकि, प्रामाणिक स्वाद का आनंद लेने का सबसे अच्छा तरीका हंगरी में ही तहखानों का दौरा करना है। क्लेरिज एक केंद्रीय और महान स्थान निर्मित करता है और हम यहां आकर खुश हैं।''